# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-03-2023

# तीन बदमाशों पर पुलिस ने दस-दस हजार का इनाम किया घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाप चलाये जा रहे अभियान के तहत कैंट थाने में दर्ज मुकदमे में फरार तीन बदमाशों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

**कैंट इलाके में लम्बे समय से चल रहे है तीनों बदमाश फरार**

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आजमढ़ जिले के बरहज थाने के नंदावा बरसई दरिया निवासी अपराधी घनश्याम पाठक पुत्र भैरो पाठक जो वर्तमान समय में कैंट थाने में मुकदमा संख्या 227/022 धारा 419, 420,467, 468 , 471, 407 के मामले में फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने दस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। इसी क्रम में अपराधी अर्पित कुमार सिंह पुत्र धीरज विक्रम सिंह निवासी आवास विकास कालोनी महादेव झारखण्डी थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर जो वर्तमान समय में मुकदमा संख्या 817/022 धारा 420, 467,468 भादवि थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर में फरार चल रहा है इसकी गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है।

तीसराअपराधी मनीष जायसवाल पुत्र निक्कू पुत्र बृजमोहन निवासी रामकोला रोड थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर जो वर्तमान समय में मुकदमा संख्या 881/022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर में फरार चल रहा है उसकी गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

# त्योहार में खलल डालने वालों की खैर नहीं

**रकहट (एसएनबी)।** होली व सबे बारात को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शुक्रवार को गगहा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दोनों समुदाय से सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सीओ बांसगांव प्रशाली गैंगवार ने लोगों से भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील किया। थाना प्रभारी गगहा संदीप कुमार सिंह ने कहा कि गांव में सामंजस्य बनाकर मिलजुल कर त्योहार मनाएं। नायब तहसीलदार बांसगांव अभिषेक मिश्रा ने कहा कि होलिका दहन स्थल तक जाने के रास्ते में होने वाले विवाद के बारे में जानकारी ली। इस दौरान गजपुर चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह, सोहगौरा चौकी प्रभारी मनीष त्रिपाठी, उप निरीक्षक आशीष कुमार दुबे, अनीत राय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार यादव, सुशील यादव, लवलेश कुमार, भास्कर त्रिपाठी, ब्रह्म नन्द यादव, विनोद सिंह, अनिल पासवान, संदीप वोदनवाल, हेरी प्रसाद, राकेन्द्र द्विवेदी, मन्ते यादव, योगेन्द्र यादव, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में उम्र कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सात वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने बेलघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर माफी निवासी अभियुक्त सुरेंद्र कुमार को आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 11 मई 2020 की शाम 5.30 बजे की है। वादिनी की सात वर्षीय नाबालिग बच्ची बकरी चरा रही थी।उसी समय अभियुक्त उसे पकड़ कर बगीचे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# चौकी पर हुई पीस कमेटी की बैठक

**उनवल (एसएनबी)।** खजनी थाना क्षेत्र के उनवल चौकी में होली और शबे बारात को शकुशल सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडे की अध्यक्षता में चौकी परिसर में सम्पन्न हुई। चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पांडे ने कहा कि त्योहारों को आप लोग शकुशल सम्पन्न करायें। अगर किसी जगह विवाद होने की संभावना हो तो आप लोग हमे तत्काल सूचित करें। इस पीस कमेटी मीटिंग के दौरान चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्मानित जनता सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

# सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार : एसपी दक्षिणी

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** आगामी होली व शब-ए-बारात के त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए एसपी दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार को सद्भाव के साथ मनावें। कोई अवांछनीय हरकत करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया ने कहा कि त्योहारों में खलल पैदा करने वालों से निपटने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से लगी हुई है। किसी भी व्यक्ति को कानून से खेलने की इजाजत नहीं है। मोटरसाइकिल लेकर स्टंट न करें। कोतवाल जेएन शुक्ल ने आभार व्यक्त किया। वीरू सोनकर, श्रवण जायसवाल, महेश उमर, श्रीकांत सोनी, बबलू राय, बालिस्टर यादव, डॉ. शमीम, अजय सर्राफ, मोहनजी, सुजीत कुमार, रक्कम यादव, प्रेमनाथ यादव, संजय यादव, हाफिज मुजिबररहमान, मेहताब आलम, सहाबुद्दीन, मु. नसीम, खुर्शीद आदि मौजूद रहे।



# विशेष सतर्कता व भाईचारे के साथ मनायें त्योहार : कोतवाल

**गोला/ककरही (एसएनबी)।** शुक्रवार को कोतवाली परिसर में कोतवाल गोला अश्वनी तिवारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। होली व शब-ए-बरात पर्व को लेकर बैठक में उपस्थित लोगों से भाईचारा बनाए रखने और शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान पुलिस कर्मी सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**झंगहा (एसएनबी)।** झंगहा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी चौरी चौरा शिवम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी चौरी चौरा ने कहा कि होलिका दहन व होली व शबेबारात का त्योहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन आप की सेवा में हमेशा तैयार है। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा मानुष पारीक ने कहा कि किसी प्रकार का झगड़ा बवाल हुआ तो विवाद करने वालों के साथ साथ डीजे सीज करके संचालक के विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाई की जाएगी। इस अवसर पर झंगहा थाना अध्यक्ष गौरव कुमार कनौजिया ने कहा कि किसी के ऊपर कीचड़ आदि न फेंकें व विवाद से बचें। इस अवसर पर जिपंस सुनील कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान अमहिया अरविंद कुमार सिंह ,ग्राम प्रधान झंगहा रामविलास यादव, अरविंद पासवान, हनुमान सिंह, नूर अहमद, उग्रसेन यादव, चंद्रशेखर सिंह, पवन सिंह, दिलीप कुमार, सुनील विश्वकर्मा, अजीत यादव, विकास गौड़, आलोक गुप्ता, प्रदीप चौहान, मुनिवर मिश्रा, लालजी विश्वकर्मा, संजय कनौजिया, रमेश विश्वकर्मा, अमरनाथ सहित क्षेत्र से आये तमाम गणमान्य व्यक्ति व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# होली व शब-ए-बारात को लेकर बैठक

**धुरियापार (एसएनबी)।** उरुवा थाना क्षेत्र के ग्राम रौजा दरगाह में स्थित समय माता मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी गोला जगतराम कनौजिया की अध्यक्षता में होली व शबे-बरात को सकुशल संपन्न कराने को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ने कहा होली व शबे-बरात भाई-चारा और खुशियों का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर एसएसआई कवींद्रनाथ सिंह, एसआई सुनील शर्मा, विनय कुमार पांडे, ग्रामीण मो रशीक खान, मनोज कुमार त्रिपाठी, हसीब खान, सुधीर कुमार मोनू, गुड्डू खां सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मालिक पुलिस हिरासत में, पिटबुल को कब्जे में लेने को लिखा पत्र

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिटबुल डाग के मालिक को कैंट थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। चौकी प्रभारी ने बच्चे पर हमला करने वाले पिटबुल डाग को कब्जे में लेने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है।आरोप है कि मालिक ने दरवाजे पर खेल रहे बच्चे पर पिटबुल छोड़ा था।मुकदमा दर्ज होने पर स्वजन को धमकी दे रहा था।

आजमगढ़ जिले गंभीरपुर थानाक्षेत्र स्थित खरेला गांव निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्टनगर में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं।बुधवार की शाम को उनका आठ वर्षीय बेटा उत्कर्ष दरवाजे पर खेल रहा था।आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने बच्चे पर अपना पिटबुल डाग छोड़ दिया जिसके हमले में वह घायल हो गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध पालतु पशु को लेकर लापरवाही बरतने और मानव जीवन को खतरे में डालने का मुकदमा कैंट थाने में दर्ज है।पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लिया है।पिटबुल को कब्जे में लेने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा गया है।



दरवाजे पर खेल रहे बच्चे पर पिटबुल डाग छोड़ने का है आरोप

बच्चे के पिता ने कैंट थाने में पड़ोसी पर दर्ज कराया है केस

## घर से बाहर नहीं निकल सकेगा पिटबुल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** ट्रांसपोर्ट नगर में पिटबुल प्रजाति के कुत्ते द्वारा पड़ोसी पर किये गए हमले को लेकर नगर निगम ने सख्ती करना शुरू कर दिया है। निगम कुत्ते के मालिक पर भारी भरकम जुर्माना लगाने की तैयारी में है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कुत्ते के मालिक को निर्देश दिया है कि कुत्ता किसी भी दशा में घर से बाहर नहीं दिखना चाहिए। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम क्षेत्र में जिन्होंने पिटबुल तरह के अन्य कुत्तों को पाल रखे हैं, उनका पंजीकरण नगर निगम में करा लें। इसके साथ ही घर से बाहर नहीं निकालें।

**भारी जुर्माना लगाने की तैयारी में नगर निगम**



# युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**हरपुर बुदहट और खजनी थाना क्षेत्र के बीच में खुद के ऑटो में मिला शव**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (3 March):** हरपुर बुदहट और खजनी थाना क्षेत्र के बीच में स्थित सुरैनी गांव के सिवान में शुक्रवार की भोर में ऑटो ड्राइवर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई. चालक का शव उसके ही ऑटो में मिलने से सनसनी फैल गई. सूचना पर पहुंची हरपुर बुदहट और खजनी पुलिस ने जांच शुरू कर दी. घटनास्थल खजनी का होने की वजह से खजनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. आटो चालक की पहचान खजनी थाना क्षेत्र ग्राम सभा बेलभदरा निवासी 35 वर्षीय राम सिंह पुत्र बुद्धिराम के रूप में हुई. वह ऑटो चलाकर जीविकोपार्जन करता था. गुरुवार रात अपने घर नहीं पहुंचा तो परिवार को चिंता हुई. फोन करने पर उसने बगल के सुरैनी गांव में पार्टी में होने की बात कह कर फोन काट दिया. परिवारीजन को लगा कि वह रात में वहीं पर रुक जाएगा. लेकिन सुबह होते राम सिंह की पत्नी के पास फोन आया कि राम सिंह का शव गांव के बाहर ऑटो में पड़ा है.



## फारेंसिक टीम ने की जांच

सूचना मिलते ही परिवारीजन मौके पर पहुंचे. शव को देखकर कोहराम मच गया. मृतक के छोटे भाई की पत्नी ने बताया कि मेरे जेठ की हत्या कर शव फेंक दिया गया है. रात में फोन से बात हुई थी तब तक वह ठीक थे. राम सिंह की तीन बेटियां हैं. पुलिस की जांच में पता चला कि ऑटो चालक रामसिंह के पेट और नाभि में कई बार चाकू से गोदा गया है. अत्यधिक खून गिरने से चालक की मौत होने की आशंका जताई जा रही है. फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. पुलिस ने आस-पास के इलाके के फुटेज की भी जांच शुरू कर दी है. गांव में शांति व्यवस्था के लिए हरपुर और खजनी की पुलिस टीम तैनात है.

# दस वर्ष पुराने विवाद को लेकर पुलिस ने दो गांवों में की बैठक

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पोखर भिंडा निवासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवरंग पासवान ने पीस कमेटी की बैठक में सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक को बताया कि विगत दस वर्ष होलिका दहन को लेकर पड़ोस के गांव चौरी के कुछ लड़के मेरे गांव के सम्मत में आग लगा देते हैं, जिसको लेकर विवाद उत्पन्न हो जाता है। सीओ के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह गांव में ही दोनों गांवो के ग्राम प्रधानो तथा ग्रामीणों के साथ आवश्यक बैठक कर दस वर्ष पुराने विवाद को सुलझाने का प्रयास किया।थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने दोनों गांव के ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग जिम्मेदारी पूर्वक आपस में मिलजुल कर शान्ति पूर्ण ढंग से त्योहार को मनाए। ग्राम पंचायत पोखरभिंडा में होलिका दहन को लेकर दस वर्ष पुराने विवाद उत्पन्न हो जानें को लेकर पुलिस ने गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर विवाद को निस्तारण करने का प्रयास किया।

प्रधान प्रतिनिधि नवरंग पासवान ने पुलिस को बताया कि मेरे गांव सम्मत को पड़ोस के गांव चौरी बदुरहिया के कुछ मनबढ़ युवक जबरन आग लगा कर होलिका जला देते हैं। होलिका दहन को लेकर पूर्व में इसी बात को लेकर ईट पत्थर भी चले है तथा मारपीट भी हुआ है। बैठक में इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए दोनो गांवो के प्रधानों सहित ग्रामीणों के साथ दोनो गांव में आवश्यक बैठक कर दस वर्ष पुराने विवाद को सुलझाने का प्रयास किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप लोग अपने अपने गांव नवयुवकों को समझाए बुझाकर आगामी त्योहार पर किसी प्रकार विवाद या हुडदंग ना मचाएं। आप लोग आपस में मिलजुल कर शान्ति पूर्ण ढंग से त्योहार को मनाए। होलिका दहन के दौरान मौके पर पुलिस मौजूद रहेगी।

# होली के मद्देनजर डीएम-एसएसपी ने परखी सुरक्षा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** होली और शब्बा-ए-बारात त्योहार के मद्देनजर आज जिलाधिकारी कृष्णा करु णेश और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस फोर्स के साथ राजघाट और कोतवाली इलाके का जायजा लिया।

**राजघाट,कोतवाली ,इलाके में अफसरों ने लिया जायजा**




घण्टाघर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमण करते जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य। फोटो : एसएनबी

होलिका दहन व होली पर्व के अवसर जूलुस में सीएम सिरकत करते है। ऐसे में राजघाट और कोतवाली इलाका पहले से संवेदनशील माना जाता है। शुक्रवार को जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने थाना राजघाट व थाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मय फोर्स के साथ पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । भ्रमण के दौरान विभिन्न संभ्रान्त व्यक्तियों, दुकानदारों, व्यापारियों व आमजन से वार्ता किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । इस दौरान पुलिस अधिक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी कोतवाली व अन्य प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# ट्रैक्टर-ट्राली लूट व चौकीदार के अपहरण का केस

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के समुदा स्थित डीएनडी मार्का ईंट भट्ठे के चौकीदार का अपहरण करने के बाद हुई ट्रैक्टर-ट्राली लूट में स्थानीय पुलिस ने चार पहिया वाहन सवार छह बदमाशों के विरूद्ध लूट और अपहरण का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बुधवार की रात 10 से 11 बजे के बीच समुदा स्थित डीएनडी ईंट भट्ठे पर चार पहिया वाहन से 6 बदमाश पहुंचे। चौकीदार ओमप्रकाश को बंधक बना लिया। उसमे से दो बदमाश ईंट-भट्ठा प्रांगण में रखी ट्रैक्टर- ट्राली को लूटकर अपने साथ लेते गए। अन्य चार बदमाश चौकीदार के आंख पर पट्टी बांधकर उसे अपने साथ चार पहिया वाहन में डालकर उठा ले गए। चौकीदार को बदमाशों ने बेलघाट थाना क्षेत्र के कम्हरियाघाट पर ले जाकर चार पहिया वाहन से धक्का देकर उतार दिया था। इस मामले में पुलिस ने प्रथम दृष्टया जांचोपरांत भट्ठा मालिक अवनीश तिवारी की तहरीर पर अज्ञात छह बदमाशों के खिलाफ धारा 392, 365 आईपीसी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि भट्ठा मालिक की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट और अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर ट्रैक्टर-ट्राली बरामद की जाएगी।

# दो सौ रुपए दो तब कराऊंगा नकल, विडियो वायरल

**ककरही (एसएनबी)।** तू डाल-डाल, हम पात-पात के तर्ज पर शिक्षा माफिया सरकार की नकल विहीन परीक्षा के दावे पर पानी फेर रहे हैं। बिना किसी भय के विद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रति परीक्षार्थियों से रूपया लेकर नकल कराया जा रहा है। जिसका प्रमाण गोला क्षेत्र के एक विद्यालय प्रबंधक का वॉयरल हो रहा विडियो दे रहा है।

वायरल हो रहा विडियो गोला क्षेत्र के देवकी रामचन्द्र पाण्डेय इंटर कलेज नवली,गोपालपुर, गोरखपुर के प्रबंधक लक्ष्मी नरायण मिश्रा का बताया जा रहा है। जिसमें प्रबधंक ओएमआर सीट भराने की एवज में प्रत्येक परीक्षार्थी से दो-दो सौ रूपया मांग रहे हैं। ऐसा ना करने पर नीट एण्ड क्लीन परीक्षा कराने व भगवान भरोसे छोड़ने की बात कह रहे हैं। विडियो बनाने वाले एक परीक्षार्थी ने बताया कि नकल कराने के लिए क्रमशः कमरों का सीसीटीवी कैमरा कुछ देर के लिए बंद कर दिया जाता है तथा उस समय में छोटे प्रश्नो का उत्तर लिखा दिया जाता है। नकल कराने की जिम्मेदारी प्रबंधक के भतीजे की है। यह भी जानकारी मिली है कि नियुक्त व्यवस्थापकों ने इसको लेकर नाराज़गी भी व्यक्त कर चुके हैं। इस संबंध में प्रबंधक एलएन मिश्र ने बताया कि वायरल हो रहे किसी विडियो के बारे में हमें जानकारी नहीं है। नकल कराने की खबर झूठी है। परीक्षा सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हो रही है। इस संबंध में डीडीआर रेखा दिवाकर ने कहा कि वीडियो देखकर मामले की जांच की जाएगी। सत्यता पाने पर कार्रवाई होगी।



**गोला में एक विद्यालय के प्रबधंक द्वारा पैसा मांगे जाने का विडियो हो रहा तेजी से वायरल**

**एक परीक्षार्थी का आरोप सीसीटीवी कैमरा बंद करा कर भरवाया जाता है ओएमआर सीट**

# डीजे व लाउडस्पीकरों पर न बजाएं फूहड़ गाने

जैतपुर। गीडा थाना प्रभारी ने शुक्रवार को क्षेत्र के डीजे और लाउडस्पीकर बजाने वाले मालिकों के साथ थाने में बैठक की। बैठक बारावफात और आगामी होली पर्व पर शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील के लिए की गयी थी। थानेदार कहा कि डीजे और लाउडस्पीकरों पर फूहड़ गाने नहीं बजने चाहिए। डीजी या लाउड स्पीकर के माध्यम से फूहड़ गाने बजाते पकड़े जाने पर संबंधित जिम्मेदार के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। डीजे को सीज़ कर दिया जाएगा। सभी से नोटिस फार्म भरवाया गया। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं। यह ध्यान रखें कि आपके द्वारा किसी का अहित या किसी प्रकार का नुकसान न हो।

# धोखाधड़ी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर। पीपीगंज थाने पर तैनात एसआइ अभिनव मिश्रा ने हमराही सिपाही प्रदीप पाल के सहयोग से धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम श्याम मोहन यादव पुत्र रामसरोज यादव निवासी भक्सा थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर बताया। पीपीगंज थानेदार ने बताया कि थाना सहजनवा में पंजीकृत मुअसं 649/18 धारा 420, 467, 468, 406, 504, 506 भादवि जिसकी विवेचना थाना पीपीगंज थाना द्वारा की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपित को पकड़ा गया है। उसे रिमांड के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## पति समेत तीन पर मारपीट का केस दर्ज

**फुटहवा ईनार।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी सबुनी निवासिनी नीतू पत्नी गुड्डू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा पति गुड्डू ससुर रामकेवक, तथा अनिल एक जुट होकर गाली गलौज देते हुए मुझे मारापीटा व जानमाल की धमकी दी है। महिला का आरोप है कि पति बोल रहा है कि तुमको घर में नहीं रहने देंगे। मुझे घर से निकाल रहे हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## मां सम्मय जी स्थान से घंटा और दान-पात्र चोरी

**हरपुर-बुदहट।** थाना क्षेत्र के ग्रापं कटाई टिकर मिश्रौलिया स्थित मां सम्मय जी के स्थान से गुरुवार की रात में घंटा व दानपात्र चोरी हो गया। चोरों ने मंदिर का एक पाया भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना थाने पर दे दी गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जल्द ही अराजक तत्वों/चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

# गैंगस्टर के जुर्म में दो को दो साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुबोध वार्ष्णेय ने राजघाट थाना क्षेत्र के तुर्कमानपुर निवासी अभियुक्त रियासत अली व पिपराइच थाना क्षेत्र के हैदरगंज निवासी अभियुक्त अरबाज खान को दो साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ला का कहना था कि थानाध्यक्ष विनय कुमार सरोज द्वारा 25 मई 2021 को थाना स्थानीय के कार्यालय में बैठकर थाना क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर रहे थे।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अभियुक्तों द्वारा संगठित होकर अपराध किया जाता है।इस गिरोह के गतिविधियों के बारे में पता किया गया तो पता चला कि गिरोह का सरगना रियासत अली है और अपने गैंग के सदस्य अरबाज खान के साथ मिलाकर जघन्य अपराध कारित करता है और आर्थिक,भौतिक व सामाजिक लाभ प्राप्त करता है।

# पिटबुल के रजिस्ट्रेशन की जांच के लिए नगर निगम को लिखा पत्र

GORAKHPUR (3 March): कैंट एरिया में पिटबुल के हमले से घायल बच्चे के मामले में पुलिस ने नगर निगम को पत्र लिखा है. पुलिस ने रजिस्ट्रेशन जांच कर पिटबुल को जब्त करने की बात कही है. उधर पुलिस की एक टीम भी जांच के लिए गठित कर दी गई है. आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र स्थित खरेला गांव के मूल निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्टनगर में किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहते हैं. उनका आठ वर्षीय बच्चा उत्कर्ष बेतियाहाता स्थित स्कूल में कक्षा तीन का छात्र है. बुधवार को पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने पिटबुल डॉग छोड़ दिया, जिसमें बच्चे के पीठ और पैर पर हमला कर दिया. बच्चे का शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो पिटबुल ने छोड़ा. पुलिस ने आरोपी गौरव के खिलाफ पालतू पशु को लेकर लापरवाही और मानव जीवन को खतरे में डालने की धाराओं में केस दर्ज किया है. घटना के बाद से आरोपी फरार है. उसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है. एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि घटना की जांच के लिए एक टीम गठित कर दी गई है. नगर निगम को रजिस्ट्रेशन जांचने और कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है.

# होली पर सिक्योरिटी अलर्ट, सड़क पर निकले अफसर



GORAKHPUR (3 March): होली पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम में कोई चूक न हो, इसके लिए अफसरों ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है. मातहतों को दिशा निर्देश देने के साथ ही अब सड़क पर उतरकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं. शुक्रवार को डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने राजघाट और कोतवाली थाना क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर दिशा निर्देश दिए. दोनों ही अफसरों ने थाना क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर फोर्स के साथ पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी. इसके साथ ही संभ्रान्त व्यक्तियों, दुकानदारों, व्यापारियों व आमजन से वार्ता भी की. इधर, जिले के थाना एरिया में पीस मीटिंग कर लोगों को त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई.

## जंक्शन पर चेकिंग

होली पर्व के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है. सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए यात्रियों के लगेज और फोर व्हीलर की स्कैनिंग शुरु हो चुकी है. इसके लिए आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा व जीआरपी इंस्पेक्टर विजय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान शुरु किया गया है. स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों के लगेज व वाहनों के लिए लगाए गए स्कैनर से चेकिंग कराई जा रही है. डॉग स्क्वॉयड से भी संदिग्ध लगेज की जांच शुरु करा दी गई है. वहीं स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर चेकिंग के दौरान यात्रियों को जागरुक भी किया गया. इस दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के लगेज चेकिंग के लिए बैरिकेडिंग कर दी गई है.

## असलहों के साथ ड्रिल

एसएसपी गोरखपुर के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आगामी होली व शब-ए-बरात को देखते हुए दंगा निरोधी उपकरणों और असलहों के साथ ड्रिल का आयोजन किया गया. इस दौरान त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया.

# 'ममता' का कत्ल

जरा सी नाराजगी में बच्चों तक के खून की प्यासी बन जा रहीं मां

FILE PHOTO

**SHOCKING**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (3 March):** बच्चों पर हल्की खरोंच भी आ जाए तो मां रो पड़ती है. बच्चे खिलखिलाते रहें. इसलिए उनकी सारी परेशानियां मां अपने सिर ओढ़ लेती है. यही वजह है कि मां का आंचल बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित माना जाता है. लेकिन आधुनिक युग की कुछ माताओं ने इसकी परिभाषा ही बदल दी है. बच्चों के लिए जान की बाजी लगा देने वाली मां जरा सी नाराजगी पर अपने ही मासूम का गला घोंट दे रही हैं. उन्हें मौत के घाट उतार दे रही हैं. हैरान करने वाली हाल फिलहाल में हुई कई घटनाओं से मां की ममता पर सवाल उठने लगे हैं.

## मां ने मासूम को चाकू घोंपकर मार डाला

2 मार्च (गुरुवार) को कुशीनगर में एक दर्दनाक घटना हुई. यहां चाय बनाने के विवाद में जेठानी से नोकझोंक होने पर एक महिला ने अपने तीन वर्षीय बेटे को चाकू घोंप कर मार डाला. महिला का पति अजीत यादव बड़े भाई के साथ दिल्ली में काम करता है. वहीं पत्नी आरती कुशीनगर स्थित ससुराल में रहती है. आरती की गुरुवार को अपनी जेठानी रूबी से चाय बनाने को लेकर कहासुनी हुई. इसके बाद नाराज आरती अपने 3 साल के बेटे केशव को लेकर कमरे में चली गई. थोड़ी ही देर बाद अंदर से तेज चीखने चिल्लाने की आवाज आई. घर के अन्य सदस्यों ने अंदर जाकर देखा तो मां बेटे दोनों ही खून से लथपथ पड़े थे. आरती ने बेटे की हत्या कर अपनी भी हाथ की नस काट ली थी.



## पति से झगड़ा, मासूमों का भी काट दिया गला

26 फरवरी को सहजनवां में एक महिला ने अपने पति और दो बच्चों की गला रेतकर जान ले ली. शनिवार देर रात 32 वर्षीय नीलम ने अपने पति 35 वर्षीय अवधेश गुप्ता को पहले खूब अच्छे से शराब पिलाई. इसके बाद नीलम ने देर रात पति की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी. नीलम और अवधेश दोनों की ही अभी एक साल पहले दूसरी शादी हुई थी. नीलम पर शनिवार को इस कदर खून सवार हुआ था कि उसने पति की हत्या करने के बाद बगल में सो रहे दो मासूम 7 साल के आर्यन और 6 साल के आरव की भी गर्दन रेतकर हत्या कर दी.







## हथौड़े मारकर ली थी मासूम की जान

शाहपुर के बशारतपुर में 21 जनवरी को पत्नी अर्चना ने प्रेमी के साथ मिलकर पति ओमप्रकाश और चार साल के मासूम की जान ले ली थी. शादी के बाद अर्चना का फेसबुक फ्रेंड से प्यार इतना परवान चढ़ गया था कि उसे पाने की खातिर पति के साथ ही बच्चे की भी जान ले ली. बताया जाता है कि इस घटना में अर्चना ने चार वर्षीय बच्चे के सिर पर हथौड़ा मारकर जान ली थी.

## बच्चों के सामने झगड़ा न करें

- पति-पत्नी में डेली झगड़ा हो रहा है तो उनकी काउंसिलिंग कर उन्हें समझाना होगा.
- विवाद की स्थिति होने वह स्थान छोड़ दें और अन्य पारिवारिक सदस्य से अधिक से अधिक बात करें.
- बच्चों के सामने कतई झगड़ा नहीं करें और घर का माहौल खुशमय रखें.
- शादी से पहले लड़का-लड़की की रजामंदी लें.
- आस-पास किसी भी घर में झगड़ा हो तो उसे सुने नहीं. बल्कि वहां पहुंचकर उसे सलटाने और समझाने का प्रयास करें.



**"आजकल गुस्सा आने पर लोग खुद को या फिर अपनी सबसे प्रिय चीज को चोट पहुंचाना चाहते हैं. समय रहते ऐसे परिवार की काउंसिलिंग हो तो ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती हैं.**

**प्रो. सुषमा पाण्डेय,**
एक्स एचओडी, डीडीयूजीयू मनोविज्ञान विभाग

## गर्म चाकू से बच्ची को दागा

19 जुलाई 2022 को गीडा निवासी कंचन ने अपनी बच्ची को गरम चाकू से 17 जगह इसलिए दागा, क्योंकि वो स्कूल से जल्दी लौट गई थी. संतकबीर नगर की नीलम ने साल 2016 में कालेसर निवासी राहुल से प्रेम विवाह किया था. नीलम की बड़ी बेटी 5 साल की शानवी ने अभी स्कूल जाना शुरू ही किया था कि अचानक एक दिन वो स्कूल से जल्दी वापस आ गई. इसके बाद बंद कमरे में नीलम ने गरम चाकू से शानवी को 17 जगह दागा था.

# हाईकोर्ट में 13 अप्रैल को होगी सुनवाई



मनीष हत्याकांड

- सीबीआई कोर्ट के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची हैं मीनाक्षी
- सीबीआई ने पांच पुलिस वालों को हत्या का दोषी नहीं माना

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कानपुर के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता हत्याकांड में शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। हाईकोर्ट ने इस मामले में अब 13 अप्रैल की नई तारीख दी है।

सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने पांच पुलिसवालों के उपर से हत्या का आरोप हटने और उनके जमानत पर रिहा होने के बाद अब इस मामले में हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया है। इसकी सुनवाई हाईकोर्ट में तीन मार्च को होनी थी। दरअसल, सीबीआई कोर्ट ने हत्या के मुकदमे में सिर्फ इंस्पेक्टर जेएन सिंह पर ही हत्या का आरोप तय किया है। वहीं अन्य पांच पुलिसकर्मियों से हत्या का आरोप हटाने के साथ ही उन्हें 10 जनवरी 2023 को जमानत दे दिया है।

इन पांचों के खिलाफ सिर्फ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में ही आरोप तय हुआ है। ऐसे में मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी की ओर से अधिवक्ता केके शुक्ला और कार्तिकिय माथुर ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिसमें एडवोकेट अमित जॉर्ज ने कोर्ट के सामने अपना तर्क दिया। याचिकाकर्ता का कोर्ट में तर्क था कि आरोप तय करने के समय याचिकाकर्ता को भी सुना जाना चाहिए था और अदालत की सहायता करने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। मेरा यह भी प्रथम दृष्टया मानना है कि अन्य आरोपी पर आईपीसी की धारा 302 और 304 के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। कोर्ट ने आदेश दिया कि 22 दिसंबर, 2022 और 9 जनवरी, 2023 के आदेशों का संचालन और प्रभाव और सुनवाई की अगली तारीख तक कार्यवाही पर रोक लगाई जाती है।

# ऑटो चालक की चाकू से गोदकर हत्या

- गांव के बाहर ऑटो में मिला चालक रामसिंह का शव
- फोन पर बताया था बगल के गांव में पार्टी में है मौजूद

हरपुर बुदहट, हिन्दुस्तान संवाद। हरपुर बुदहट और खजनी थानाक्षेत्र के बीच में स्थित सुरैनी गांव के सिवान में शुक्रवार की भोर में एक ऑटो ड्राइवर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। चालक का शव उसके ही ऑटो में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची हरपुर बुदहट और खजनी पुलिस ने जांच शुरू कर दी। ऑटो चालक की पहचान खजनी थानाक्षेत्र ग्रामसभा बेलभदरा निवासी 35 वर्षीय रामसिंह पुत्र बुद्धिराम के रूप में हुई। वह ऑटो चलाकर जीविकोपार्जन करता था। गुरुवार की रात अपने घर नहीं पहुंचा तो परिवार को चिंता हुई। फोन करने पर उसने बगल के सुरैनी गांव में पार्टी में होने की बात कहकर फोन काट दिया। परिवारीजन को लगा कि वह रात में वहीं पर रुक जाएगा। लेकिन सुबह होते रामसिंह की पत्नी के पास फोन आया कि उसका शव गांव के बाहर ऑटो में पड़ा है। सूचना मिलते ही परिवारीजन मौके पर पहुंचे। शव को देखकर कोहराम मच गया। अत्यधिक खून गिरने से चालक की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की उसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। आस-पास के इलाके के फुटेज की भी पुलिस से जांच शुरू कर दी है। रामसिंह के छोटे भाई की पत्नी ने बताया कि मेरे जेठ की हत्या कर शव फेंक दिया गया है। रामसिंह की तीन बेटियां हैं। गांव में शांति व्यवस्था के लिये हरपुर और खजनी की पुलिस टीम तैनात है।

# गोली मारने के आरोपी गए जेल

गोरखपुर। गुलरिहा थानाक्षेत्र के झुगियां कस्बे में गुरुवार की दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर साले-बहनोई ने पूर्व पार्षद भाजपा नेता के नाती को दौड़ाकर गोली मारी दी थी।

गम्भीर रूप से घायल युवक का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। उधर, गुलरिहा पुलिस ने घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। सहजनवां थानाक्षेत्र के पाली निवासी विक्की उर्फ तोजू और विनीत थानाक्षेत्र के झुगिया बाजार निवासी नाना नत्थूलाल के घर जा रहे थे। वहीं के रहने वाले दिवाकर से विक्की में पुरानी रंजिश चल रही थी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटने वालों पर केस दर्ज

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट थाने के समुदा गांव में स्थित ईंट-भट्ठे पर बुधवार की रात अज्ञात बदमाशों ने चौकीदार ओमप्रकाश को बंधक बनाकर अपहरण कर लिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट ले गए थे। इस मामले में भट्ठा मालिक की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार की देर रात लूट और अपहरण का केस दर्ज कर लिया। बदमाश अपहृत चौकीदार को कम्हरिया घाट पर छोड़ गए थे।

इससे पहले हरपुर बुदहट पुलिस लूट की घटना को संदिग्ध मान रही थी, लेकिन जब अपहृत चौकीदार के बेलघाट के कम्हरिया घाट पर होने की सूचना मिली तो प्रभारी निरीक्षक संदीप फोर्स लेकर बेलघाट पहुंचे और चौकीदार को लेकर विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की।

# दो गैंगस्टर को दो साल की सजा

गोरखपुर। गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुबोध वार्ष्णेय ने तुर्कमानपुर निवासी अभियुक्त रियासत अली व पिपराइच थानाक्षेत्र के हैदरगंज निवासी अरबाज खान को दो साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड नहीं देने पर तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# पिता के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया

भटहट। गुलरिहा थानाक्षेत्र के ग्राम भैरवां निवासी राजन साहनी ने घर व खेत में हिस्सा नहीं देने पर अपने पिता विदेशी समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज कराया है। पीड़ित राजन का आरोप है कि दो मार्च को उसके पिता विदेशी, शीला और धनन्जय मिलकर खेत व घर में हिस्सा देने से मना कर रहे थे। पुलिस केस दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है।

# तीन नामजद और अज्ञात पर अपहरण का केस

भटहट। गुलरिहा पुलिस ने नाबालिग को भगाने के आरोप में तीन नामजद व अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा में केस दर्ज किया है। नाबालिग की मां ने एसएसपी को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़िता द्वारा एसएसपी को दिए गए पत्र में बताया गया है कि आरोपित मोनू गुप्ता सात फरवरी की रात में उनकी बेटी को भगा ले गया।

# बच्ची से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा

- तीन साल पूर्व की घटना में कोर्ट ने सुनाई सजा
- रसूलपुर माफी का रहने वाला है अभियुक्त

गोरखपुर, निज संवाददाता। सात वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने बेलघाट थानाक्षेत्र के रसूलपुर माफी निवासी अभियुक्त सुरेंद्र कुमार को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 11 मई 2020 की शाम 5.30 बजे की है। वादिनी की सात वर्षीय बच्ची बकरी चरा रही थी। उसी समय अभियुक्त उसे पकड़ कर बगीचे में ले गया और दुष्कर्म किया। अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर कोर्ट से तीन साल में ही अभियुक्त को सजा दिलाने में कामयाबी मिली।

# तीन बदमाशों को पकड़ने के लिए इनाम

गोरखपुर। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार को तीन बदमाशों पर इनाम घोषित किया है। आजमगढ़ के बरहज थाना क्षेत्र के दरिया बसई नन्दावा गांव निवासी घनश्याम पाठक के ऊपर कैंट थाने में जालसाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज है। एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। इसके अलावा कैंट थाना क्षेत्र के महादेव झारखंडी निवासी अर्पित सिंह भी जालसाजी के मामले में फरार चल रहा है उसके ऊपर भी दस हजार का इनाम घोषित किया है। जबकि तीसरा बदमाश मनीष जायसवाल निवासी रामकोला रोड थाना कोतवाली पडरौना पर कैंट थाने में गैंगेस्टर का एक दर्ज है वह भी एक साल से फरार है। उसके ऊपर दस हजारका इनाम घोषित किया है।

# केस दर्ज कराने पर पिटबुल के मालिक ने दी धमकी

## फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पिटबुल के हमले से आठ साल के बच्चे के घायल होने के मामले में केस दर्ज होने पर पिटबुल मालिक ने पीड़ित परिवार को धमकी देनी शुरू कर दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

वहीं दूसरी तरफ नगर निगम को पत्र लिखकर पुलिस ने पंजीकरण की जांच करने के साथ ही पिटबुल को जब्त करने को कहा है। आजमगढ़ जिले गंभीरपुर थानाक्षेत्र स्थित खरेला गांव के मूल निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्टनगर में किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका आठ वर्षीय बच्चा उत्कर्ष बेतियाहाता स्थित स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता है। बुधवार को पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने पिटबुल डाग छोड़ दिया, जिसने बच्चे की पीठ और पैर पर हमला कर दिया। बच्चे का शोर सुन परिवार के लोग पहुंचे तब पिटबुल ने छोड़ा। पुलिस ने आरोपी गौरव के खिलाफ पालतू पशु को लेकर लापरवाही और मानव जीवन को खतरे में डालने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

उधर, केस दर्ज होने के बाद पिटबुल डाग के मालिक पर धमकी देने का भी आरोप है जिसके बाद कैंट पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। बच्चे के पिता का आरोप है कि पिटबुल मालिक ने दरवाजे पर खेल रहे बच्चे पर जान-बूझकर उसे छोड़ा था। पिटबुल मालिक को धारा 151 के तहत पुलिस चालान कर सकती है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पिटबुल ने बच्चे पर हमला किया था इस मामले में उसके मालिक पर कैंट थाने में केस दर्ज है। जांच के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। नगर निगम को भी पुलिस की ओर से पंजीकरण जांचने और कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है।



- लाइसेंस की जांच कर डॉग जब्त करने को लिखा पत्र
- आरोपित का पुलिस कर सकती है चालान

### घर में ही पिटबुल को कैद रखने का आदेश

गोरखपुर। ट्रांसपोर्टनगर में पिटबुल प्रजाति के कुत्ते द्वारा पड़ोसी पर किये गए हमले को लेकर नगर निगम ने सख्ती करना शुरू कर दिया है। नगर निगम ने कुत्ते के मालिक पर भारी भरकम जुर्माना लगाने की तैयारी में है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कुत्ते के मालिक को निर्देश दिया है कि कुत्ता किसी भी दशा में घर से बाहर नहीं दिखना चाहिए। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम क्षेत्र में जिन्होंने पिटबुल तरह के अन्य कुत्तों को पाल रखे हैं, उनका पंजीकरण नगर निगम में करा लें। इसके साथ ही घर से बाहर नहीं निकालें।

# जहां ट्रेन पर फेंका जाता है कीचड़ व रंग, थानेदार करेंगे बैठक

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** होली को लेकर जीआरपी अलर्ट है। रेलवे लाइन के किनारे स्थित जिन गांवों और कस्बों में चलती ट्रेन पर पहले कीचड़ या रंग फेंका गया है, वहां स्थानीय लोगों के साथ थानेदार गोष्ठी करेंगे। थाना व चौकी प्रभारी लोगों को जागरूक करने के साथ ही ग्राम प्रधान व सभासद के संपर्क में हैं। प्लेटफार्म ड्यूटी करने के साथ ही ट्रेन में स्कोर्ट करने वाले राजकीय पुलिस बल (जीआरपी) के सिपाही यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। जेल से छूटे जहरखुरान व चोरों की निगरानी चल रही है।

होली में दिल्ली, मुंबई, लुधियाना, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता व गुवाहाटी से बड़ी संख्या में यात्री घर लौटते हैं। यात्रियों के साथ कोई अप्रिय घटना न हो, इससे निपटने के लिए एसपी रेलवे ने होली में



होली के मद्देनजर गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग करते आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारी व जवान ● जागरण

- **होली में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड पर है जीआरपी**
- **सर्विलांस टीम जेल से छूटे जहरखुरान व चोरों की कर रही निगरानी**

हुड़दंग करने वालों पर विशेष नजर रखने निर्देश दिया है। जिन स्थानों पर चलती ट्रेन में कीचड़ या पत्थर फेंकने की घटना हुई है, वहां जीआरपी व रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) गश्त करेगी। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन पर इव टीजिंग टीम का गठन हुआ है।

इसके अलावा स्टेशनों, ट्रेनों के अलावा रेल क्षेत्र में चौकसी बरतने के साथ ही सघन चेकिंग की जा रही है। सभी प्लेटफार्म पर दो सिपाही की ड्यूटी लगी है। सर्विलांस व स्थानीय थाने की पुलिस जेल से छूटे जहरखुरान व चोरों की निगरानी कर रही है। एसपी रेलवे डा. अवधेश सिंह ने बताया कि चलती ट्रेन पर कीचड़ व रंग फेंकने वालों पर विशेष नजर रहेगी। इसको लेकर रेलवे लाइन किनारे के गांव और कस्बे के प्रधान व सभासद के संपर्क में स्थानीय थानेदार व चौकी प्रभारी हैं।

# मालिक हिरासत में, पिटबुल कब्जे में लेने को लिखा पत्र

- **दरवाजे पर खेल रहे बच्चे पर पिटबुल श्वान छोड़ने का है आरोप**
- **बच्चे के पिता ने कैंट थाने में पड़ोसी पर दर्ज कराया है मुकदमा**

**जासं, गोरखपुर :** पिटबुल श्वान के मालिक को कैंट थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। चौकी प्रभारी ने बच्चे पर हमला करने वाले पिटबुल श्वान को कब्जे में लेने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है। आरोप है कि मालिक ने दरवाजे पर खेल रहे बच्चे पर पिटबुल छोड़ा था। मुकदमा दर्ज होने पर वह स्वजन को धमकी दे रहा था।



पिटबुल के हमले में घायल उत्कर्ष।

आजमगढ़ के गंभीरपुर थाना स्थित खरेला गांव निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्ट नगर में किराये पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार की शाम को उनका आठ वर्षीय बेटा उत्कर्ष दरवाजे पर खेल रहा था।



कैंट पुलिस की हिरासत मे पिटबुल का मालिक गौरव ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने बच्चे पर अपना पिटबुल श्वान छोड़ दिया, जिसके हमले में वह घायल हो गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध पालतू पशु को लेकर लापरवाही



बच्चे पर हमला करने वाला पिटबुल श्वान ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

बरतने और मानव जीवन को खतरे में डालने का मुकदमा कैंट थाने में दर्ज है। पिटबुल को कब्जे में लेने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा गया है।

**शिकंजा कसने पर बनाने लगा समझौता करने का दबाव :** पुलिस के शिकंजा कसने पर गौरव यादव व उसके सहयोगी पीडित परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाने लगे। अधिकारियों तक यह बात पहुंची तो उन्होंने कार्रवाई करने के निर्देश दिया। इसके बाद कैंट पुलिस ने शुक्रवार की शाम गौरव को हिरासत में ले लिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि पिटबुल श्वान का नगर निगम में पंजीकरण नहीं है।

> पिटबुल को उसके मालिक के घर में नजरबंद किया जाएगा। मालिक पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में श्वानों की बढ़ रही संख्या चिंता का विषय है। इन पर नियंत्रण के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। दूसरे महानगरों में श्वानों पर नियंत्रण की योजना की जानकारी कर पूरी व्यवस्था बनाई जाएगी।
>
> **-गौरव सिंह सोगरवाल**, नगर आयुक्त

### 311 लोगों ने कराया है श्वान का पंजीकरण

नगर निगम में 311 लोगों ने ही श्वान पालने का पंजीकरण कराया है, जबकि स्थिति इससे बिलकुल अलग है। शहर में दो हजार से अधिक लोगों के घर पालतू श्वान हैं। नगर निगम की ओर से सख्ती न किए जाने की वजह से लोग पंजीकरण नहीं करा रहे हैं।

### श्वान पालने के नियम

- नगर निगम में श्वान का पंजीकरण होना जरूरी है।
- श्वान को घर में ही बांधकर रखने का प्रविधान है।
- श्वान के साथ मालिक या अन्य कोई क्रूरता नहीं करेगा।
- बाहर जाने पर इस बात का ध्यान रखना होता है कि श्वान गंदगी न करे।

# समय जी मंदिर से घंटा व दान-पत्र चोरी

**जासं, हरपुर-बुदहट** : थाना क्षेत्र के कटाई टिकर मिश्रौलिया में स्थित मां समय जी मंदिर से गुरुवार की रात अज्ञात चोर घंटा और दान-पत्र उठा ले गए। साथ ही मंदिर का एक पाया भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

शुक्रवार की सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि पुलिस ने मौके पर जाकर जांच-पड़ताल की है। आगे की जांच चल रही है।

# युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जासं, पिपरौली** : गीडा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुत्री को भगाने के आरोप में शुक्रवार को आरोपित सूरज यादव के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। व्यक्ति ने बताया कि आरोपित ने दो मार्च को उनकी पुत्री सामान खरीदने बाजार गई। काफी समय बीत जाने पर जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। इसी दौरान उन्हें रिश्तेदारों से सूचना मिली की बांसगांव थाना क्षेत्र का आरोपित भगा ले गया है।

# अज्ञात बदमाशों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जासं, हरपुर बुदहट** : थाना क्षेत्र समुदा में स्थित ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्राली लूटकर भागने व चौकीदार को अगवा करने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज किया। ईंट भट्ठा मालिक अवनीश तिवारी ने गुरुवार को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को चार पहिया वाहन से छह बदमाश उनके भट्ठे पर पहुंचे। दो ट्रैक्टर ट्राली लेकर चले गए। बाद में चार बदमाशों ने उनके चौकीदार को अगवा कर बेलघाट थाना के कम्हरिया घाट पुल पर मारपीट कर उतार दिया। थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि लूट और अपहरण का मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

# जालसाजी के तीन आरोपितों पर इनाम घोषित

गोरखपुर : जालसाजी के तीन आरोपितों पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही सभी फरार हैं। आजमगढ़ जिले के दरिया बसई नंदाव निवासी घनश्याम पाठक, कैंट क्षेत्र के महादेव झारखंडी निवासी अर्पित सिंह पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने और कुशीनगर के पडरौना कोतवाली के रामकोला निवासी मनीष जायसवाल पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। (जासं)

## 50 लीटर कच्ची बरामद, तीन पर मुकदमा

मुंडेरा बाजार : एसडीएम चौरी चौरा शिवम सिंह ने शुक्रवार को आबकारी विभाग व झंगहा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कच्ची के अड्डे पर छापेमारी की। कटहरिया में छापेमारी के दौरान पुलिस ने बड़ी मात्रा में लहन नष्ट किया। मौके से 50 लीटर कच्ची शराब भी बरामद किया। (जासं)

## पति, ससुर समेत तीन पर मुकदमा

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी के टोला सबुनी निवासी नीतू ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति, ससुर सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि पति गुड्डू, ससुर रामकेवल व अनिल ने मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। (जासं)

# बेटे ने पिता के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**जासं, भटहट** : गुलरिहां थाना क्षेत्र के ग्राम भैरवां निवासी राजन साहनी ने घर व खेत में हिस्सा नहीं देने पर पिता विदेशी समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में राजन ने बताया कि दो मार्च को उसके पिता, शिला एवं धनंजय मिलकर खेत व घर में हिस्सा देने से मना कर रहे थे। मांगने पर गाली देते हुए उसके ऊपर गर्म सब्जी फेंक दिए और जान से मारने की धमकी दी।

**तीन लोगों पर अपहरण का मुकदमा**

**जासं, भटहट** : एसएसपी के निर्देश पर गुलरिहा पुलिस ने तीन नामजद व अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को क्षेत्र की एक महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री को आरोपित मोनू गुप्ता सात फरवरी को लेकर भाग गया। काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का पता नहीं चला। आरोप है कि भगाने में मोनू के मौसा, मां शकुंतला के साथ अन्य भी शामिल हैं। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

**अपहरण व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार**

**जासं, भटहट** : गुलरिहां थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगाने व दुष्कर्म के आरोपित अनुज निषाद को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। दारोगा अश्विनी कुमार चौबे ने ने बताया कि अरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपित पर किशोरी के पिता ने सात फरवरी, 2023 को अपहरण मुकदमा दर्ज कराया था। किशोरी के बयान के बाद उस पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी।

# दुष्कर्म का आरोपित किया गया गिरफ्तार

**जासं, बांसगांव :** थाना पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म के आरोपित सिकरीगंज थाना क्षेत्र के निवासी सन्नी को गिरफ्तार कर लिया। दारोगा नंदलाल यादव ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक को आजीवन कारावास

**विसं, गोरखपुर** : सात वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने बेलघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर माफी निवासी अभियुक्त सुरेंद्र कुमार को आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 11 मई, 2020 की है। वादिनी की सात वर्षीय नाबालिग बच्ची बकरी चरा रही थी। उसी समय अभियुक्त उसे पकड़ कर बगीचे में ले गया और दुष्कर्म किया।

# गोरक्षनाथ घाट पर शुरू होगा 'राम-रमैया'

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पर्यटन विभाग के सहयोग से सांस्कृतिक संस्था ओंकारम इसी महीने राप्ती नदी के गुरु गोरक्षनाथ घाट पर राम-रमैया कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है।

इसे लेकर शुक्रवार को अधिकारियों ने घाट का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम के तहत घाट पर सुबह और शाम योग व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। हर शाम राप्ती आरती का आयोजन भी होगा। का इस कार्यक्रम में लोगों को अनूप जलोटा, चंदन दास, हरिहरन जैसे कलाकार सुर साधते मिलेंगे। इस मंच से स्थानीय कलाकारों को भी अवसर दिया जाएगा।

कार्यक्रम के शुरू होने की तिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का समय मिलने पर तय की जाएगी। इसके लिए भजन सम्राट अनूप जलोटा सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा समय मिलने बाद ही कार्यक्रम की तिथि की औपचारिक घोषणा पर्यटन विभाग और ओंकारम संस्था द्वारा की जाएगी।

अनूप जलोटा ओंकारम संस्था के संरक्षक है। घाट का निरीक्षण करने वालों में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, सीडीओ संजय मीणा, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, एसपी सिटी केके बिश्नोई, एडीएम सिटी विनीत सिंह, अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रवींद्र कुमार मिश्र, संस्था के संयोजक नबारुन चटर्जी शामिल रहे।

- **अधिकारियों ने घाट का निरीक्षण कर लिया जायजा**
- **शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री का समय लेने आएंगे अनूप जलोटा**



'राम-रमैया' कार्यक्रम के लिए गुरु गोरक्षनाथ घाट का निरीक्षण करते अधिकारी •जागरण

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बांसगांव।** इलाके की एक युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान ब्रह्मपुर, सिकरीगंज निवासी सन्नी उर्फ सेराजुद्दीन के रूप में हुई। युवती का आरोप है कि आरोपी उसके घर के ऑटो का चालक है। उसने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और फिर गर्भवती होने पर मुकर गया। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को माल्हनपार के पास से गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# हुड़दंगियों व इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से करें सख्ती

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : होली पर हुड़दंग और इंटरनेट मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को किसी भी हाल में न बख्शा जाए। सभी से सख्ती की जाए। नागरिक भी इनकी सूचना दें। यदि किसी ने शांति-व्यवस्था को खतरा है तो नागरिक बेखौफ उनकी जानकारी पुलिस को दें। अफसर भी होली को लेकर चौकन्ना रहें।

यह निर्देश डीएम कृष्णा करुणेश ने दिए। वह शुक्रवार की देर शाम विकास भवन में होली को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर एसडीएम व क्षेत्राधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शोभा यात्रा में शामिल होने के मद्देनजर सभी व्यवस्था पहले ही दुरुस्त कर लें। होलिकादहन स्थलों पर पर्याप्त सफाई रहे और होली के दिन बिजली व पानी लगातार मिलता रहे। होली पर किसी को नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस दौरान एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, एसपी सिटी कृष्ण बिश्नोई, सीडीओ संजय मीणा, नेहा बंधु, विनीत सिंह, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सुशील कुमार गौड़, अरुण कुमार सिंह, मनोज अवस्थी, अंजनी कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



होली पर सुरक्षा को लेकर विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व अन्य अधिकारी ● जागरण

## डीएम व एसएसपी ने पैदल भ्रमण कर लोगों से किया संवाद

शब-ए-बारात व होली त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को शहर का भ्रमण किया। आमजन व दुकानदारों से बात कर सुरक्षा की जानकारी ली। किसी भी समस्या पर तत्काल सूचना देने की बात कही। इस दौरान ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की गई। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर व एसपी नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने राजघाट व कोतवाली थाना क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। अधिकारियों ने आमजन से बात कर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने की बात कही। उन्होंने लोगों से कहा कि आपसी भाईचारे के साथ शब-ए-बारात व होली का पर्व संपन्न कराएं। जिलाधिकारी व एसएसपी ने दोनों थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजार पहुंचकर दुकानदारों व आमजन से बात कर सुरक्षा के बारे में पूछताछ की। साथ ही कहा कि किसी तरह की अराजकता की जानकारी होने पर वह तत्काल स्थानीय थाने समेत अधिकारियों को सूचित करें। इस दौरान सीओ कोतवाली, एडीएम सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट समेत अन्य मौजूद रहे।

## दंगा नियंत्रण असलहों का हुआ माकड्रिल

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण असलहों का माकड्रिल किया। इस दौरान महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों ने एक-एक कर असलहों का परीक्षण किया।

# सात लोगों पर किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

गुलरिहा। इलाके के एक गांव की किशोरी के अपहरण के मामले में सात लोगों पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इलाके के एक गांव की महिला का आरोप है कि गुलरिहा के सियारामपुर टोला नंदानगर निवासी ऑटो चालक मोनू गुप्ता ने अपनी मां शकुंतला व राजघाट थाना क्षेत्र अमरूद मंडी का रहने वाले मौसा की मदद से सात फरवरी को किशोरी का अपहरण कर लिया। ब्यूरो

# ब्याज न देने पर मारपीट, जान से मारने की धमकी

गोरखपुर। कैंट इलाके में बिरयानी खाकर लौट रहे पीपीगंज क्षेत्र के गोलीगंज निवासी गोविंद से बृहस्पतिवार को मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसने एक शख्स से 12 लाख रुपये लेकर जमीन में लगाया था। रुपये वापस मांगने पर 13 लाख लौटा दिया, लेकिन अब आरोपी 10 प्रतिशत ब्याज की मांग कर रहा है। ब्याज न देने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। ब्यूरो

# पत्नी को पीटा, तीन पर केस दर्ज

चौरीचौरा। ग्राम पंचायत चौरी के टोला सबुनि निवासी नीतू ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति, ससुर सहित तीन लोगों पर मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया है। पुलिस पति गुड्डू, ससुर रामकेवल व सहयोगी अनिल केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# दुकान में आग से लाखों का नुकसान

झंगहा। इलाके के रामलखन चौराहे पर सत्य नारायण गुप्ता की जनरल स्टोर व गारमेंट्स की दुकान में बृहस्पतिवार रात आग लग गई, जिससे लाखों का नुकसान हुआ। फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। ब्यूरो

# 'अंकल ने जानबूझ कर छोड़ा पिटबुल'

## पंजीकरण जांचने और कुत्ते को जब्त करने के लिए पुलिस ने नगर निगम को पत्र लिखा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। 'अंकल, पिटबुल को देखकर मैं छत पर भागा, लेकिन गौरव अंकल ने जानबूझकर उसे छोड़ दिया और उसने काट लिया। उसे देखते कर मैं पहले से डरता हूं। गौरव अंकल बोले, कि तुमको बहुत डर लगता है, आज बताता हूं।'


पिटबुल के मालिक गौरव।

यह बोल आठ वर्षीय उत्कर्ष मिश्रा के हैं। उत्कर्ष पिटबुल के काटने की घटना को बयां कर रहा था तो सहमा हुआ था। माता-पिता से बार-बार कह रहा था कि यहां से किसी और घर चला जाए।

उधर, आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। घटना की जांच के लिए सीओ कैंट ने टीम गठित कर दी है। खबर है कि पुलिस ने पिटबुल के पंजीकरण की जांच कर उसे जब्त करने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है।

बुधवार शाम में रामअवतार मिश्रा के बेटे उत्कर्ष को पिटबुल ने काटा था। समय से पिता पहुंच गए और विरोध करने पर पिटबुल का मालिक गौरव यादव उसे लेकर चला गया।

कक्षा तीन का छात्र उत्कर्ष बताता है कि वह जानता है कि पिटबुल खतरनाक कुत्ता है, इस वजह से उससे दूरी बनाकर रहता था। लेकिन, जानबूझ कर कुत्ते को छोड़ा गया, जिसकी वजह से उसने उसे काट लिया। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि केस दर्ज है। आरोपी गौरव को हिरासत में लिया गया है।

ट्रांसपोर्ट नगर के जिस गौरव यादव ने पिटबुल पाला है, उसका नगर निगम में पंजीकरण नहीं है।


इसी पिटबुल ने किया है बच्चे पर हमला। संवाद

### हमले के बाद कमरे में कैद हुआ पिटबुल, मां बोली जब्त हो

बच्चे पर हमले के बाद पिटबुल को कमरे में कैद कर दिया गया है। उसका असल मालिक गौरव यादव फरार है। उधर, उत्कर्ष की मां अंजली मिश्रा ने मांग की कि इस खतरनाक नस्ल के कुत्ते को जब्त करना चाहिए। अंजली ने कहा कि उन्हें जानवरों से दुश्मनी नहीं, लेकिन खतरनाक नस्ल के कुत्ते नहीं पालने चाहिए। इससे किसी की जान जा सकती है। बेटा बहुत डरा है। अगर समय से उसके पिता नहीं पहुंचते तो उसके साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी।


पिटबुल के हमले से घायल बच्चा।

**यह हुआ था**

**आजमगढ़** जिले गंभीरपुर थानाक्षेत्र स्थित खरेला गांव के मूल निवासी रामअवतार मिश्रा ट्रांसपोर्टनगर में किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार को पड़ोस में रहने वाले गौरव यादव ने उनके आठ वर्षीय बच्चे उत्कर्ष पर पिटबुल छोड़ दिया, जिसने पीठ और पैर पर हमला कर दिया। बच्चे की शोर सुनकर परिवार के लोग पहुंचे तो पिटबुल ने छोड़ा।

बच्चे पर पिटबुल के हमला करने के मामले में कैंट थाने में केस दर्ज है। जांच के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। नगर निगम को भी पुलिस की ओर से पंजीकरण जांचने और कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया। - **कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

पिटबुल को उसके मालिक के घर में बंद किया जाएगा और मालिक पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। - **गौरव सिंह सोगरवाल,** नगर आयुक्त

# चालान नहीं कर रहे तो जाम भी मत लगाओ भाई

## पुलिस की व्यवस्था से त्योहार की भीड़ के बावजूद साहबगंज में नहीं लग रहा जाम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। साहबगंज किराना मंडी। शुक्रवार दोपहर दो बजे भीड़ खूब थी, लेकिन गाड़ियों के पहिये चलते रहे। रफ्तार कम जरूर थी, लेकिन कोई घंटों नहीं फंसा। इन सब के बीच बाजार में अचानक एक ट्रक आ गया।

यातायात पुलिसकर्मी उसका चालान काटने लगे, तो व्यापारी ने फोन उठाया और एसपी सिटी को मिला दिया। एसपी सिटी बोले-चालान नहीं काट रहे, तो जाम भी मत लगाओ भाई। व्यापार हो, इसके लिए वाहन आने दे रहे, तो उसे तय स्थान पर ही खड़ा करें।

साहबगंज मंडी में पूरे साल भीड़ रहती है। होली का त्योहार करीब है, ऐसे में भीड़ और बढ़ गई है। यहां वाहन लेकर जाना सामान्य तौर पर मुसीबत को दावत देना माना जाता है। लेकिन पुलिस की व्यवस्था से पिछले कुछ दिनों से स्थिति में बदलाव दिख रहा है। व्यापारियों का माल आने में असुविधा न हो इसके लिए ,जगह तय करके ट्रक जैसे बड़े वाहनों को भी मार्केट में इंट्री दी जा रही है।

इस सबसे बीच खरीदारी करने आने वाले लोग परेशान न हों, इसका खास खयाल रखा जा रहा है। चौराहे, मुख्य मार्ग के साथ ही मंडी में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाते रहने की जिम्मेदारी दी गई है।

### बाजार, चौराहों पर बढ़ाई गई पुलिसकर्मियों की संख्या व्यापारी का भी दे रहे ध्यान

**जाम की वजह ई-रिक्शा**



बाजार में पहले से बहुत राहत है। पुलिस भी परेशान नहीं कर रही है। जाम की सबसे बड़ी वजह ई-रिक्शा है। क्योंकि ये पलटने के डर से किनारे नहीं चलते हैं और बीच में चलकर जाम लगा देते हैं।

- लल्लू प्रसाद, दुकानदार

**पुलिस करती है मदद**



सामान दुकान तक आ सके, इसके लिए गाड़ियों का आना जरूरी है। पुलिस इस बार चालान काटकर परेशान नहीं कर रही है। पुलिस जाम लगते ही आ जा रही है, जिससे लोगों को घंटों परेशान नहीं होना पड़ रहा है।

- ऋषभ गुप्ता, दुकानदार

बाजार में लोग सुरक्षित व्यापार कर सकें, इसके लिए पुलिस मुस्तैद है। आम लोगों की सहूलियत के साथ ही पुलिस व्यापारियों का भी ध्यान दे रही है। किसी को बेवजह पुलिस चालान काटकर परेशान नहीं करेगी। - **कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी


खूनीपुर चौक के पास जाम के दौरान गाड़ियों को हटवाता पुलिसकर्मी। संवाद

# बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

अमर उजाला ब्यूरो

**बेलघाट इलाके में 2020 में हुई थी घटना**

गोरखपुर। बेलघाट इलाके में सात साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के अभियुक्त को कोर्ट ने आजीवन करावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रोहित सिंह ने बेलघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर माफी निवासी अभियुक्त सुरेंद्र कुमार पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अर्थदंड न देने पर एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 11 मई 2020 की शाम 5.30 बजे की है। वादिनी की सात वर्षीय बच्ची बकरी चरा रही थी। उसी समय अभियुक्त उसे पकड़ कर बगीचे में ले गया और दुष्कर्म किया।

पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की और फिर चार्जशीट दाखिल किया था। ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस इसकी लगातार कोर्ट में पैरवी कर रही थी। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने सजा सुनाई।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गुलरिहा। इलाके के एक गांव की किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने जैनपुर के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर सात फरवरी 2023 को आरोपी के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर कोर्ट में बयान कराया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-03-2023

रा० सहारा 04-4/3/23

# अवैध शराब के साथ तस्कर धराया

**बनकटा (एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग तिराहे से शुक्रवार को 45 सीसी बन्टी बबली अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की शिनाख्त कृष्णा यादव पुत्र स्व. विक्रमा यादव निवासी ग्राम सरहरा थाना दरौली जनपद सिवान बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 60 ईएक्स के तहत कार्रवाई की है।

# मुकेश का सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय तहसील क्षेत्र के रनिहवां ऊर्फ चिरईगोड़ा निवासी जवाहर लाल विश्वकर्मा के पुत्र मुकेश विश्वकर्मा ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा पास कर सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए हैं। मुकेश के चयन पर एड. विश्वविजय कुमार मल्ल, नागेन्द्र राव, प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर समिति के अध्यक्ष शिवानन्द विश्वकर्मा, प्रबंधक तारकेश्वर विश्वकर्मा, चन्द्रदेव विश्वकर्मा, संरक्षक कपिलदेव विश्वकर्मा, जोधन विश्वकर्मा, राणाप्रताप सिंह, रामप्रवेश भारती, परमेश्वर विश्वकर्मा, राजकुमार वर्मा, अमन विश्वकर्मा सिन्टू, अभय शर्मा, शैलेष शर्मा, रामअशीष विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, डॉ. उमेश विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, राघवेन्द्र, कृष्णामुरारी, राकेश, रामअवतार, रामेश्वर विश्वकर्मा आदि ने बधाई दिया है।

रा० सहारा 04-4/03/23

# बच्ची को बहला फुसला कर दुष्कर्म, आरोपी गया जेल

**गौरीबाजार(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर बाल सुधार गृह में भेज दिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी चार वर्षीया बच्ची दरवाजे पर खेल रही थी। गाँव का एक किशोर बच्ची को बहला फुसला कर पास स्थित एक सुनसान मकान में ले जाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुन आसपास के लोग जब पहुँचे, तो आरोपी वहां से फरार हो गया। बच्ची के परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दिया। पुलिस ने बच्ची के पिता के तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया वहां से उसे बाल सुधार गृह में भेज दिया गया।

राष्ट्रीय सहारा 4/3/23

## फाइनल में पहुंची श्रावस्ती व बस्ती की टीमें

**देवरिया(एसएनबी)।** 71वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता 2023 के तीसरे दिन गोरखपुर जोन से आई फुटबाल पुलिस टीमों के मध्य शुक्रवार को सेमी फाइनल का मैच खेला गया, जिसमें श्रावस्ती व बस्ती की टीम सेमी फाइनल जीत कर फाइनल में पहुंच गई। शुक्रवार को पुरूष वर्ग में जनपद गोरखपुर व श्रावस्ती पुलिस टीम के मध्य खेले गये मैच में जनपद श्रावस्ती 2-0 से विजयी रही। जनपद देवरिया व बस्ती पुलिस टीम के मध्य खेले गये मैच में जनपद बस्ती 5-4 से विजयी रही। इसी प्रकार महिला वर्ग में जनपद देवरिया व बस्ती के मध्य खेले गये मैच में जनपद बस्ती 1-0 से विजयी रही तथा जनपद बहराइच व महराजगंज के मध्य खेले गये मैच में जनपद बहराइच 2-0 से विजयी रही। शनिवार को को विजयी पुलिस टीमों के मध्य फाइनल मैच खेला जायेगा तथा विजयी टीम को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत करते हुए 71वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता 2023 का समापन किया जायेगा। प्रतियोगिता में निर्णायक क्रान्तिदेव यादव, एनआईएस, श्रीराम राज्य स्तरीय निर्णायक, उप्र, रामेश्वर लाल राज्य स्तरीय निर्णायक, उप्र, कु. पुष्पा राज्य स्तरीय खिलाड़ी फुटबाल, विकास राज्य स्तरीय खिलाड़ी शामिल रहे।

## चोरों ने फीर किया कुन्डौली हल्के मे हाथ साफ

**लार रोड।** मईल थाना क्षेत्र के कुंडौली गांव निवासी हरिशंकर सिंह ने पुलिस को तहरीर दे अवगत लगाया है की गुरुवार की रात चोरों ने मेरे घर पर छत के रास्ते अंदर घुसकर सोने की एक चेन, सोलह हजार रुपये नगद व एक मोबाइल चुरा ले गए।वहीं लोगों मे चर्चा है कि इसी रात कुंडौली मंदिर के समीप सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से चोरों ने करीब 100 लीटर डीजल भी निकाल लिया जबकि पुलिस का वहीं पिकेट रहता है तो ये कैसे संभव है की चोरी हो गयीं जानकारी पर होने लोगो ने इसकी सूचना मईल पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की छानबीन की । बताते चलें इससे एक दिन पूर्व भी कुंडौली गांव के दुर्गा मंदिर में चोरों ने गैंस सिलेंडर भगोना व इलेक्ट्रिक उपकरण चोरी की थी । इस संबध मे हलका एस आई ज्ञानसिंह पटेल ने बताया की मौके पर है जांच की जा रही है।

# 45 कुंतल लहन नष्ट, 50 लीटर शराब बरामद

**लार/मेहरौनाघाट (एसएनबी)**। लंबे समय से लार थाना क्षेत्र के महाल मंझरिया में चल रहे कच्ची के कारोबार पर प्रशासन का डंडा शुक्रवार को चला। दर्जन भर भट्ठियां तोड़ दी गईं। 8 घण्टे दुर्गम क्षेत्र में बगैर खाये-पिये एसडीएम, सीओ व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस की टीम लहन नष्ट करती रही। लगभग 45 कुंतल लहन जमींदोज किया गया। पुलिस को देखते ही शराब के कारोबारी झुरमुटों की आड़ लेकर फरार हो गए। पुलिस ने एक महिला को पकड़ा। 50 लीटर बनी बनाई शराब बरामद के लिया। एसडीएम अरुण कुमार व सीओ देव आनन्द के नेतृत्व में छापेमारी टीम एसओ नवीन चौधरी, चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस बल लेकर सुबह लगभग साढ़े 8 बजे ही नदी तट पर उतर चुकी थी। बिहार व बलिया बर्डर से लगने वाले लार थाना क्षेत्र के महालमंझरिया दियारा क्षेत्र में पुलिस ने कई जगह छापेमारी की। लार थाना क्षेत्र के महाल मंझरिया दियारा क्षेत्र से लगायंत लगभग दर्जन भर जगहों पर शराब के अवैध कारोबारी होली की तैयारी में लग गए हैं। उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन भी आज लगा हुआ था। लार थाना क्षेत्र के महाल मंझरिया दियारा क्षेत्र में घुसने से तो सभी कतराते हैं। कारण कि सुदूर अंचल में झुरमुटों और बालू रेत की यात्रा करनी पड़ती है। पूर्व में लार के कई थानेदार उक्त शराब अड्डे पर छापेमारी भी किये और कई ट्राली में भरकर शराब बनाने के उपकरण व ड्रम लाद कर सरयू नदी में बहा दिए थे। इधर लंबे समय से फिर शराब माफियाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा था। सलेमपुर के एसडीएम अरुण कुमार व सीओ देव आनन्द ने शराब माफियाओं की

रा० सहारा दि० 4/03/21

# बाइक की ठोकर से युवक घायल, केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली में दिये गये तहरीर में गुलाब सोनकर पुत्र स्व. रामचरण सोनकर ग्राम रामचक ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व 7 बजे सड़क किनारे जा रहा था, कि अपाची गाड़ी ने आकर मुझे ठोकर मार दिया। जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। रुद्रपुर सा. स्वा. केन्द्र से देवरिया ले जाया गया। वहां से एक प्राईवेट अस्पताल गोरखपुर में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। पुलिस ने अपाची गाड़ी शिव मद्धेशिया के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

दै० सहारा दि० 4/03/23

# सेल्समैनों के बढ़े हौसले दे रहे तस्करी को प्रोत्साहन

**बनकटा/अकटही बाजार (एसएनबी)।** बिहार में शराब बंदी को धन कमाने का स्वर्णिम अवसर मानकर शराब के ठेके के सेल्समैन अवैध तस्करी के माध्यम से लाभ उठाने में लगे हैं। विगत दिनों में बनकटा थाना में दर्ज आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा के आंकड़े बताते हैं कि ठेके के इर्द गिर्द पकड़ी गई पेंटी बन्द शराब किस कदर सेल्समैनों के सहयोग से तस्करों को दी जा रही हैं। यहां तक लोगों की चर्चा मानें तो सेल्समैनों के सहयोग से पेटी दर पेटी तस्कर सुगमता से लेकर जा रहें हैं जिससे सेल्समैनों को भी मोटा धन के रूप लाभ हो रहा है। थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर सज्जन व्यक्तियों का जाना मुश्किल हो गया है। सेल्समैनों ारा तस्करों को भ्रमित कर बे वजह सज्जन लोगों को लक्ष्य बनवाने का प्रयास करते हैं तस्करों व सेल्समैनों का ऐसा भय व्याप्त है कि उनसे प्रताड़ित व्यक्ति थाने तक जाने की जहमत उठाना नहीं चाहता है। आबकारी निरीक्षक एसएन वर्मा की मानें तो प्रत्येक दुकान का स्टाक चेक किया जाता है।

हिन्दुस्तान दि० 4-3-23

# टॉप 10 अपराधियों की बनाई गई सूची

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिला कारागार में बंद टॉप टेन शातिर बदमाशों की सूची बनाई गई है। ऐसे बदमाशों की 24 घंटे निगरानी की जाएगी। जेल प्रशासन ने ऐसे बदमाशों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया है, जो जेल में रहते हुए अपना राज चलाना चाह रहे थे।

प्रमुख सचिव कारागार राजेश प्रताप सिंह ने सभी जेल अधीक्षकों को टॉप 10 अपराधियों की सूची प्रदेश मुख्यालय पर भेजने के निर्देश दिया था। जिससे की इन अपराधियों की निगरानी की जा सके। इसके बाद देवरिया जिला कारागार में बंद शातिर बदमाशों की सूची जेल प्रशासन ने तैयार किया है। जिसमें सभी बदमाश दूसरे जेलों से प्रशासनिक आधार पर आए हुए हैं। जेल में अपना राज चलाने वाले ऐसे बदमाशों की सूची बनाकर आलाधिकारियों को भेजा है। जिसमें बाहर के आए अपराधियों के मुकदमों के आधार पर सूची तैयार की गई है। जिसमें बलिया, गोरखपुर समेत अन्य जिलों से आए बदमाश शामिल है।

> जेल में बंद शातिर बदमाशों के बारे में सूची मुख्यालय को उपलब्ध कराई गई है। उस सूची में बाहर से आए बदमाश शामिल है। जेल के सभी बंदियों की निगरानी की जाती है।
>
> **-बीएन मिश्रा,** जेल अधीक्षक, देवरिया जिला कारागार

हिन्दुस्तान दि० 4-3-23

# पैसा मांगने पर मनबढ़ ने दुकानदार को पीटा

**बरियारपुर।** सरौरा चौराहे पर शुक्रवार की शाम को दुकानदार ने बकाया पैसा मांगा तो मनबढ़ युवक ने दुकानदार की पिटाई कर दी। क्षेत्र के करौंदी निवासी मदन गुप्ता पुत्र गौरीशंकर की रेडीमेड की दुकान सरौरा चौराहे पर स्थित है। विजयीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक मनबढ़ युवक दो वर्ष पूर्व दुकानदार से उधार सामान लिया था। पैसा मांगा तो युवक उलझ गया।

हिन्दुस्तान दि. 4.3.23

# डीआईजी ने 4 घंटे तक की कांस्टेबल के मौत की जांच

- 26 फरवरी को तेल चोरों को पकड़ने में हो गई थी कांस्टेबल की मौत
- डीआईजी/मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने घटना की मातहतों से ली जानकारी

देवरिया, निज संवाददाता। कांस्टेबल की मौत और तेल चोरी के मामले की जांच के लिए शुक्रवार को आरपीएफ के डीआईजी रफीक अहमद अंसारी चार घंटे तक बैतालपुर में जमे रहे। उन्होंने स्टेशन के कर्मचारियों से भी घटना के बारे में पूछताछ किया। 26 फरवरी को बैतालपुर में बैगन से तेल चुरा रहे चोरों को पकड़ने के प्रयास में करंट की चपेट में आने से आरपीएफ के कांस्टेबल की मौत हो गई थी।

गोरखपुर आरपीएफ के डीआईजी/मुख्य सुरक्षा आयुक्त रफीक अहमद अंसारी शुक्रवार को सदर रेलवे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने पोस्ट पर मातहतों के साथ बैठक किए। उन्होंने 26 फरवरी को बैतालपुर रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के बारे में विस्तार पूर्वक पत्रावलियों का अध्ययन किया।

उन्होंने वाराणसी जिले के लोटहा थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के रहने वाले सुधीर कुमार सिंह (38) पुत्र तेज बहादुर सिंह की मौत के बारे में जानकारी लिया। सुधीर के साथ ड्यूटी करने वाले कांस्टेबल से घटना के बारे में पूछताछ किया। घटना के बाद हुई जांच और चोरों के बारे में जतानकारी



देवरिया गोरखपुर रेल खंड पर बैतालपुर स्टेशन पर जांच करते हुए डीआईजी आरपीएफ। • हिन्दुस्तान

लिए। डीआईजी ने तीन घंटे तक पोस्ट पर रहे। इसके बाद डीआईजी सड़क मार्ग से बैतालपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां पर डीआईजी के साथ अन्य मांतहत आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर मौजूद थे। डीआईजी / मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने एक घंटे बैतालपुर में जमे रहे। उन्होंने घटना के बारे में विस्तार पूर्वक जांच किया। बैतालपुर में चोरी करने वाले गिरोह के बारे में भी जानकारी लिया। वही जाने के बाद से आरपीएफ ने राहत की सांस ली। इस दौरान आरपीएफ सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि. 4.3.23

# विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

देवरिया। प्री–लिटिगेशन स्तर पर बैकों के ऋण वसूली मामलें व मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने बताया कि प्री लिटिगेशन स्तर के बैंक ऋण वसूली मामलों का निस्तारण 17 व 18 मार्च को होगा। वहीं मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों का निस्तारण 25 मार्च को किया जाएगा।

# मारपीट का केस दर्ज

पैकौली। सुरौली थाना क्षेत्र के कतरारी के छेरिहां निवासी मनोज यादव ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि भाड़े के पैसे को लेकर कुछ लोग मारपीट करने लगे। इस मामले ने पुलिस ने सचिन यादव वं उसके सहयोगी के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 4.3.23

# तमंचा के साथ एक युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर। एकौना पुलिस ने गुरुवार को एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

दरोगा सुधाकर विक्रम सिंह ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर पाण्डेय माझा पुलिया के पास एक युवक की तलाशी ली। जिसके पास से एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी की पहचान एकौना थाना क्षेत्र के शीतलमाझा गांव निवासी निशार अली पुत्र मन्नू अली के रुप में हुई।

हिन्दुस्तान दि० 4.3.23

# पति समेत आठ पर केस दर्ज

देवरिया। बुलेट और दो लाख रुपये की मांग पूरी नहीं करने पर ससुराली विवाहिता को प्रताड़ित कर रहे थे। इससे आजिज आकर वह भाई के साथ मायके चली गई। मामले में डीआईजी के निर्देश पर भाटपाररानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

भाटपाररानी क्षेत्र के दनउर के फुलमान टोला निवासी संगीता देवी ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसके भाईयों ने 26 मई 2021 को भाटपाररानी क्षेत्र के मल्हनी गांव के अजीत यादव पुत्र रामनिवास यादव के साथ मेरी शादी की थी। परिवार के लोगों ने शादी में उचित दान दहेज के साथ किया था। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद ससुरान के लोग दो लाख रुपये नगद और बुलेट मांगने लगे।

सक्रिय रहे।

हिन्दुस्तान दि० 5-3-23

# रेलवे पुल निर्माण सामग्री की चोरी, दो पर केस दर्ज

देवरिया। रेल पुल का निर्माण कार्य वाराणसी की एक कंपनी करा रही है। कंपनी ने भटनी क्षेत्र कोईलार में सामान रखने के लिए यार्ड बनाया है। चोर पिछले दिनों यार्ड से काफी सामान चुरा ले गए। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने दो अभियुक्तों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। यूनिवर्सल एनर्जी लिमिटेड वराणसी पुल निर्माण का कार्य करा रही है।

हिन्दुस्तान दि. 5.3.23

# बस्ती व श्रावस्ती के बीच होगा फाइनल

**फुटवाल प्रतियोगिता**

- महिला वर्ग में बहराईच व बस्ती की टीम फाइनल में पहुंची
- रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में फाइनल आज



रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे 71वीं अंतर्जनपदीय फुटवाल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइल में गोरखपुर के खिलाड़ी गेंद को कब्जे में लेते हुए।

देवरिया, निज संवाददाता। रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही 71वीं जोन स्तरीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। जिसमें पुरूष वर्ग में बस्ती और श्रावस्ती तथा महिला वर्ग में बहराईच और बस्ती की टीमें फाइनल में पहुंची। शनिवार को प्रतियोगिता का फाइनल खेला जाएगा। इस टुर्नामेंट में शुरू से ही बस्ती की महिला व पुरूष फुटबॉल टीम का जलवा रहा है।

71 वीं जोन स्तरीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन महिला और पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल गोरखपुर और श्रावस्ती के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे हाफ में श्रावस्ती की टीम ने 2 गोल कर फाइनल में जगह बना ली। गोरखपुर की टीम कोई गोल नहीं कर पाई। दूसरा सेमीफाइनल देवरिया व बस्ती पुलिस के मध्य खेला गया। दोनों टीमों ने काफी अच्छा खेल खेला। इस दौरान नौ गोल दागे गए। जिसमें बस्ती 5-4 से विजयी रहा। ऐसे में पुरुष वर्ग में श्रावस्ती और बस्ती के बीच फाइनल मुकाबला होगा। इसी प्रकार महिला वर्ग में देवरिया व बस्ती के बीच खेले गये मैच में बस्ती की टीम विजयी रही। महिला वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल बहराइच व महराजगंज के मध्य खेला गया। जिसमें बहराइच 2-0 से विजयी रही। महिला वर्ग का फाइनल बहराईच और बस्ती के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में निर्णायक क्रान्तिदेव यादव, श्रीराम, रामेश्वर लाल, पुष्पा, विकास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि. 5.3.23

# सदर व सीओ ने किया फ्लैग मार्च

**महुआडीह।** थाना परिसर मे शुक्रवार को एसडीएम सदर सौरभ सिंह और सदर क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। इसके बाद थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें होली एवं शब-ए-बरात व आगामी त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान हेतिमपुर चौकी इंचार्ज प्रहलाद गोंड, दरोगा धर्मेन्द्र मिश्रा, दिनेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# पानी बहाने के विवाद में तीन पर केस

बरहज। पानी बहाने को लेकर मारपीट करने पर बरहज पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बरहज के गढ़वा गांव के रहने वाले बृजेन्द्र चौहान ने तहरीर देकर बताया था कि 15 जनवरी को दोपहर में पड़ोस के रहने वाले कुछ लोग दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। कारण पूछने पर नाली का पानी बहाने से मना करने लगे। जिस पर कहा कि वह पानी सरकारी जमीन में जाता है। इसी बात को लेकर मारपीट करने लगे।

# एक ही रात दो जगहों पर चोरी

लार रोड। मईल थाना क्षेत्र के कुंडौली गांव निवासी हरि सिंह के घर में गुरुवार रात चोरों ने घर में घुसकर 16 हजार नगदी सहित एक स्क्रीनटच मोबाइल व एक सोने की चेन चुरा ले गए। वहीं मईल थाना क्षेत्र के कुंडौली चौराहे पर बलिया जिला के हृदय नारायण का एक ट्रक खड़ा था। जिससे गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने लगभग 100 लीटर डीजल की चोरी कर लिया। थानाध्यक्ष मईल संदीप सिंह ने बताया कि छानबीन किया जा रहा है कार्रवाई होगी।

# ईंट भट्ठे पर पुलिस ने की कार्रवाई

लार। कस्बा स्थित एक ईंट भट्ठे पर शुक्रवार की देर शाम लार पुलिस ने कच्ची शराब के विरुद्ध छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान ईंट भट्ठे पर 2 सौ कुंतल लहन नष्ट किया। इस दौरान कच्ची बनाने व बेचने वाले कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा । मामला सत्ता पक्ष के नेता से जुड़े होने के चलते पुलिस केवल लहन नष्ट कर वापस लौट आई।

# प्रधानाध्यापक की हार्ट अटैक से मौत

खुखुन्दू। थाना क्षेत्र के भटहर मोहल्ले निवासी प्राथमिक विद्यालय खुखुन्दू नंबर 1 के प्रधानाध्यापक हाफिज मैनुद्दीन अहमद का हृदय गति रुकने से शुक्रवार को सुबह में निधन हो गया। उनके निधन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार, जिला पंचायत सदस्य संदेश यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयराम प्रसाद, मुहम्मद रब्बुल करीम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उपेंद्र, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य लियाकत अहमद, प्रधानाध्यापक दुर्गानंद दीक्षित आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

हिन्दुस्तान दि० 4·3·23

# डायल 112 के वाहनों की हुई जांच

रामपुर कारखाना। डायल 112 के वाहनों की शुक्रवार को जांच की गई। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस कर्मियों की उपस्थिति और वाहन में जीपीएस चालू होने का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वाहन अपने लोकेशन पर खड़े मिले।

डायल 112 के प्रभारी निरीक्षक वीरसेन सिंह शुक्रवार की दोपहर रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में वाहनों की जांच को निकले। देवरिया कसया मार्ग के यूपी बड़ौदा बैंक के सामने वाहन की जांच की गई। इसके अलावा रामपुर कारखाना चौराहे पर डायल 112 के अपाचे बाइक की जांच हुई। वाहन के जीपीएस चालू होने, पुलिस कर्मियों की उपस्थिति, दिन भर में आई शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई, से संबंधित बिंदुओं पर जांच की गई।

हिन्दुस्तान दि० 5:3:23

# पुलिस ने 50 लीटर शराब पकड़ी

लार। एसडीएम अरुण कुमार व सीओ देव आनन्द के नेतृत्व में शुक्रवार को लार थाना क्षेत्र के दियरा में पुलिस टीम ने कच्ची के अड्डों पर छापेमारी किया। इस दौरान 45 कुंतल लहन नष्ट करने के साथ ही 50 लीटर शराब बरामद किया गया। बिहार व बलिया बॉर्डर से लगे महालमंझरिया दियारा क्षेत्र में पुलिस ने कई जगह छापेमारी की।

दैनिक जागरण दि 4-3-23

# पुरुष वर्ग में श्रावस्ती व बस्ती तो महिला वर्ग में बहराइच व बस्ती फाइनल में

## रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज होगा फाइनल मैच



फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी • जागरण

जासं, देवरिया: 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया, पुरुष वर्ग में श्रावस्ती व बस्ती तो महिला वर्ग में बहराइच व बस्ती ने फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा।

रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरुष व महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबला में खिलाड़ियों ने दमखम का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच गोरखपुर व श्रावस्ती पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें श्रावस्ती की टीम 2-0 से विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच देवरिया व बस्ती जिले की पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती जिले की पुलिस टीम 5-4 से विजयी रही।

महिला वर्ग में पहला सेमीफाइनल मुकाबला देवरिया व बस्ती के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती की टीम ने 1-0 से जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल मैच बहराइच व महराजगंज के बीच खेला गया, जिसमें बहराइच की टीम ने 2-0 से जीत प्राप्त की। निर्णायक की भूमिका में क्रांतिदेव यादव, श्रीराम, रामेश्वर लाल, पुष्पा, विकास रहे।

# ट्रक से 120 लीटर डीजल चोरी

जासं, लार रोड: मईल थानाक्षेत्र के कुंडौली चौराहे के समीप बलिया जिले बेल्थरा रोड के हृदय नारायण सिंह का ट्रक खड़ा था। चोरों ने 120 लीटर डीजल चुरा लिया। उन्होंने मईल पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।

दैनिक जागरण दि० 5.3.23

# कच्ची के विरुद्ध चला अभियान, 45 क्विंटल लहन नष्ट

**जागरण प्रभाव**

- एसडीएम, सीओ के नेतृत्व में आठ घंटे तक लार के दियारा क्षेत्र में चली कार्रवाई
- तस्कर हो गए फरार, अवैध कार्य में संलिप्त महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, लार: होली को लेकर दियारा में धधक रही कच्ची की भट्ठी से संबंधित जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन शुक्रवार को गंभीर हो गया। एसडीएम अरुण कुमार, सीओ देव आनंद के नेतृत्व में पुलिस ने लार के महाल मंझरिया दियारा में आठ घंटे तक कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान 45 क्विंटल लहन जहां नष्ट किए गए, वहीं बड़ी संख्या में धधक रही कच्ची की भट्ठियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। अभियान के चलते तस्कर तो फरार हो गए, लेकिन इसमें संलिप्त एक महिला को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस-प्रशासन की इस कार्रवाई से कच्ची में संलिप्त लोगों में खलबली मची रही।



कच्ची के साथ पकड़ी गई महिला व मौजूद एसडीएम अरुण कुमार, सीओ देव आनंद व पुलिस टीम ● जागरण

होली को देखते हुए दियारा क्षेत्र में कच्ची की भट्ठी बड़े पैमाने पर धधकने लगी थी और कच्ची स्टोर भी की जा रही थी, दैनिक जागरण ने एक मार्च के अंक में पेज संख्या दो पर दियारा क्षेत्र में धधकने लगी कच्ची की भट्ठियां शीर्षक से खबर प्रकाशित किया। जिसके बाद जिला प्रशासन ने इसे संज्ञान में ले लिया। दो मार्च को पुलिस व प्रशासन की टीम ने कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाने को अपनी रणनीति तैयार की और फिर शुक्रवार की भोर में ही पुलिस की टीम दियारा में पहुंच गई। पुलिस टीम को आता देख कच्ची के तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद 50 लीटर कच्ची बरामद किया। साथ ही बड़े पैमाने पर लहन नष्ट किया गया। उधर चौकी प्रभारी अश्वनी सिंह ने क्षेत्र के ईंट भट्ठों पर कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान कच्ची की भट्ठियां जहां क्षतिग्रस्त की गईं, वहीं लहन भी नष्ट किए गए। सीओ ने बताया कि किसी भी दशा में न तो कच्ची बनने दी जाएगी और न ही बिकने दी जाएगी।

दैनिक जागरण दि० 5.3.23

दैनिक जागरण दि० 5-3-23

# पश्चिम चंपारण में मिला बदमाश का लोकेशन

जासं, सलेमपुर, देवरिया: भाजपा कार्यकर्ता को धमकी देने के मामले में पुलिस की जांच में बदमाश का लोकेशन पश्चिम चंपारण में मिला है। उस जेल में सलेमपुर के भरौली वार्ड का रहने वाला सतीश सिंह हत्या के मामले में निरुद्ध है। पुलिस जांच कर रही है कि धमकी देने वाला सतीश सिंह है या उसका कोई गुर्गा है, जिसने जेल में मुलाकात के बाद सतीश सिंह बनकर धमकी दी है। फिलहाल कोतवाली पुलिस उसके गुर्गे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हड़ुआ उर्फ औरंगाबाद गांव के रहने वाले गोरख प्रसाद भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। 28 फरवरी की रात करीब नौ बजे गोरख प्रसाद के मोबाइल पर काल आया। आरोपित ने कहा कि वह जेल से सतीश सिंह बोल रहा है। यदि भूमि खाली नहीं किया तो पूरे परिवार के साथ जान से हाथ धो बैठोगे। धमकी से भाजपा कार्यकर्ता का परिवार दहशत में है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अपराधी सतीश सिंह, कस्बा सलेमपुर गांव का रहने वाला प्रदीप गुप्ता, तेज प्रताप समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। शुक्रवार की भोर में कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि अपराधी सतीश सिंह इस समय पश्चिम चंपारण के जेल में निरुद्ध है। फोन का लोकेशन बेतिया में मिला है, लेकिन फोन सतीश सिंह ने किया है या किसी गुर्गे ने बेतिया जाकर फोन किया है, इसकी जांच की जा रही है। बेतिया जेल के अधीक्षक को प्रकरण से अवगत कराया गया है। उस नंबर से किससे-किससे बात हुई है, इसका पता लगाया जा रहा है।

कर लिया गया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 5.3.23

# मृत शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने पर उठे सवाल

- सड़क हादसे में शिक्षक की मृत्यु के एक दिन बाद भटनी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- दो बाइक की टक्कर में दोनों सवार हो गए थे घायल, सीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: सड़क हादसे में जान गंवाने वाले शिक्षक के विरुद्ध भटनी थाने में मुकदमा दर्ज करने पर सवाल उठने लगा है। इसको लेकर शिक्षकों में नाराजगी है। सीओ भाटपाररानी ने प्रभारी निरीक्षक श्यामानंद राय से स्पष्टीकरण मांगा है।

भटनी थानाक्षेत्र के अमवा तिवारी गांव के पास 22 फरवरी की सुबह करीब नौ बजे सुबह दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर में एक बाइक पर सवार भटनी के बांसघांटी गांव के रहने वाले 51 वर्षीय अरविंद कुमार राय गंभीर रूप से घायल हो गए। वह प्राथमिक विद्यालय बांसघाटी में बतौर प्रधानाध्यापक तैनात थे। जबकि दूसरे बाइक पर सवार धर्मखोर बाबू गांव के राम तपेश्वर कुशवाहा भी घायल हो गए। शिक्षक अरविंद कुमार राय की 28 फरवरी को लखनऊ एक निजी अस्पताल में मृत्यु हो गई। जबकि घायल रामतपेश्वर का इलाज महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में चला। मृत्यु के अगले दिन एक मार्च को रामतपेश्वर कुशवाहा के पुत्र जितेंद्र कुशवाहा ने मृत शिक्षक के विरुद्ध भटनी थाने में तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता अपनी साइड से जा रहे थे।

जबकि शिक्षक अरविंद बाइक से तेज गति से आ रहे थे। उनके पिता की वाहन में ठोकर मार दी। मृत शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने पर शिक्षक नेताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया व सीओ से शिकायत की। भाटपाररानी सीओ विनय यादव ने बताया कि मृत्यु के बाद मुकदमा दर्ज करने के मामले की जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक भटनी श्यामानंद राय से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# जिलाधिकारी आवास पर सवारियों ने किया हंगामा



डीएम आवास के सामने लोगों को समझाती पुलिस ● जागरण

जासं, देवरिया: सवारियों से भरी पिकअप के पकड़े जाने के विरोध में लोगों ने शुक्रवार की रात डीएम आवास पर हंगामा किया। पुलिसकर्मियों ने समझा बुझाकर शांत किया।

हुआ यूं कि रात करीब 8.30 बजे एसडीएम सौरभ सिंह व सीओ श्रीयश त्रिपाठी महुआडीह से एक साथ लौट रहे थे। तभी सवारियों से भरी दो पिकअप सुभाष चौक की तरफ जा रही थी। पिकअप पर कुछ लोग लटके हुए थे। एक पिकअप आगे निकल गया। सीओ के निर्देश पर यातयात पुलिस ने दूसरे पिकअप को सुभाष चौक पर रोक लिया। सवारियों को नीचे उतारा गया। इसके विरोध में सवारियों ने डीएम आवास पर पहुंचकर हंगामा किया। लोगों का कहना है कि रात होने के कारण वह अपने गंतव्य के लिए कैसे जाएंगे। हंगामा देख पुलिसकर्मियों ने उन्हें शांत कराया। उन्हें रोडवेज भिजवाया गया, जहां बस में बैठाकर भेजा गया। सीओ ने बताया कि पिकअप का चालान किया गया था। ट्रक को ओवरटेक के दौरान सवारी बाल-बाल बचे थे। हादसे से बचाने के लिए सभी को पिकअप से नीचे उतारकर बस से भिजवाया गया।

दैनिक जागरण दि० 05.03.2023

# पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च

**जासं, देसही देवरिया:** एसडीएम सदर सौरभ सिंह व सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी ने शांति कमेटी की बैठक में सख्त निर्देश दिए। उन्होंने महुआडीह चौराहे पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया।

महुआडीह थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित बैठक में होली, शब-ए-बरात पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। नशे से दूर रहें। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी पहलुओं की जानकारी ली। सीओ ने ने कहा कि किसी भी प्रकार का उपद्रव करने वालों के के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। कहीं भी कोई गड़बड़ी हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों पर नजर रखा जाएगा। इस दौरान एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर उप निरीक्षक धर्मेंद्र मिश्र, दिनेश मौर्य, बृजानंद यादव, राघवेंद्र आद मौजूद रहे।



महुवाडीह चौराहा पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते सदर एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी (बाएं) ● जागरण

अमर उजाला दि. 04/03/2023

# भाजपा बूथ अध्यक्ष को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

सलेमपुर। भाजपा बूथ अध्यक्ष को धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सतीश सिंह समेत आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। इस मामले में आरोपी का सहयोग करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हडुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद, भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। आरोप है कि 18 फरवरी की रात करीब नौ बजे सतीश सिंह ने फोन कर गोरख प्रसाद को जमीन खाली करने की धमकी दी थी। ऐसा नहीं करने पर उन्हें और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। संवाद

# पुलिस ने ट्रिपल सवारी में कार पर लगाया जुर्माना

## पीड़ित शिक्षक ने बताया दरवाजे पर खड़ी है कार, नहीं गई भटनी बाजार

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। जनपद की पुलिस का गजब कारनामा सामने आया है। उसने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में दरवाजे पर खड़ी कार पर ट्रिपल सवारी का जुर्माना लगाया और चालान कर दिया। सोशल साइट्स पर पूरा वाकया वायरल होने पर लोग पुलिस की खिंचाई करने में लगे हैं।

बरहज थाना क्षेत्र के बारा दीक्षित के खोड़ा गांव निवासी उपेंद्र कुमार शिक्षक हैं। उनका बेटा पढ़ाई के साथ ही व्यवसाय से जुड़ा है। बृहस्पतिवार को उनका बेटा कार के कागजों का ऑनलाइन निरीक्षण कर रहा था तभी जानकारी हुई कि 31 जनवरी को भटनी बाजार में तीन सवारी में चालान हुआ है। यह देख उसके होश उड़ गए, क्योंकि वह कार लेकर भटनी कभी गया ही नहीं।

पीड़ित शिक्षक ने एसपी से शिकायत कर चालान निरस्त करने और लापरवाह पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। इसके पहले भटनी पुलिस ने अमवां पाण्डेय गांव निवासी रितेश पाण्डेय की बलिया में चल रही बाइक का बिना हेलमेट में चालान किया था। इसमें पुलिस की खूब किरकिरी हुई थी।

अमर उजाला 5/03/22

# एसपी से शिकायत कर महिला की सही पहचान कराने की मांग

## महिला के भाई से विजय ने जान का खतरा बताया

संवाद न्यूज एजेंसी

### भटनी थाना क्षेत्र के पिपरा देवराज गांव के विजय प्रताप का मामला

**भटनी।** पिपरा देवराज गांव निवासी विजय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को एसपी से शिकायत कर दो बच्चों के साथ गांव में आई महिला का सही पहचान कराने की मांग की है। साथ ही महिला के भाई से विजय ने जान का खतरा बताया है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला यह है कि भटनी के रामअशीष उर्फ तूफानी की मौत हो चुकी है। आरोप है कि उनकी मौत के बाद पट्टीदार प्रधान ने लेखपाल और सचिव की मदद से वरासत पर धोखे से अपना व परिजनों का नाम दर्ज करा लिया। इसकी जानकारी के बाद बेटा विजय अपने मामा अक्षयवर व गांव के सहयोगियों के साथ एसडीएम से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। शिकायत सही मिलने पर उपजिलाधिकारी सलेमपुर ने लापरवाह लेखपाल अमजद अली को निलंबित कर विजय का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज करने को कहा।

इसी बीच प्रकरण में नया मोड़ तब आया जब एक महिला रीता देवी दो बच्चों के साथ गांव पहुंची और खुद को तूफानी की दूसरी पत्नी बताया। दावा किया कि पत्नी होने के नाते उसका और बच्चों का तूफानी के जायदाद में हिस्सा बनता है। एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

अमर उजाला दि॰ 5/3/22

# पुलिसकर्मियों की उपस्थिति व जीपीएस का लिया जायजा

**रामपुर कारखाना।** डायल 112 के वाहनों की शुक्रवार को जांच की गई। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस कर्मियों की उपस्थिति और वाहन में जीपीएस की सक्रियता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वाहन अपने लोकेशन पर खड़े मिले।

डायल 112 के प्रभारी निरीक्षक वीरसेन सिंह शुक्रवार की दोपहर रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में वाहनों की जांच के लिए निकले। देवरिया-कसया मार्ग के यूपी बड़ौदा बैंक के सामने वाहन की जांच की गई। रामपुर कारखाना चौराहे पर डायल 112 के अपाचे बाइक की जांच हुई। वाहन के जीपीएस चालू होने, पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, कार्रवाई की से संबंधित बिंदुओं पर जांच की गई। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-03-2023

# तमकुहीराज पुलिस अव्वल, पटहेरवा पीछे

**अप्रूवल रेटिंग**

**पडरौना, निज संवाददाता।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा पब्लिक अप्रूल रेटिंग के तहत कराये गये वोटिंग में जनपद के समस्त थानों को 12073 लोगों द्वारा अपना फीडबैक दिया गया। इसमें तमकुहीराज थाने की पुलिस जिले में पहले स्थान पर रही जबकि पटहेरवा थाने की पुलिस सबसे नीचले पायदान पर रही।

अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार द्वारा कराये गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के तहत जनपद कुशीनगर पुलिस की कार्य प्रणाली (ट्विटर, डॉयरेक्ट पोल, पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन, आईजीआरएस एवं जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत अभियोगों (प्रथम सूचना रिपोर्ट/एनसीआर) के संबंध में कुल 12073 व्यक्तियों द्वारा अपना-अपना फीड बैक दिया गया। इसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त कर तमकुहीराज थाने की पुलिस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दूसरे स्थान पर थाना रामकोला, तीसरे पर तरयासुजान, चौथे स्थान पर खड्डा रहा।



खड्डा कस्बे में स्थित शराब की दुकान की जांच करती एसडीएम भावना सिंह व आबकारी इंस्पेक्टर अनिल सिंह। • हिन्दुस्तान

# शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

खड्डा। होली व अग्रिम त्योहारों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम भावना सिंह आबकारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को खड्डा कस्बे में स्थित माडल शाप व अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने होली के दिन दुकानें शाम 5 तक बंद रखने का निर्देश दिया। कहा कि 21 से कम उम्र के युवकों को शराब विक्रय न किया जाए।

# घर में घुस छेड़खानी का आरोप, केस दर्ज

पटहेरवा। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि उसी के गांव का निवासी एक व्यक्ति घर में घुस कर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ किया। पुलिस आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसके गांव का निवासी लालबहादुर बीते 6 फरवरी की शाम महिलाओं को घर में अकेला जानकर घुस गया तथा उनके साथ छेड़छाड़ व अभद्र व्यवहार करने लगा।

# किसानों के सागौन काट ले गये चोर

सुकरौली। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के अनन्तपुर में गुरुवार की रात चोरों ने ग्राम प्रधान व गांव के तीन किसानों के खेतों में लगे सागौन के सात मोटे पेड़ों को काट कर चुरा लिया। सुबह खेत देखने पहुंचे ग्राम प्रधान व किसानों ने खेत में लगे सागौन के पेड़ गायब देख सन्न रह गये। पीडित किसानों ने पुलिस को तहरीर सौंप अज्ञात चारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अनन्तपुर के ग्राम प्रधान सुरेन्द कुमार आर्य, गांव के किसान परागी, रत्नेश व मंगरू ने पुलिस को सौंपे तहरीर में कहा है कि लोगों के खेत में सागौन के सात पेड़ लगाये गए थे। गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने खेत में लगे सागौन के मोटे पेड़ों को काट कर चुरा लिया है।

# मासूम की हत्यारोपी मां पर दर्ज हुआ मुकदमा

**फॉलोअप**

- गुस्से में मां ने अपने तीन साल के बेटे की ले ली थी जान
- पुलिस ने ननद की तहरीर पर दर्ज किया हत्या का मुकदमा

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** गुस्से में मासूम बेटे की जान लेने की आरोपी मां पर अहिरौली बाजार पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। इसी के साथ पुलिस ने मेडिकल कॉलेज मे भर्ती हत्यारोपी महिला को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। अब खतरे से बाहर बतायी गयी है। मेडिकल कॉलेज से छुट्टी मिलते पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी।

थाना क्षेत्र के सिंदुरिया विशुनपुर गांव में गुरुवार को सुबह अजीत यादव की पत्नी आरती देवी ने चाय बनाने को लेकर जेठानी से बहस होने के बाद गुस्से में अपने तीन साल के बेटे की धारदार हथियार से हत्या कर दी और खुद को भी उसी हथियार से वार कर जान देने की कोशिश की। तब घर में मौजूद जेठानी व ननदों के शोर मचाने पर लोग जुटे। पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए निकट के पिपराइच, गोरखपुर सीएचसी भेजवाया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बताया कि इलाज के बाद आरती की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। जल्द ही वह स्वस्थ हो जाएगी। उधर आरती की ननद अनीता ने अहिरौली बाजार पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आरती देवी के खिलाफ मासूम बेटे केशव की हत्या की हत्या का केस दर्ज कर लिया है। केस दर्ज किए जाने के साथ ही पुलिस की एक टीम ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती आरती को अपनी अभिरक्षा में ले लिया।

## नम आंखों से मासूम का किया दाह संस्कार

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरिया विशुनपुर में परिजनों ने भारी मन से नम आंखों के साथ शुक्रवार को मासूम केशव के शव का दाह संस्कार किया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को संयम 4 बजे शव गांव लाया गया। शव देखते ही एक बार फिर से परिजनों की चीख पुकार मच गयी। ग्रामीण गमगीन नजर आए। धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार गांव के पास ही दाह संस्कार कर दिया गया। पिता अजीत यादव ने मुखाग्नि दी।

## आरती के गुस्से ने छीन ली परिवार की खुशियां

चार वर्ष पूर्व आरती की शादी अजीत यादव के साथ बड़े ही धूमधाम से हुई थी। शादी के एक साल बाद उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। जिसका नाम उन लोगों ने प्यार से केशव रखा था। आरती के गुस्से ने पूरे परिवार की खुशियां छीन ली हैं। उसकी खुद की जिंदगी भी नारकीय हो गयी है। उसकी बाकी जिंदगी जेल में कटेगी।

# दहेज हत्या में आजीवन कारावास

**फैसला**

- 13 अप्रैल 2017 को दर्ज हुआ विवाहिता को जलाकर मार डालने का केस
- पुलिस की विवेचना में जेठानी व नाबालिग ननद को पाया गया था दोषी

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह की अदालत ने सेवरही थाना क्षेत्र के राजुपर गांव में हुई विवाहिता की हत्या के मामले में जेठानी को दोषी करार दिया है। इस आधार पर उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। इसके साथ उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न दे पाने पर उसके एक साल की कठोर कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। अर्थदंड का आधा हिस्सा मृतका के पति को दी जाएगी।

एडीजीसी जीपी यादव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि विवाहिता के पिता ने 17 अप्रैल 2017 को इस मामले की एफआईआर सेवरह थाने में दर्ज करायी थी। इसमें नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सेखुई बाजार निवासी हीरा मिश्रा ने बताया था कि उनकी पुत्री रीना की शादी उन्होंने यथासंभव दान दहेज देकर सेवरही थाना क्षेत्र के राजपुर बगहा निवासी सिज्जू राय पुत्र लक्षन राय से की थी। शादी के बाद से ही उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। जानकारी होने पर मैं बेटी के ससुराल गया और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए दहेज दे पाने में असमर्थता जतायी। कुछ दिन बाद 25 मार्च 2017 को बेटी को बुलाने गया तो ससुराल वालों ने उससे मिलने नहीं दिया और दहेज की मांग करते हुए लौटा दिया। इसके बाद 27 मार्च 2017 को दिन में 11 बजे पति सज्जू राय, ससुर लक्षन राय, सास आरती देवी, जेठानी प्रमिला देवी, जेठ सुनील राय व ननद ने उसे बांधकर शरीर पर मिट्टी का तेल उड़ेल दिया और जला दिया। इससे वह 80 फीसदी जल गयी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर हुई और वहां 12 अप्रैल को उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सास, ससुर, पति, जेठ, जेठानी व ननद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। विवेचना के दौरान सास, ससुर, जेठ व पति की नामजगदी गलत पायी गयी। अदालत ने ननद को नाबालिग पाते हुए उसका मामला पत्रावली से अलग कर किशोर न्याय बोर्ड को भेज दिया। ट्रालय के दौरान कुल दस गवाह परीक्षित हुए।

# कच्ची शराब के खिलाफ चला अभियान

कसया, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी भैसहा हेतिमपुर में शुक्रवार को आबकारी विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कच्ची के खिलाफ छापेमारी कर सैकड़ों लीटर लहन नष्ट किया व दर्जन भर भट्ठिया तोड़ी। दो लोगों को पकड़ कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

होली के त्योहार को देखते हुए शासन के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी राजबीर सिंह के निर्देशन में पूरे जिले में कुटीर उद्योग के रूप में फल फूल रहे कच्ची शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार ( कसया क्षेत्र 2 ) के नेतृत्व में आबकारी व पुलिस टीम के द्वारा छोटी गंडक हेतिमपुर के किनारे, ग्राम भैसहा के भर टोली, सदर टोला, पासी टोला, रेगवानिया घाट आदि जगहों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 8 भट्ठियां तोड़ी गई तथा एक हजार लीटर लहन नष्ट किया गया। आबकारी निरीक्षक विनय कुमार, सरोज क्षेत्र 6(कप्तानगंज), हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार मौर्य, रमाकांत यादव, कांस्टेबल जयप्रकाश, आशुतोष पाठक, बृजेश सिंह, सम्मी कुमार व पुलिस टीम से दिग्विजय नारायण राय चौकी प्रभारी कुशीनगर मौजूद रहे।

## छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

**जासं, पटहेरवा:** क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ छेड़खानी कर रहा व्यक्ति शोर पर बाइक मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महिलाओं के शोर मचाने पर वह अपनी बाइक घटनास्थल पर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने लाल बहादुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए बाइक थाने ले आयी है।

# होली में बख्शे नहीं जाएंगे स्टंटबाज, ड्रोन से होगी वीडियोग्राफी

**जागरण संवाददाता, कसया:** होली के दिन बाइक का सायलेंसर खोल कर सड़क पर स्टंटबाजी करने वालों की खैर नहीं है। होलिका दहन के बहाने सामान जलाने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी कराएगा।

- **होलिका दहन के बहाने सामान जलाने वालों पर पुलिस की नजर**
- **शराब पीकर हुड़दंग हुई तो होगी कार्रवाई :सीओ**

शुक्रवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने यह बातें कहीं। सीओ कुंदन सिंह ने कहा कि प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। पर्व के बहाने शराब पीकर हुड़दंग हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने कहा कि नगर और ग्रामीण क्षेत्र में सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेगी।

पूर्व नपा अध्यक्ष कृष्ण कुमार, भाजपा नेता विजय कुमार शुक्ल, राकेश जायसवाल, प्रधान संघ अध्यक्ष अकबर अंसारी आदि ने समस्याएं रखीं तो समाधान का आश्वासन मिला।

संचालन निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने किया।

# संदिग्ध वस्तु व गतिविधियों की दें त्वरित सूचना : एएसपी

**जासं, पडरौना:** पैदल गश्त अभियान के तहत एएसपी रितेश कुमार सिंह ने शुक्रवार रात को मातहतों संग नगर में पैदल गश्त की। दुकानदार व आमजन से मिल एएसपी ने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा में हर पल तत्पर है। घटनाओं से बचने के लिए सभी सावधानी बरतें। संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

कोतवाली परिसर से रात आठ बजे पुलिस बल भीड़-भाड़ वाले स्थान के अलावे प्रमुख मार्गों के रास्ते गुजरा, जहां संदिग्धों की जांच-पड़ताल की। आस-पास पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। गश्त के दौरान एएसपी ने सर्राफा दुकानदारों से भी बातचीत की। कहा कि सुरक्षा तथा मजबूत कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। थोड़ी सावधानी दुकानदार भी बरतें, जिससे कि घटनाओं से बचा जा सके। कहा कि सीसीटीवी कैमरा दुकानों में जरुर लगवाएं। ताकि किसी तरह की घटना होने पर अपराधियों की पहचान में मदद मिल सके। एएसपी ने कहा कि जिले भर में पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस नगर, कस्बों के भीड़-भाड़ वाले स्थान जैसे सर्राफा बाजार, शापिंग माल, बड़ी दुकानों, महिला कालेज के अलावा रेलवे तथा बस स्टेशनों पर पैदल गश्त कर लोगों में सुरक्षा भावना को और मजबूत कर रही है। कोतवाल राजप्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पडरौना नगर में पैदल मार्च में शामिल दाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह ● जागरण

# पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास

**पडरौना।** चुस्त-दुरुस्त कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एएसपी रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने पडरौना नगर सहित कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान त्योहार पर अशांति फैलाने वालों की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी देने के साथ लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया गया।

# शादी के नाम पर शारीरिक शोषण करने वाला गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, कसया:** शादी के नाम पर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपित शुक्रवार को पकड़ा गया। वह तीन माह से फरार चल रहा था। आरोपित नवीन कुमार यादव गाजीपुर जिले के मरदह थाने के साधुपुर गांव का मूल निवासी है। कसया थाना पुलिस ने उसे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया।

29 वर्षीय नवीन की मित्रता फेसबुक के माध्यम से कुशीनगर के पटहेरवा निवासी एक गांव की युवती से हुई थी। बातचीत आगे बढ़ी तो दोनों में प्रेम हो गया। युवक गाजीपुर से चलकर कुशीनगर आता और युवती भी चली आती। दोनों कुशीनगर होटल में मिलते। युवक शादी का झांसा देकर छह माह तक संबंध बनाता रहा। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो उसने इन्कार कर दिया। मोबाइल भी बंद कर दिया। नवंबर 2022 में युवती ने कसया थाने में मुकदमा दर्ज कराया। न्यायालय ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया। पुलिस टीम दो बार आरोपित के घर दबिश देने पहुंची, लेकिन हाथ नहीं लगा। वह कसया पहुंच न्यायालय में आत्मसमर्पण का प्रयास कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष कुमार तिवारी ने बताया कि टीम घेराबंदी की तो आरोपित भागने लगा। विशुनपुरा तिराहा के समीप पर पकड़ा गया।

# ग्राम प्रधान से मांगी दस लाख की फिरौती, हत्या की धमकी

**जागरण संवाददाता, दुद्धी:** विशुनपुरा के ठाढीभार गांव के ग्राम प्रधान व प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता जयप्रकाश यादव से फोन कर दस लाख रुपये की फिरौती मांगने व नहीं देने पर हत्या की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने शुक्रवार को एसपी धवल जायसवाल को शिकायती पत्र देकर सुरक्षा की मांग की है।

पत्र में लिखा गया है कि बदमाशों द्वारा बीते दो सप्ताह से मोबाइल पर धमकी दी जा रही है। वकालत करने न्यायालय जाने में दिक्कत आ रही है।

विभिन्न नंबरों से फोन पर अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। विशुनपुरा थाना पुलिस को जानकारी दी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। 10 दिन पूर्व रात में अलग-अलग 11 नंबरों से फोन कर धमकी मिली थी।

इस मामले में बीते 21 फरवरी को अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद पुनः 27 फरवरी को धमकी मिली। अब तक 200 से अधिक नंबरों से काल आ चुकी है, लेकिन कोई पकड़ में नहीं आ सका है। इससे निरंतर भय बना हुआ है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि सभी नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया है।



खड़्डा में अंग्रेजी शराब की दुकान में स्टाक रजिस्टर की जांच करतीं दाएं से एसडीएम भावना सिंह व आबकारी इंस्पेक्टर अनिल यादव ● जागरण

# शराब की दुकानों की हुई जांच

**जागरण संवाददाता, खड्डा** : कस्बा स्थित दो देसी और एक अंग्रेजी की दुकान पर शुक्रवार को एसडीएम भावना सिंह और आबकारी इंस्पेक्टर अनिल यादव ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर सघन जांच की। हालांकि जांच में कोई अनियमितता नहीं मिली। डीएम रमेश रंजन ने तहसील स्तर पर भी मादक द्रव्यों की जांच और कार्रवाई के लिए टीम गठित की है। इस क्रम में एसडीएम और आबकारी इंस्पेक्टर ने खड्डा स्थित देसी और अंग्रेजी शराब की दुकानों पर छापामारी कर स्टाक रजिस्टर, पुराने स्टाक, रैपर्स आदि की जांच की। एसडीएम ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर शराब की दुकानों की जांच अभियान चल रहा है। तहसील क्षेत्र के किसी भी शराब की दुकान का औचक जांच किया जाएगा। अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# तमकुहीराज पहले व रामकोला दूसरे स्थान पर

- 12073 लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर व्यक्त की अपनी राय
- पटहेरवा व कप्तानगंज थाने की कार्यप्रणाली ठीक नहीं

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर जनपद के थानों की पुलिस की कार्य-प्रणाली को लेकर कराए गए पब्लिक पोल में थाना तमकुहीराज पहले पायदान पर है।

वहीं रामकोला को दूसरा तथा तरयासुजान थाने को तीसरा स्थान मिला है। नागरिकों की राय में पटहेरवा व कप्तानगंज थाने की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं है।

थानों की कार्य-प्रणाली के बारे में राय जानने के लिए एसपी धवल जायसवाल ने एक से सात जनवरी तक नागरिकों से वाट्सएप, फेसबुक तथा ट्विटर के माध्यम से प्रतिक्रिया मांगी थी।

| थाना- | स्थान |
|---|---|
| तमकुहीराज- | पहला |
| रामकोला- | दूसरा |
| तरयासुजान- | तीसरा |
| खड्डा- | चौथा |
| सेवरही- | पांचवां |
| हनुमानगंज- | छठवां |
| महिला थाना- | सातवां |
| कुबेरस्थान- | आठवां |
| विशुनपुरा- | नौवां |
| बरवापट्टी- | 10वां |
| कोतवाली हाटा- | 11वां |
| चौराखास- | 12वां |
| रवींद्रनगर धूंस- | 13वां |
| जटहाबाजार- | 14वां |
| अहिरौलीबाजार- | 15वां |
| तुर्कपट्टी- | 16वां |
| नेबुआ नौरंगिया- | 17वां |
| कोतवाली पडरौना- | 18वां |
| कसया- | 19वां |
| कप्तानगंज- | 20वां |
| पटहेरवा- | 21वां |

इसके अलावा आइजीआरएस तथा एफआइआर व एनसीआर दर्ज कराए लोगों से बात कर उनका फीडबैक लिया गया। निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई। शिकायतकर्ताओं से सुझाव मांगे गए। पूछा गया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस की कार्रवाई से वे संतुष्ट हैं या नहीं।

पब्लिक पोल में ट्विटर के माध्यम से 2715 लोगों ने प्रतिक्रिया दी। जबकि 4058 लोगों से बात कर उनकी राय जानी गई। इसी तरह एनसीआर, एफआईआर दर्ज कराए 462, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाण-पत्र बनवाने वाले 3437 व आइजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराए 1401 लोगों से पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में पूछा गया। इस तरह कुल 12073 नागरिकों से मिली राय के आधार पर एडीजी जोन ने थानों की रैंकिंग तय की।

एसपी-धवल जायसवाल ने बताया कि जनवरी में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नागरिकों से राय मांगी गई थी। प्राप्त सुझाव पर अमल कर पुलिस व नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित किया जाएगा।

नागरिकों से मिली राय पुलिस को और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। खराब प्रदर्शन करने वाले पांच थानों के थानेदारों को कार्य में सुधार के लिए चेताया गया है। सुधार न होने पर निर्देशानुसार इन्हें थानेदार पद से हटाया जाएगा।

# बेटे की हत्या की आरोपी मां पर रिपोर्ट

## मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार, सुरक्षा बढ़ाई गई

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा/अहिरौली बाजार।** मासूम बेटे की चाकू से हत्या करने की आरोपी मां के खिलाफ उसकी ननद की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बेटे की हत्या के बाद आत्महत्या के प्रयास में गंभीर रूप से घायल मां का पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में इलाज चल रहा है।

शुक्रवार को परदेस में रहने वाले परिवार के लोग घर पहुंचे तो माहौल एक बार फिर गमगीन हो गया। मृतक मासूम के पिता, दादा, दादी और ताऊ का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उनको सांत्वना देने के लिए आसपास के लोग मौजूद रहे।

बृहस्पतिवार की सुबह अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुरिया विशुनपुर निवासी अजीत की पत्नी आरती ने अपने तीन साल के बेटे केशव की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। बेटे का कत्ल करने के बाद मां ने अपना गला और हाथ की नस काटकर अपनी जान देने की कोशिश की।

महिला के चीखने पर लोगों को घटना की जानकारी हुई। उसे गंभीर हाल में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया। इस घटना से पूरे क्षेत्र के लोग हैरत में पड़ गए थे। दूसरे दिन भी लोग यही सोचते रहे कि कोई मां इतने गुस्से में आकर अपने बेटे का कत्ल कैसे कर सकती है।

इस मामले में आरोपी आरती की ननद अहिरौली बाजार क्षेत्र के मुंडेरा निवासी धर्मराज की पत्नी अनीता देवी की तहरीर पर बृहस्पतिवार की रात में ही पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

ननद ने तहरीर में बताया है कि भाभी बच्चे को लेकर छत पर कमरे में चली गईं। कमरे को भीतर से बंद करके बच्चे की हत्या कर दी। इसके बाद खुद पर चाकू से वार कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

### बहू ने बुझा दिया खानदान का चिराग

दादी राजपति देवी ने बताया कि उनके वंश में में केशव ही खानदान का चिराग था, जिसे उसकी मां ने ही अपने ही हाथों से बुझा दिया। उन्होंने बताया कि उनके बड़े बेटे रामआशीष की कोई औलाद नहीं है। इसीलिए पूरा परिवार मासूम केशव पर जान लुटाता था। रोते बिलखते दादा-दादी सहित अन्य लोगों को काफी प्रयास के बाद शांत कराया जा सका। कुछ देर घर पर रहने के बाद अजीत अपने बेटे केशव का शव लेने के लिए पडरौना जिला अस्पताल चले गए। रामआशीष भी मेडिकल कॉलेज रवाना हो गए। घटना से दूसरे दिन भी गांव का माहौल काफी गमगीन रहा। लोग अब भी इस सनसनीखेज घटना से उबर नहीं पा रहे हैं।

> आरोपी मां के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभी उसका इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। वहां वह पुलिस की अभिरक्षा में है। उसके ठीक होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-धवल जायसवाल,** एसपी

# न आरती कुछ बोल रही न ही उसकी तरफ से कोई

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। सेंदुरिया विशुनपुर में तीन साल के मासूम की चाकू गोदकर हत्या करने वाली मां आरती कुछ बोल नहीं पा रही है। न ही उसकी तरफ से कोई बोलने वा ला है । मायके वालों ने भी दूरी बना ली है।



घायल आरती।

बृहस्पतिवार को बेटे की हत्या के बाद उसने अपना गला और हाथ की नस काटकर जान देने की कोशिश की थी। डॉक्टर के मुताबिक स्वास्थ्य में सुधार होने पर ही वह कुछ बोल सकेगी। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के महिला सर्जरी वार्ड नंबर चार के बेड नंबर 14 पर वह भर्ती है। उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

शुक्रवार को वार्ड में आरती की जेठानी सविता और छोटी ननद निशा और सविता के एक रिश्तेदार मौजूद थे। आरती के मायके का कोई व्यक्ति वहां नहीं था। काफी प्रयास के बाद आरती की जेठानी सविता ने बताया कि घटना के समय वह खाना पका रही थी। चाय और खाने का सामान लेकर आरती के कमरे में गई तो चीखने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद उन्होंने सबको बुला लिया।

किसी तरह से दरवाजा खोलने पर घटना की जानकारी हुई। हालांकि जेठानी ने देवरानी से किसी तरह की कहासुनी होने से इंकार किया।

### घर पहुंचते ही बदहवास हो गए परिजन

दिल्ली में रहने वाले आरती के पति, जेठ, सास और ससुर शुक्रवार को गांव पहुंचे। घर पहुंचते ही मासूम केशव की दादी राजपति देवी, पिता अजीत यादव, दादा राजनाथ और बड़े पिता रामआशीष काफी देर तक बदहवास रहे। आसपास के लोगों ने किसी तरह से उन लोगों को संभाला।

# सावधानी पूर्वक करें सफर, सक्रिय हो जाते हैं जहरखुरान

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** होली के त्योहार में भीड़ का फायदा उठाने के लिए जहरखुरान, चोर- उचक्के भी सक्रिय हो जाते हैं। इसलिए सावधानी पूर्वक सफर करें। बस हो या ट्रेन, कहीं पर भी झांसे में लेकर जहरखुरान अपना शिकार बना सकते हैं। इसलिए लोगों को बेहद ही सावधानी बरतनी होगी।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि घटनाओं की रोकथाम के लिए निर्देश दिए गए हैं। अचानक जांच कराकर संदिग्धों पर कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों में खरीदारी करने सहित अन्य कामों के लिए लोग ज्यादा बाहर निकलते हैं। इसके अलावा परदेस में रहकर कमाने वाले भी घर लौटते हैं। इस सीजन में ट्रेन और बसों से सफर के दौरान मामूली सी लापरवाही नुकसान दायक हो सकती हैं। पुलिस के अनुसार इसका फायदा उठाने के लिए चोर- उचक्के और जहरखुरान सक्रिय हो जाते हैं। जो लोगों को कभी चाय - कोल्डड्रिंक पिलाकर तो कभी कुछ खिलाकर अचेत कर देते हैं। फिर यात्री का सामान लेकर भाग जाते हैं। भीड़ का फायदा उठाते हुए चोर लोगों के बैग, ब्रीफकेस और झोले से सामान गायब कर देते हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम थोड़ी सी सावधानी बरतकर की जा सकती है।

पुलिस के अनुसार जहरखुरानी गिरोह के सदस्य यात्री बनकर ट्रेन और बसों में सवार होते हैं। इसके बाद अपने बगल में बैठे व्यक्ति से दोस्ती करके उसे चाय, कोल्डड्रिंक, सिगरेट, बिस्कुट या फल इत्यादि नशीली दवा मिलाकर खिला देते हैं।

### त्योहार में ट्रेन और बस से आने वाले यात्रियों को बनाते हैं निशाना

> *बस में यात्रा के दौरान यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना चालक और परिचालक को दें। बीच रास्ते में बसों में सवार होने लोगों पर खास नजर रखने का निर्देश दिया गया है। यात्रा के दौरान कोई व्यक्ति परिचय बढ़ाने की कोशिश करें तो उससे सजग हो जाएं। कीमती सामान लेकर सफर करने से परहेज करें।* **बिंदू प्रसाद,** एआरएम, पडरौना डिपो

### ऐसे करें चोर-उचक्कों और जहरखुरानों से बचाव

- यात्रा के दौरान किसी अजनबी व्यक्ति पर कतई भरोसा न करें।
- किसी अंजान व्यक्ति से कोई खाने-पीने की वस्तु न लें। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के स्टॉल से ही सामान खरीदें।
- यात्रा के दौरान कीमती गहने, नकदी और अन्य महंगी वस्तु लेकर चलने से परहेज करें।
- पास में बैठकर यात्रा करने वालों से सावधान रहें। अंजान व्यक्तियों से दोस्ती के फेर में न पड़ें।
- रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर इंतजार करने के दौरान भी सजग रहें। सामान चोरी होने का डर रहता है।
- यदि किसी पर संदेह हो तो तत्काल डॉयल 112 पर सूचना दें।

> *बस और ट्रेन में यात्रा के दौरान सावधानी बरतें। टेंपो या जीप से भी सफर करने के दौरान सजग रहें। सभी थानेदारों को चोरी की घटनाओं की रोकथाम, अचानक चेकिंग करने सहित अन्य कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। थोड़ी सी सावधानी बरतकर सुरक्षित यात्रा कर सकते हैं।* **- धवल जायसवाल,** एसपी, कुशीनगर

# पांच पशु के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हाटा कुशीनगर :** हाटा पुलिस ने एक पिकअप से पांच गोवंश बरामद किया है, जिसमें तीन गाय व दो बछड़ा शामिल हैं। उपनगर के पिपराइच मोड़ के पास पकड़े गए तस्कर लल्लन निवासी बरवाजंगल थाना कसया के रूप हुई है। दारोगा प्रविन्द कुमार राय, ओमप्रकाश यादव, सिपाही दीपक कुमार, सचिन यादव, हरिअनुग्रह सिंह, जितेंद्र यादव शामिल रहे।

# आठ के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज

दुदही। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़खानी करने सहित अन्य मामलों में न्यायालय के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें छेड़खानी, मारपीट एवं अनुसूचित जाति-जनजाति के उत्पीड़न की धाराएं शामिल हैं। संवाद

## कुत्तों ने 12 लोगों को काटा

**मथौली बाजार।** विकास खंड मोतीचक के गांव अथरहा के भटौली टोले पर एक सप्ताह के भीतर कुत्तों ने 12 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। इससे गांव के लोग भयभीत हैं। अथरहा गांव के भटौली टोले पर कुत्ते दिन रात उत्पात मचा रहे हैं। वे अचानक किसी पर हमला कर दे रहे हैं। गांव की ही लक्ष्मीना, अयोध्या यादव, राम प्रीत, मिठाई, हरी, बाबूराम गुप्ता, जगदीश मिश्र, रेशमी, हृदय यादव सहित अन्य लोगों को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया है। कुत्तों के आतंक से राहगीर भी अपना रास्ता बदलकर आने जाने लगे हैं। ग्रामीणों ने कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी इशांत आनंद ने बताया कि मौसम बदलने की वजह से कुत्ते हमलावर हुए हैं। संवाद

# मनचले ने घर में घुसकर युवती संग की बदसलूकी

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति के घर में घुसकर मनचले ने युवती से बदसलूकी की। युवती के शोर मचाने पर आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला। युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी लाल बहादुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह फरवरी की रात में उनकी बेटी और परिवार की महिलाएं ही घर पर थीं। किसी पुरुष सदस्य नहीं होने की वजह से मनचला लाल बहादुर उनके घर में घुस गया। उसने उनकी बेटी संग बदसलूकी शुरू कर दी। बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। उसकी बाइक वहीं छूट गई। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस छानबीन में जुटी है। इस संबंध में एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि केस दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-03-2023

# 30 कुंतल लहन किया नष्ट

निचलौल। एसडीएम निचलौल राम सजीवन मौर्य, सीओ सूर्यबली मौर्य, आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव, एसओ आनंद गुप्ता ने पुलिस बल के साथ शुक्रवार की सुबह थाना निचलौल के चरभरिया व डोमा खास गांव में अवैध शराब निर्माण रोकथाम के लिए छापेमारी व दबिश की। इस दौरान लगभग 50 से 55 घरों व खेतों और बाग की सघन तलाशी ली गई।

टीम को देखते ही अवैध शराब कारोबारी भाग निकले। टीम ने इस दौरान दौरान कच्ची शराब बनाने के लिए तैयार 30 कुंतल लहन नष्ट कर दिया। मौके से 14 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। टीम ने कई भट्ठियों को भी तोड़ा गया व शराब बनाने के कई उपकरण भी बरामद करके जब्त किया। इस मामले में आबकारी निरीक्षक ने दो अभियोग दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि होली को देखते हुए अभियान चलाया गया था।

# तस्करी का कास्मेटिक का सामान बरामद

सोनौली। सोनौली बॉर्डर की पगडंडियों पर गश्त के दौरान पुलिस ने पांच कार्टून विदेशी कास्मेटिक पाउडर बरामद कर सीज कर दिया है। इस दौरान तस्कर साइकिल छोड़कर नेपाल की ओर भाग गए। कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया पांच कार्टून में विदेशी कास्मेटिक पाउडर बरामद किया गया है।

# पिता ने छह महीने की बेटी की गला दबाकर हत्या की

■ निचलौल क्षेत्र में पिता ने की हैवानियत, पुलिस ने हिरासत में लिया

निचलौल, हिसं। निचलौल क्षेत्र के ग्राम अमडा उर्फ झुलनीपुर में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति ने छह महीने की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपित की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित नरेश साहनी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

अमडा निवासी नरेश के एक लड़का और एक लड़की थी। इसमें लड़का सुनील बड़ा है और लड़की सुनीता छोटी थी। भोर में नरेश की पत्नी सुभावती सास के साथ खेत की ओर गई थी। सुभावती के अनुसार इस बीच नरेश ने सोई हुई पुत्री को पहले बिस्तर से उठाकर पटक दिया और उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य और एसओ आनंद कुमार गुप्ता पहुंच गए और शव को कब्जे में ले लिया। सुभावती की तहरीर पर नरेश के खिलाफ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया।

➤संबंधित खबर P05

# विशेष लोक अदालत 17 व 18 को

महराजगंज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय में विशेष लोक अदालत 17 व 18 मार्च को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय ने दी। उन्होंने बैंकों को अधिक से अधिक नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

# जिले में धारा 144 लागू

महराजगंज। एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने होलिका दहन, होली, शबे-बारात, रामनवमी, बोर्ड एवं विश्वविद्यालय परीक्षा एवं कोविड-19 महामारी के देखते हुए कानून व्यवस्था को बनाये रखने को जिले में धारा 144 लागू कर दिया है। एडीएम ने बताया कि जनपद में निषेधाज्ञा 31 मार्च तक लागू रहेगी।

# चेन स्नैचर को पकड़ा, एनडीपीएस में जेल

परतावल, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत परतावल में गुरुवार की देर रात चेन स्नैचिंग की घटना में पकड़े गए दो आरोपितों को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपितों के अवैध चरस के साथ पकड़ा गया था। चेन स्नैचिंग का मामला तूल पकड़ने के बाद अब पुलिस दोनों आरोपितों के खिलाफ फिर से केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे की है। छातीराम के पूर्व प्रधान व भाजपा नेता राजकुमार सिंह का भांजा अविनाश सिंह उर्फ रोहन सिंह अपनी कार से घर से दुकान पर सोने जा रहा था।

परतावल चौराहे से करीब तीन सौ मीटर दूर गोरखपुर रोड पर कार को रोका। सड़क के किनारे लघुशंका करने के लिए जैसे ही आगे बढ़ा आरोप है कि उसी दौरान बाइक सवार दो आरोपित आए और अविनाश के गले से चेन खींच बाइक से भागने लगे। दोनों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। परतावल चौकी इंचार्ज के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की देर रात छातीराम नहर पुल के पास से आरोपित सबरे आलम निवासी मिश्रौलिया थाना चौक व शकील निवासी छपिया थाना भिटौली को अवैध चरस के साथ पकड़ा गया। चेन स्नैचिंग को लेकर कोई तहरीर नही मिली।

# 30 क्विंटल लहन नष्ट, 14 लीटर कच्ची बरामद

- पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने की छापेमारी
- जंगल क्षेत्रों में सुबह चार बजे से सात बजे तक चली छापेमारी

**जासं, निचलौल**: क्षेत्र के जंगल क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को भोर चार बजे से सात बजे तक कच्ची का कारोबार करने वालों के विरुद्ध लगातार छापेमारी की, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। निचलौल थाने की टीम के साथ पहुंचे अधिकारियों ने जंगल क्षेत्रों के डोमाखास व चरभरिया में करीब 55 घरों में लगातार छापेमारी की, जिसमें घरों में रखे 30 क्विंटल लहन बरामद कर उसे नष्ट किया, तो वहीं करीब 14 लीटर कच्ची बरामद किया गया। टीम के छापेमारी से धंधा करने वाले फरार हो गए। प्रशासन ने कच्ची बनाने के उपकरणों को नष्ट किया।

प्रशासन द्वारा कच्ची के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान से क्षेत्रों में हड़कंप मच गया है। आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव ने कहा कि विभाग द्वारा लगातार छापेमारी करके शराब बनाने वाले के ऊपर कार्रवाई की जा रही है। दो गांवों में अभियान चलाकर 30 क्विंटल लहन नष्ट किया गया है। आगे भी कार्रवाई चलती रहेगी।

आबकारी एक्ट के तहत दो अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी आनंद कुमार गुप्ता, उपनिरीक्षक बृजभान यादव, एसआइ हौसला प्रसाद पुलिस व आबकारी टीम उपस्थित रही।



चरभरिया गांव में लहन नष्ट करती आबकारी व पुलिस विभाग की टीम • जागरण

**20 लीटर कच्ची बरामद**: महराजगंजः जिला प्रशासन और आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को कोतवाली थाना सदर के कुकुरगाढ़े व गोपी गांव में अवैध शराब निर्माण रोकथाम के लिए छापेमारी की कार्रवाई। इस दौरान लगभग 20 घरों व खेतों, बागों की तलाशी ली गई। कुल लगभग 350 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।

मौके से लगभग 20 लीटर कच्ची बरामद हुई। संयुक्त टीम को देखते ही शराब माफिया में भगदड़ मच गई।

आबकारी निरीक्षक अमित कुमार दुबे ने बताया कि तलाशी के दौरान कच्ची बनाने के लिए तैयार लहन लगभग 350 किलोग्राम नष्ट किया गया। मौके से लगभग 20 लीटर कच्ची बरामद की गई और कच्ची बनाने के कई उपकरण भी बरामद करके जब्त किए गए। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दो अभियोग दर्ज किए गए।

# होली की हुड़दंग पर रहेगी पाबंदी पुलिस के साथ पीएसी भी सक्रिय

**जासं, महराजगंज**: होली के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने हुड़दंगियों पर नजर रखने और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही संवेदनशील थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन पीएसी के साथ पुलिस के फ्लैगमार्च और अपरिहार्य स्थिति को लेकर क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) भी तैनात कर दिए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि होली के मद्देनजर जिले को तीन प्लाटून पीएसी की टीमें लगी हुईं हैं। जो प्रत्येक सर्किल स्तर से थाना पुलिस के साथ संवेदनशील स्थानों पर समय-समय पर फ्लैगमार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास करा रही हैं। इसके अलावा समस्त थाना पुलिस को रात्रि में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन समस्त थाना क्षेत्रों में एक-एक क्यूआरटी टीमें सक्रिय रहेंगी, जो किसी भी अपरिहार्य स्थिति में थाना पुलिस टीम को कवर देंगी।

**फ्लैगमार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास** : पनियराः उपजिलाधिकारी सदर मोहम्मद जसीम व सीओ सदर अजय सिंह चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को पनियरा पुलिस ने कस्बे में फ्लैगमार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। इसके बाद उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने रजौड़ा गांव और पनियरा नगर पंचायत के बरगदवा होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया।

थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचरन सरोज, प्रधान यादव, मार्कंडेय तिवारी, शंभू सिंह, यासीन और सिपाही शीतला प्रसाद चौरसिया, केके पांडेय मौजूद रहे।

# तस्करी का सामान बरामद, कस्टम के सिपुर्द

**जासं, सोनौली:** भारत-नेपाल सीमा सोनौली बार्डर के पगडंडी रास्तों पर पुलिस ने गश्त के दौरान पांच कार्टून विदेशी कास्मेटिक पाउडर बरामद कर सीज कर दिया गया। आरोपित सामान के साथ साइकिल छोड़कर नेपाल की तरफ भाग निकले। शुक्रवार की सुबह सोनौली पुलिस ने एसएसबी रोड पिलर नंबर 518/2 के पास गश्त कर रही थी।

इस दौरान टीम को दो साइकिल पर कुछ लोड कर नेपाल की तरफ से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों साइकिल भारत की सीमा में फेंककर नेपाल की तरफ भाग निकले। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि पांच कार्टून विदेशी कास्मेटिक पाउडर बरामद किया गया है। सामान को सीज कर कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग को सिपुर्द किया गया है।

# होली, रामनवमी के मद्देनजर धारा 144 लागू

महराजगंज : अपर जिलाधिकारी डा .पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि होलिकादहन, होली, शबेबारात, रामनवमी, बोर्ड व विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं, कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत जिले में निषेधाज्ञा 31 मार्च तक लागू कर दी गई है। (जासं)

# तस्करी का सामान बरामद, कस्टम के सिपुर्द

**जासं, सोनौली:** भारत-नेपाल सीमा सोनौली बार्डर के पगडंडी रास्तों पर पुलिस ने गश्त के दौरान पांच कार्टून विदेशी कास्मेटिक पाउडर बरामद कर सीज कर दिया गया। आरोपित सामान के साथ साइकिल छोड़कर नेपाल की तरफ भाग निकले। शुक्रवार की सुबह सोनौली पुलिस ने एसएसबी रोड पिलर नंबर 518/2 के पास गश्त कर रही थी।

इस दौरान टीम को दो साइकिल पर कुछ लोड कर नेपाल की तरफ से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों साइकिल भारत की सीमा में फेंककर नेपाल की तरफ भाग निकले। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि पांच कार्टून विदेशी कास्मेटिक पाउडर बरामद किया गया है। सामान को सीज कर कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग को सिपुर्द किया गया है।

# जनता की राय में घुघली प्रथम महिला थाना फिसड्डी

**जासं, महराजगंज:** एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर जिले के सभी थानों के कराए गए आनलाइन फीडबैक सर्वे में घुघली थाने को जहां जिले में प्रथम स्थान मिला है, वहीं महिला थाने को जनता ने फिसड्डी साबित किया है और वहां की कार्यप्रणाली सर्वाधिक खराब दर्ज की गई है। इस रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने जहां घुघली समेत अन्य थानों को जहां शाबासी दी है, वहीं महिला थाना समेत बाटम के पांच रैंक के थानों को सुधार के निर्देश दिए हैं।

एडीजी जोन के निर्देशानुसार लोगों को पुलिस व इंटरनेट मीडिया के माध्यम से जागरूक कर जनवरी की आनलाइन पोलिंग कराई गई थी। ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आइजीआरएस, एफआइआर, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के मामले में निर्धारित सात दिनों के समयावधि में फीडबैक थानावार लिया गया था। आनलाइन शिकायत करने वालों व मुकदमा दर्ज कराने वालों से संतुष्ट या असंतुष्ट होने का भी सुझाव लिया गया था। जनता के फीडबैक में अपने व्यवहार के कारण घुघली थाना प्रथम स्थान पर रहा। इसी प्रकार पिछले माह प्रथम रहे भिटौली थाने को दूसरा स्थान मिला है।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय महराजगंज

## थानावार आंकड़ा

| थाने का नाम | रैंक |
|---|---|
| घुघली | एक |
| भिटौली | दो |
| चौक | तीन |
| निचलौल | चार |
| कोतवाली | पांच |
| पनियरा | छह |
| कोल्हुई | सात |
| फरेंदा | आठ |
| बृजमनगंज | नौ |
| परसामलिक | 10 |
| पुरंदरपुर | 11 |
| बरगदवा | 12 |
| ठूठीबारी | 13 |
| नौतनवा | 14 |
| श्यामदेउरवा | 15 |
| कोठीभार | 16 |
| सिंदुरिया | 17 |
| सोनौली | 18 |
| महिला थाना | 19 |

पब्लिक अप्रुवल रेटिंग सिस्टम में जिले के थाना सोहगीबरवां में अपराध की कमी होने के कारण इस सर्वे से बाहर रखा गया है। शेष 19 थानों की प्रत्येक माह सर्वे कराई जाती है। जनवरी के सर्वे में घुघली थाने की पुलिस को प्रथम स्थान मिला है, वहीं पिछले माह प्रथम पर रहे भिटौली को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। शेष बाटम के पांच रैंक वाले थानों को भी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं।

**आतिश कुमार सिंह**, अपर पुलिस अधीक्षक, महराजगंज

# त्योहारों में खलल डाला तो होगी कार्रवाई : एसडीएम



लक्ष्मीपुर में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते एसडीएम मदन मोहन वर्मा • जागरण

**जागरण टीम, महराजगंज:** होली पर्व और शब-ए-बारात को शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के माहौल में मानने को लेकर शुक्रवार को जगह-जगह पीस कमेटी की बैठक हुई और लोगों को त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान दिया गया। लक्ष्मीपुर संवाददाता के अनुसार होली व शबेबरात को लेकर लक्ष्मीपुर में शुक्रवार को फरेंदा एसडीएम मदन मोहन वर्मा व सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने शांति बैठक कर शांति व सौहार्द पूर्ण तरीके से होली पर्व मानने का सुझाव दिया। इस दौरान चौकी प्रभारी शोभनाथ यादव, अशोक पांडेय, मुहम्मद अहसन खां, संदीप, लाल बिहारी मौजूद रहे।

सोनौली संवाददाता के अनुसार होली पर्व और शबेबरात को शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के माहौल में मानने को लेकर भगवानपुर पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक हुई। कमेटी के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। भगवानपुर चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि होली में किसी भी प्रकार का संदिग्ध चीज, व्यक्ति या शांति व्यवस्था में खलल डालने वाली चीजें दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया, जयराम सिंह, रामकमल, बैजू पांडेय, आजाद अहमद व कविंद्र उपस्थित रहे।

# पिता ने छह माह की पुत्री का गला घोंटा

## पत्नी से हुए विवाद के बाद दिया घटना को अंजाम, गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, (निचलौल) महराजगंज:** पत्नी ने सिर में लगाने के लिए तेल नहीं दिया तो नाराज पति ने छह माह की पुत्री की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना निचलौल थानाक्षेत्र के अमड़ा उर्फ झुलनीपुर गांव की है। शुक्रवार की भोर में घटना को अंजाम देने वाले पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी पत्नी के तहरीर पर की गई। उधर, शुक्रवार को कराए गए पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर पुलिस ने शनिवार को दोबारा पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया है।

निचलौल थानाक्षेत्र के अमड़ा उर्फ झुलनीपुर गांव निवासी नरेश ने गुरुवार की रात सिर दर्द होने की बात कहते हुए पत्नी सुभावती से तेल मांगा, लेकिन सुभावती ने तेल देने से इन्कार कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। सुभावती ने तहरीर में कहा है कि शुक्रवार भोर में सास के साथ वह नित्यक्रिया के लिए गांव से बाहर गई थी। इस बीच नरेश ने मौका देखकर सोई हुई पुत्री सुनीता को पहले उठाकर पटक दिया और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी।

- **पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**
- **पोस्टमार्टम में स्पष्ट नहीं हो सका मृत्यु का कारण, दोबारा होगा**



अमड़ा उर्फ झुलनीपुर में घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस • जागरण

एएसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुत्री के हत्यारोपित नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को हुए पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है और बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। शनिवार को दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 30 क्विंटल लहन, 14 लीटर कच्ची बरामद

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के चरभरिया और डोमा खास गांव में शुक्रवार को एसडीएम रामसजीवन मौर्य के नेतृत्व में आबकारी टीम ने छापा मारा। इस दौरान टीम ने 30 क्विंटल लहन और 14 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। एसडीएम ने बताया कि मौके से अभी आरोपी भागने में सफल रहे। बरामद लहन और शराब को नष्ट कर दिया गया। संवाद

# किशोरी को भगाने के मामले में केस दर्ज

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि किशोरी के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-03-2023

# सरयू की तलहटी में कच्ची के ठिकानों पर लगातार तीसरे दिन छापेमारी

धनघटा (एसएनबी)। जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत के नेतृत्व में धनघटा थानान्तर्गत सरयू की तलहटी में संचालित कच्ची शराब के ठिकानों पर बीते बुधवार को पुलिस द्वारा शुरू किया गया छापेमारी का अभियान लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा।

प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह की अगुवाई में सादे में पुलिस टीम थाना क्षेत्र के तुर्कवलिया नामक गांव के समीप सरयू नदी की दो धाराओं के बीच स्थित रेत पर संचालित कच्ची के ठिकाने पर नाव पर सवार होकर पहुंची तो सामने अचानक पुलिस टीम को देखकर मौके पर शराब का निष्कर्षण करने में जुटे कारोबारी नदी की धारा में कूदकर पुलिस की गिरफ्त में आने से पूर्व फरार होने में सफल हो गए। उसके बाद पुलिस टीम ने सामने धधक रही कई भट्ठियों को तोड़कर नष्ट किया और शराब बनाने में उपयोग होने वाले उपकरणों को कब्जे में लेकर उसे नदी की धारा में समाहित कर दिया। उसके बाद पुलिस टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया।



सरयू की तलहटी में रेत के नीचे छिपाकर रखी अर्द्धनिर्मित कच्ची को नष्ट करते पुलिसकर्मी।

पुलिस का तलाशी अभियान लगातार कई घंटे तक जारी रहा। इस दौरान पुलिस टीम ने तुर्कवलिया गांव के समीप से कम्हरिया घाट पुल तक नदी की दो धाराओं

**घेराबंदी कर तुर्कवलिया गांव के समीप नदी की दो धाराओं के बीच संचालित कच्ची कारोबार के ठिकाने पर पुलिस ने की छापेमारी**

के बीच रेत में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान जगह जगह रेत के नीचे छिपाकर रखा करीब 15 कुन्तल से अधिक मात्रा में अर्द्धनिर्मित शराब और भारी मात्रा में बिक्री के लिए छिपाकर रखी गई तैयार कच्ची शराब भी बरामद किया है। इस दौरान मौके पर मौजूद कोयला, लकड़ी और शराब बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल जैसे गुड़ और नौसादर आदि बरामद करके नदी की धारा में विलीन कर दिया। पुलिस द्वारा लगातार तीन दिनों से कच्ची के विरूद्ध सरयू की तलहटी में कारोबारियों के ठिकानों पर चलाए जा रहे छापेमारी अभियान से कारोबारियों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है जिससे कारोबारियों के बीच हड़कम्प मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह का कहना है कि होली त्योहार के मद्देनजर कच्ची के ठिकानों पर शुरू किया गया यह छापेमारी का अभियान क्षेत्र में कच्ची कारोबार पर पूरी तरह से लगाम लगाने तक लगातार जारी रहेगा। छापेमारी अभियान के दौरान चौकी प्रभारी बिड़हरघाट धर्मेन्द्र यादव, चौकी प्रभारी जगदीशपुर रामकरन निषाद, उपनिरीक्षक अनुज यादव, रंजन राजभर, जितेश कुमार, राजन खरवार समेत तमाम अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मारपीट में एक युवक गंभीर, दो पर मुकदमा

**बस्ती ।** कोतवाली क्षेत्र केगिदही बुजुर्ग गांव में आपसी विवाद को लेकर विजय कुमार, सुनीता व अजय कुमार को आरोपियों ने गायिलां देते हुए लाठी डण्डे से मारापीटा। जिसमें अजय कुमार गम्भीर रूप से जख्मी हो गये जिनकी अस्पताल में नाजुक हालत बनी हुई है। मारने पीटने के बावजूद भी आरोपियों द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मामले में घायल के भाई विनय कुमार पुत्र रंगीलाल विश्वकर्मा ग्राम गिदही बुजुर्ग थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विजय कुमार पुत्र रंगीलाल व सुनीता देवी पत्नी विजय कुमार निवासीगण ग्राम गिदही थाना कोतवाली के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# छापेमारी में बरामद हुआ 35 लीटर कच्ची शराब

**छावनी ।** होली त्यौहार के मद्देनजर कच्ची शराब के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा माझा क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान 35 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। साथ ही शराब बनाने के उपकरण एवं भट्ठी को नष्ट किया गया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस एवं आबकारी विभाग संयुक्त टीम द्वारा होली पर्व के ष्टिगत चलाए जा रहे बिशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में छावनी थाना क्षेत्र के छितौना मांझा व बड़े मांझा में नदी के किनारे और आसपास स्थित संदिग्ध स्थानो छापेमारी कर सघन तलाशी की गई। इस दौरान लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब व होली के लिए तैयार की जा रही शराब हेतु प्रयुक्त लहन व शराब बनाने के उपकरण को बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही दो भट्ठियो को भी तोड़ा गया।

# ट्रैक्टर की ठोकर से युवक की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

लालगंज थाना क्षेत्र के जिभियांव गांव के रहने वाले प्रदुम्न (22) अपनी बाइक संख्या यूपी 51एवाई/ 1441 से बहन को छोड़कर घर वापस आ रहा था। तभी महादेवा चौराहा पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक आकर बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे प्रदुम्न की मौके पर मौत हो गयी और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में मृतक के पिता रतिराम पुत्र धासू निवासी ग्राम जिभियांव थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## घर आते समय रास्ते में पिटाई, केस

**बस्ती ।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के किठूरी निवासी अजय अग्रहरि उमरी अहरा गांव निवासी चन्द्र शेखर के घर से वापस आ रहे थे। जैसे ही वह रामकिशुन के घर पहुचे कि राम किशुन तथा उसके परिवार के कई लोगो ने गोलबन्द होकर अजय अग्रहरि को रोक लिया और लाठी डण्डे से जमकर पिटाई किया। पिटाई में अजय अग्रहरि का पैर व हाथ टूट गया तथा वह बेहोश हो गये। जिसके बाद आरोपियों ने अजय के गले से सोने की चेन व जेब से दस हजार रूपये भी निकाल लिया। मामले में घायल अजय अग्रहरि के पुत्र आनन्द अग्रहरि पुत्र अजय अग्रहरि निवासी किठूरी थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामकिशुन पुत्र झिनक, प्रदीप, ब्रिजनन, शिवाजी पुत्रगण रामकिशुन, राधिका पत्नी रामकिशुन व मालती पुत्री रामकिशुन के साथ ही रामकिशुन की दो बहुए निवासीगण उमरी अहरा थाना मुण्डेरवा तथा रामकिशुन के दामाद के विरूद्ध धारा 147, 323, 325, 342, 307, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## रिश्तेदार ने चुराये पैसे, मांगने पर दी गालियां व धमकी

**बस्ती ।** कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी में रहने वाली महिला राजमती चौधरी पुत्री श्याम लाल चौधरी ने बताया कि उसके रिश्तेदार परशुराम चौधरी पुत्र शिव प्रसाद चौधरी ने उससे जरूरी कार्य के लिए 50 हजार रूपये मांगे थे। राजमती ने विश्वास करके फोन पे के माध्यम से 15500 रूपये दिये तथा घर से बाहर दुकान से कुछ सामान लेने के लिए चली गयी। इस दौरान आरोपी परशुराम चौधरी ने आलमारी में रखा 35 हजार रूपये तथा तीन सादा चेक बुक चुरा लिया। जानकारी होने पर जब राजमती ने आरोपी से पैसे मांगे तो उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी परशुराम चौधरी पुत्र शिवप्रसाद चौधरी निवासी देईडिहा हरैया थाना दुबौलिया के विरूद्ध धारा 380, 406, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## युवक की पिटाई में तीन लोगो पर एससी एसटी का केस

**बस्ती ।** आपसी विवाद को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक को जाति सूचक गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के प्लास्टिक काम्प्लेक्स चौराहा पर सार्जन को कुछ लोगो ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सार्जन पुत्र मुन्शी निवासी जिगनी थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मीनारायण, आशीष त्रिपाठी पुत्र लक्ष्मी नरायण, कौशिक त्रिपाठी पुत्र रामप्रकाश त्रिपाठी निवासीगण मंझरिया विक्रम थाना कोतवाली के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

## महिला से छेड़खानी व पिटाई

**बस्ती ।** कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन जेल रोड स्थित प्रहलाद कालोनी में माया देवी के टैम्पू से आरोपी इदी व शादाब बैटरी व साउण्ड को चोरी से खोल रहे थे। जिन्हे माया देवी द्वारा देख लेने पर शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे आरोपियों ने माया देवी का मुंह बन्द कर उसके साथ छेड़खानी की गयी। परिवार से दो देवर व सास के आ जाने से आरोपियों ने माया देवी सहित परिवार के सभी लोगो को मारापीटा व मंगलसूत्र तथा नाक की कील छीन ले गये। मामले में पीड़ित माया देवी पत्नी दिलीप कुमार चौहान निवासी सिविल लाइन जेल रोड प्रहलाद कालोनी थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी इदी पुत्र मोहम्मद मुमताज खान, शादाब पुत्र इदी, शहनाज पुत्री इदी , तरन्नुम पत्नी इदी निवासीगण सिविल लाइन जेल रोड प्रहलाद कालोनी थाना कोतवाली के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, केस

**बस्ती।** सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर एक महिला से पैसे की ठगी की गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए महिला दुर्गावती देवी पत्नी चन्द्रिका प्रसाद निवासी कराह पिठिया ने बताया कि उसके बेटे लक्ष्मण प्रसाद तथा मोल्हू की लड़की राधिका को सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी अशोक भारद्वाज ने उससे छह लाख पचास हजार रूपये तथा मोल्हू से दो लाख पचास हजार रूपये लिया था। लेकिन नौकरी नही दिलायी। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने पैसे देने से मना करते हुए गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने आरोपी अशोक भारद्वाज पुत्र बाबूराम उर्फ भगवती प्रसाद ग्राम महरी खावा थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 420, 406, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## मारपीट मामले में दो पर केस दर्ज

**बस्ती ।** अभियुक्तों ने एक व्यक्ति की पिटाई करते हुए उसके जख्मी कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा चौराहा पर मामूली विवाद की बात को लेकर राजेन्द्र प्रसाद को आरोपी रामकरन व उसके लड़के ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामहित निवासी मुरादपुर उर्फ बेलराई थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामकरन चौधरी तथा रामकरन चौधरी का लड़का निवासीगण कठैचा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर तथा उनके दो अन्य साथी के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी विधिक कार्रवाई : कमिश्नर

बस्ती (एसएनबी)। त्यौहारों के दौरान अराजकता किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन किसी भी घटना से सख्ती से निपटेगा। इस दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यवाही होगी तथा किसी को भी कानून से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने अधिकारियों को दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि नयी परम्परा की शुरूआत न हो। उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। लोगों से सम्वाद स्थापित करे तथा प्रशासन के प्रति उनमें विश्वास पैदा करें।

उन्होंने कहा कि होली, शब-ए-बारात, नवरात्र, रामनवमी तथा रमजान का महीना इस माह में शुरू हो रहा है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि स्थानीय धर्म गुरूओं से नियमित संवाद बनाये रखे। उन्होंने विशेष रूप से जुलूस के रूट का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम तथा सीओ को निर्देशित किया है। पीडब्ल्यूडी, विद्युत, आबकारी, नगर पंचायत, खाद्य सुरक्षा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उनके साथ में रहेंगे। ढीले तारों को विद्युत विभाग तत्काल ठीक करेगा। रास्ते में कहीं गड्ढा होगा तो पीडब्ल्यूडी या नगर पंचायत उसे ठीक कराएंगे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था टीमवर्क का कार्य है। नगरीय क्षेत्र में नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।



बस्ती : बैठक करते कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र।

फोटो : एसएनबी

**कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक**

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी सीएचसी/पीएचसी पर डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ ड्यूटी पर मौजूद रहे। एम्बुलेन्स तैयार रहे तथा स्थानीय प्रशासन के सम्पर्क में रहें। विशेष रूप से स्वास्थ्य, विद्युत, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी का फोन नम्बर एसडीएम तथा सीओ के पास अवश्य रहे। विद्युत विभाग एक कंट्रोल रूम स्थापित करे। आईजी आरके भारद्वाज ने कहा कि प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर पुलिस, होमगार्ड, चौकीदार के साथ ही मोहल्ला कमेटी के सदस्य की ड्यूटी लगा दें। पुलिस विभाग इस बार खुले में होली नहीं खेलेगा बल्कि पुलिस लाईन अथवा थाने के अन्दर खेलेंगे। होली के दिन सभी अधिकारी फील्ड में रहें। पिछले सभी त्यौहार का रजिस्टर देखकर घटना स्थल का मुआयना करें। धारा 107/16 के साथ-साथ 117 की कार्यवाही भी करें। अराजकता फैलाने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये तथा जुर्माना वसूल करें। सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि जिला शान्ति समिति की बैठक में सभी सदस्यों से सम्पर्क रहते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीआरओ नीता यादव, एसडीएम शैलेन्द्रनाथ चौधरी, उप जिलाधिकारी शैलेश दुबे, आनन्द श्रीनेत, अतुल आनन्द, सीओ शेषमणि उपाध्याय, विनय चौहान, प्रीति खरवार, एसीएमओ डा. फखरेयार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता विद्युत महेन्द्र कुमार मिश्र, ज्ञान प्रकाश, मनोज सिंह, सिंचाई के राकेश कुमार गौतम, पीडी कमलेश सोनी, बीएसए डा. इन्द्रजीत प्रजापति, थानाध्यक्षगण तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# छावनी के माझा में सात सौ किलो लहन नष्ट

घघौवा। आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को छावनी थाना क्षेत्र के छितौना मांझा व बड़े मांझा में नदी के किनारे और आसपास स्थित  संदिग्ध स्थानों पर दबिश दिया। व्यापक तलाशी अभियान चलाया। दबिश के दौरान करीब 35 लीटर अवैध कच्ची शराब व होली के लिए काफी मात्रा में शराब बनाने के लिए जुटाया गया 700 किलो लहन, शराब बनाने का उपकरण आदि नष्ट किया गया।

# मारपीट की आरोपी महिला गिरफ्तार

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मंजुला पत्नी प्रदीप निवासी उमरी अहरा को गिरफ्तार किया गया। इन पर मारपीट करने व बंधक बनाने में सहयोग का आरोप है।

# इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

बस्ती। कलवारी पुलिस ने गैंगेस्टर के आरोपी कृष्ण गोपाल निवासी गजया थाना कलवारी को गिरफ्तार किया। कृष्ण गोपाल पर 25 हजार रुपये का इनाम है। उसके खिलाफ नगर थाने में गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज है। इसके अलावा नगर थाने में भी तीन मामले दर्ज हैं।

# पति व ससुर पर दहेज उत्पीड़न का केस

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने प्रिया पत्नी रुपेश कुमार गौश्र निवासी आवास विकास कालोनी की तहरीर पर पति रुपेश, ससुर काशी प्रसाद गौड़ के खिलाफ महिला उत्पीड़न व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि दहेज़ की बात को लेकर आए दिन मारपीट करते हैं।

# ट्रक का बकाया पैसे न देने पर केस

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के बेलाड़ी रानीपुर निवासी चन्द्र प्रकाश गौतम से महेन्द्र सिंह ने अपना ट्रक संख्या यूपी 51 टी/ 8424 को पन्द्रह लाख रूपये में बेचा था। जिसका दस लाख नब्बे हजार देने के बाद चार लाख दस हजार रूपये का चेक दे दिया। लेकिन खाते में पैसे न होने से चेक बाउन्स हो गया। महेन्द्र सिंह ने जब शेष पैसे चन्द्र प्रकाश से मांगे से पैसे देने से हीला हवाली की जाने लगी। मामले में पीड़ित महेन्द्र सिंह पुत्र प्रताप नरायण सिंह निवासी मेही हरदो पोस्ट तुरकौलिया तिवारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चन्द्रप्रकाश गौतम पुत्र रामसवेरे निवासी बेलाड़ी रानीपुर थाना नगर के विरूद्ध धारा 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एण्टी रोमियो अभियान : नौ से भरवाया माफीनामा

**बस्ती ।** एंटी रोमियो स्कवाड टीम प्रभारी उपनिरीक्षक किरण भास्कर व महिला का. शिल्पा मिश्रा. म.का. श्वेता सरोज, म. का. एकता सिंह के द्वारा थाना वाल्टरगंज क्षेत्र अन्तर्गत मनौरी, देश राज नारंद दयानन्द इन्टर कालेज के आस पास व कस्बा मे अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग किया गया। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नम्बर के बारे मे बताते हुए जागरूक कर हेल्पलाइन नंबर तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क करने हेतु बताया गया। साथ ही अनावश्यक रूप से घूम रहे करीब 30 व्यक्तियों से पूछताछ कर 9 मनचलों से माफीनामा भरवाया गया व शेष को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया । साथ ही हीरालाल इन्द्रपति देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय वाल्टरगंज में बालिकाओं को जागरुक किया गया तथा महिलाओ एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन) फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव सम्बन्धी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर जैसे1090, 112, 1076,1098,108, की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया।

# बच्चों के विवाद में महिला की पिटाई,केस

**बस्ती ।** बच्चों के विवाद की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता के देवरानी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पिपरहिया गांव में बच्चो की बात को लेकर गायत्री देवी को उसकी जेठानी गीता देवी व बेटी रूनझुन ने गालियां देते हुए मारापीटा। जिससे गायत्री देवी के शरीर व सिर में चोटे आयी है। मामले में पीड़िता गायत्री देवी पत्नी रामजी निवासी पिपरहिया थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गीता पत्नी राम सजीवन, रुनझुन पुत्री रामसजीवन निवासीगण पिपरहिया थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मकान बंटवारे के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती ।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के धौरहरा गोचना गांव में मकान बंटवारे के विवाद को लेकर सूर्यमती देवी को आरोपी रामरेखा ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में सूर्यमती देवी बुरी तरह से जख्मी हो गयी। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पीड़िता सूर्यमती देवी पत्नी रामरक्षा निवासी धौरहरा गोचना, भरवलिया, थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामरेखा यादव पुत्र संतराम यादव निवासी धौरहरा गोचना थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पच्चसी हजार का इनामिया गिरफ्तार

**बस्ती(एसएनबी)।** थानाध्यक्ष कलवारी मय पुलिस टीम के सफल प्रयास से थाना नगर में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 34/2023 धारा 3 (1) उप्र गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25000 के इनामिया अभियुक्त को सहारनपुर मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण कृष्ण गोपाल पुत्र रामजनम निवासी गजया थाना कलवारी जनपद बस्ती है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष कलवारी आलोक श्रीवास्तव , का. अखिलेश यादव, का. अरुण यादव, का. अवधराज यादव थाना कलवारी जनपद बस्ती शामिल रहे।

# रिश्तेदार पर चोरी का आरोप

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने राजमती चौधरी निवासी आवास विकास कालोनी ने आरोप लगाया कि उनके रिश्तेदार परशुराम चौधरी निवासी देईडीहा हरैया थाना दुबौलिया 15 हजार रुपया फोन पे करा लिया। घर में रखा 35 हजार रुपया नगद और तीन सादा चेकबुक चुरा लिया।

# अश्लील मैसेज करने पर केस

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने बिहार के युवक के खिलाफ दो युवतियों को अश्लील मैसेज करने व बदनाम करने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में युवक ने बताया कि बिहार गोपालगंज के कोनवा निवासी हिन्द आजम उनकी बहन और चचेरी बहन को अश्लील मैसेज करता है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। दुष्कर्म के आरोप में दुबौलिया थाने से वांछित आरोपी रोहित कुमार निषाद निवासी ग्राम पैकोलिया थाना छावनी को दुबौलिया पुलिस ने गुरुवार की देर शाम उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया कां. ओम प्रकाश गौतम, धनंजय यादव और अविनाश गौड़ शामिल रहे।

# रेलवे फाटक पर ट्रैक्टर ने मारी ठोकर, दो घंटे प्रभावित रहा ट्रेन का संचालन

वाल्टरगंज, हिन्दुस्तान संवाद। गोविन्दनगर रेलवे स्टेशन वाल्टरगंज के पूर्वी समपार फाटक शुक्रवार को ट्रैक्टर ने ठोकर मार दिया। इसके चलते फाटक का खंभा टूट गया। मामले की जानकारी अधिकारियों को हुई तो आनन-फानन में इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची और दो घंटे में मरम्मत कर फाटक को सही किया। इस दौरान ट्रेनों को अस्थाई पाइप लगाकर निकाला गया। ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

वाल्टरगंज रेलवे स्टेशन के पूर्वी समपार फाटक पर शुक्रवार दिन में 10.55 बजे ट्रेन आने की सूचना पर गेटमैन सुभाष गेट बंद कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रैक्टर तेज गति आया और फाटक को ठोकर मार दिया। सुभाष ने घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक और अन्य उच्च अधिकारियों को दिया। सूचना पाकर वाल्टरगंज थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव, एसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे।

# 'अराजकों पर सख्त कार्रवाई करें अधिकारी'

**बैठक**

बस्ती, निज संवाददाता। अराजकता किसी स्तर पर बर्दाश्त नही की जाएगी। प्रशासन किसी भी घटना से सख्ती से निपटेगा और निष्पक्ष पारदर्शी कार्रवाई करेगा। किसी को भी कानून से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। यह निर्देश आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने अधिकारियों को दिया है। बस्ती कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नई परम्परा की शुरूआत न हो। एसडीएम, सीओ व अन्य विभागीय अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें और लोगों से संवाद स्थापित करें। उनका व्यवहार ऐसा हो कि वह जनता का भरोसा जीत सके।

आयुक्त ने कहा कि होली, शब-ए-बारात, नवरोज नवरात्रि तथा रमजान का महीना इस माह में शुरू हो रहा है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि स्थानीय धर्म गुरूओं से नियमित संवाद बनाये रखें।



कलक्ट्रेट बस्ती सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक को संबोधित करते आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र। ● हिन्दुस्तान

सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने जिला शान्ति समिति की बैठक में सभी सदस्यों से सतर्क रहते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीआरओ नीता यादव, एएसपी दीपेन्द्रनाथ चौधरी, एसडीएम शैलष दूबे, आनन्द श्रीनेत, अतुल आनन्द, सीओ शेषमणि उपाध्याय, विनय चौहान, प्रीती खरवार, एसीएमओ डा. फखरेयार हुसैन, अधिसाशी अभियन्ता विद्युत महेन्द्र कुमार मिश्र, ज्ञान प्रकाश, मनोज सिंह, सिंचाई के राकेश कुमार गौतम, पीडी कमलेश सोनी, बीएसए डॉ. इन्द्रजीत प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# ट्रक बेचकर रुपया हड़पने का केस

बस्ती। नगर पुलिस ने ट्रक बेचकर रुपया हड़पने को केस दर्ज किया है। पुलिस को दिये तहरीर में महेन्द्र सिंह निवासी मेही हरदा तुरकौलिया तिवारी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ने आरोप लगाया कि चंद्रप्रकाश गौतम निवासी बेलाड़ी रानीपुर ने उनके ट्रक को 15 लाख रुपया में बेच दिया। उन्हें 10 लाख 90 हजार रुपया दिया और चार लाख 10 हजार रुपया हड़प लिया। नगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गबन का मुकदमा दर्ज किया है।

# मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप

**बस्ती:** कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक युवक अलग-अलग नंबरों से उनकी बहन व चचेरी बहन को फोन व मैसेज करके बदनाम कर रहा है। उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर जानमाल की धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हिंद आजम उर्फ रियाज निवासी कोनवा जिला गोपालगंज बिहार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# मारपीट कर दी जानमाल की धमकी

**बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के जिगनी निवासी सार्जन पुत्र मुंशी ने पुरानी बस्ती पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरुवार को प्लास्टिक काम्प्लेक्स चौराहा पर कुछ लोगों ने उन्हें जाति सूचक शब्द कहते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तहरीर के आधार पर लक्ष्मी नारायण, आशीष त्रिपाठी व कौशिक त्रिपाठी निवासीगण मंझरिया विक्रम थाना कोतवाली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# छापेमारी में लहन व 35 लीटर कच्ची बरामद

**जासं, विक्रमजोत, बस्ती :** छावनी थाना क्षेत्र के छतौना गांव के मांझा क्षेत्र में शुक्रवार को आबकारी टीम ने सरयू नदी के किनारे और आसपास के जगहों पर दबिश दी। इस दौरान लगभग 35 लीटर अवैध कच्ची शराब व होली के लिए भारी मात्रा में तैयार की जा रही 700 किलोग्राम लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। दो भट्ठियों को मौके पर नष्ट किया। कच्ची शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। उप आबकारी आयुक्त बस्ती प्रभार पीसी पाल, संयुक्त आबकारी आयुक्त जोन गोरखपुर अरविंद कुमार राय, आबकारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, अंगद कुमार गौड़ व कांस्टेबल साहब यादव, सदानंद, दीनानाथ आदि थे।



छतौना गांव में कच्ची निर्माण पर छापा डालती आबकारी टीम ● सौ.विभाग

# फर्जीवाड़ा में पूर्व विधायक पर मुकदमा

- गोसाईगंज के पूर्व विधायक ने बस्ती से लिया था शस्त्र लाइसेंस
- हर्रैया थाने में प्रभारी निरीक्षक ने दर्ज कराया मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पता बदल कर बस्ती जिले से शस्त्र लाइसेंस जारी कराने वाले गोसाईगंज के पूर्व विधायक खब्बू तिवारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इस प्रकरण में बस्ती के जिलाधिकारी को तलब किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण में आरोपित पूर्व विधायक के खिलाफ गुरुवार को ही मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। आनन फानन मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मुकदमा हर्रैया के प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह की ओर से दर्ज कराया गया है। जिलाधिकारी की ओर से हाईकोर्ट में एक माह में कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

आरोप है पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी पुत्र कृष्ण गोपाल तिवारी निवासी देवकाली (श्रीराम गेस्ट हाउस के पीछे) थाना-कोतवाली नगर जनपद अयोध्या द्वारा 1995 में हर्रैया थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया नेपाल सिंह का निवासी होने संबंधी फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत कर शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। खब्बू तिवारी के खिलाफ फैजाबाद जिले में आपराधिक मुकदमों की लंबी फेहरिस्त है। शस्त्र लाइसेंस लेने के लिए बस्ती जिले में पता बदलकर आवेदन किया कराया और शस्त्र जारी करा लिया। सत्ता से दूर होने के बाद 1996 में सोनभद्र में एक आपराधिक वारदात के बाद आरोपित विधायक की यह कारगुजारी सामने आई थी। अयोध्या के तत्कालीन एसपी ने पत्र के जरिये बस्ती के तत्कालीन डीएम को पता बदलकर खब्बू के नाम शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाने की जानकारी दी थी। इस क्रम में चार जुलाई 96 को तत्कालीन डीएम ने खब्बू के नाम जारी शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया। इतने लंबे समय के बाद भी पुलिस ने अब तक न तो उनसे शस्त्र जमा कराया और न ही कोई कार्यवाही की। यह मामला अब जब हाईकोर्ट में पहुंचा तब पुलिस प्रशासन की निद्रा टूटी। बहरहाल गुरुवार को खब्बू तिवारी के खिलाफ हर्रैया थाने में फर्जी दस्तावेज के सहारे शस्त्र लाइसेंस जारी कराने और लाइसेंस निरस्त किए जाने के बाद शस्त्र जमा न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसकी विवेचना उपनिरीक्षक मनोज कुमार दूबे को सौंपी गई है।

# हरे पेड़ों की हो रही कटान, विभाग बेपरवाह

**जासं, बानपुर, बस्ती :** एक तरफ जहां सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर है तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से लकड़ी माफिया धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटान करा हरियाली को नष्ट कर रहे हैं। लालगंज थाना क्षेत्र के में प्रतिबंधित महुआ के पेड़ों पर इलेक्ट्रिक आरी चलाई जा रही है। थाना क्षेत्र के मकदूमपुर गांव में पंचायत भवन के पीछे गुरुवार की सुबह 10 बजे महुआ के कई पेड़ काटे गए।

पेड़ काटने वालों को रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। हरे पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से हो रही है। वन विभाग के अधिकारी सबकुछ जानने के बाद भी हरियाली को बचाने के लिए उचित कदम नहीं उठा रहे हैं। इससे लकड़ी माफिया के हौसले बुलंद हैं। वन दारोगा अजय प्रताप सिंह ने बताया कि महुआ का पेड़ काटने वाले दीपक पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बच्चों के विवाद को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती** : वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पिपरहिया गांव निवासी गायत्री देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पहली बुधवार को बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर उनकी जेठानी गीता पत्नी राम सजीवन व उनकी बेटी ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामी आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में कलवारी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव की ओर से उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

थानाध्यक्ष कलवारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि कृष्ण गोपाल निवासी गजया थाना कलवारी आपराधिक प्रवृत्ति का हैं। उसके विरुद्ध नगर थाने में तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बताया कि कृष्ण गोपाल गिरोह बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। सूचना के आधार पर गुरुवार की रात क्षेत्र के सहारनपुर गांव के मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया।



कलवारी थाने में पकड़े गए पुरस्कार घोषित गैंगेस्टर के आरोपित जागरण

# रिश्तेदारी पर चोरी और रकम हड़पने का आरोप

**बस्ती:** आवास विकास कालोनी की रहने वाली राजमती चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 फरवरी की रात 10 बजे उनके रिश्तेदार परशुराम चौधरी निवासी देईडिहा हरैया थाना दुबौलिया उनके पास पहुंचे। रिश्तेदार ने उनसे 50 हजार रुपये मांगा तो उन्होंने उस पर विश्वास करके फोन पे के माध्यम से 15500 रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिया। इसी बीच वह घर से बाहर दुकान पर कुछ खाने का सामान लेने चल गईं। रिश्तेदार परशुराम ने आलमारी में रखा 35 हजार रुपया व तीन सादा चेक चुरा लिया। (जासं)

# बस्ती व श्रावस्ती का फाइनल में प्रवेश

## रविंद्र शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज खेला जाएगा फाइनल मैच

- पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता का खेला गया सेमीफाइनल मैच
- महिला वर्ग में बहराइच व बस्ती की टीम भी फाइनल में पहुंची

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया, पुरुष वर्ग में श्रावस्ती व बस्ती तो महिला वर्ग में बहराइच व बस्ती ने फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा।

रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरुष व महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबला में खिलाड़ियों ने दमखम का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच गोरखपुर व श्रावस्ती पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें श्रावस्ती की टीम 2-0 से विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच देवरिया व बस्ती जिले की पुलिस टीम के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती जिले की पुलिस टीम 5-4 से विजयी रही।

महिला वर्ग में पहला सेमीफाइनल मुकाबला देवरिया व बस्ती के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती की टीम ने 1-0 से जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल मैच बहराइच व महराजगंज के बीच खेला गया, जिसमें बहराइच की टीम ने 2-0 से जीत प्राप्त की। निर्णायक की भूमिका में क्रांतिदेव यादव, श्रीराम, रामेश्वर लाल, पुष्पा, विकास रहे।



स्टेडियम में फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी ●जागरण

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बस्ती महोत्सव शुरू

## सांसद, आयुक्त, आइजी ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया महोत्सव का शुभारंभ, फरुवाही नृत्य ने कार्यक्रम में बांधी समा



दीप प्रज्वलन कर बस्ती महोत्सव का शुभारंभ करते सांसद हरीश द्विवेदी साथ में मंडलायुक्त योगेश्वरराम मिश्र, आइजी आरके भारद्वाज, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा.राजेश कुमार प्रजापति, डा.श्रेया व अन्य •जागरण



बस्ती महोत्सव में हनुमानजी महाराज पर प्रस्तुति देता कलाकार •जागरण



फरुवाही लोकनृत्य प्रस्तुत करते कलाकार •जागरण



महोत्सव में सांसद हरीश द्विवेदी, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष व अन्य •जागरण



बस्ती महोत्सव का आनंद लेते दर्शक •जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** बस्ती क्लब परिसर में तीन दिवसीय बस्ती महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया। सांसद हरीश द्विवेदी, मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, आइजी आरके भारद्वाज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए तीन दिनी बस्ती महोत्सव के आयोजन से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। कहा यह महोत्सव आमजन का है। इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएं।

महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन एक दिन पहले शाम आठ बजे हुआ। इससे पहले हरि प्रसाद सिंह की टीम ने अवध क्षेत्र का लोकप्रिय फरुवाही नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। सिद्ध एकेडमी के कलाकारों ने जन के राम कार्यक्रम के तहत भगवान श्रीराम के जन्म और विवाह से जुड़े मंगलगीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव, डा.आकांक्षा, डा.श्रेया, उपजिलाधिकारी आनंद श्रीनेत, अतुल आनंद, शैलेश दुबे और गिरिश कुमार झा के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मानवी सिंह और पूर्णिमा श्रीवास्तव ने किया।

**विभागों की प्रदर्शनी सराही गई:** बस्ती महोत्सव में विभिन्न विभागों की जनोपयोगी प्रदर्शनी लगायी गयी। कृषि, स्वास्थ्य, पंचायतीराज, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, ग्रामीण आजीविका मिशन शहरी तथा ग्रामीण, जिला कार्यक्रम, पशुपालन विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, बैंकिंग संस्थान तथा खादी ग्रामोद्योग से जुड़े समूहों की आकर्षक प्रदर्शनी का पूरे दिन लोगों ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सामानों की खरीदारी भी लोगों ने जमकर की।

**महोत्सव में आज:** 4 मार्च शनिवार को 2 बजे से स्वच्छ भारत मिशन एवं आयुष्मान भारत संबंधी गोष्ठी आयोजित होगी। शाम 4 बजे सूफी नाइट्स, 6 बजे कत्थक नृत्य पर्णिका श्रीवास्तव और टीम की प्रस्तुति, शाम 6.30 बजे से रामायण बैले नृत्यांजलि ग्रुप की प्रस्तुति तथा रात 8.30 बजे से भोजपुरी नाइट में रितेश पांडेय की प्रस्तुति होगी।

दिन में विभागीय गोष्ठी एवं स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार देश की संस्कृति को संजोने का कार्य कर रही है। बस्ती महोत्सव इसी कड़ी का हिस्सा है।

इस महोत्सव के आयोजन से स्थानीय कलाकारों को एक उचित मंच मिलता है। बस्ती महोत्सव की निरंतरता बनी रहेगी। यह महोत्सव जिले को एक अलग पहचान देता है।

# होली में सक्रिय हो गए शराब के धंधेबाज

**विक्रमजोत।** होली में एक ओर आबकारी विभाग जहां दुकानों के व्यवस्थापन में उलझा है, वहीं दूसरी ओर कच्ची शराब के धंधेबाज बाजार में खपत को लेकर ताना बाना बुन रहे हैं। यह तथ्य तब उजागर हुआ जब आबकारी विभाग की टीम ने छावनी थाना क्षेत्र के छतौना गांव के माझा क्षेत्र में दबिश दी। यहां 35 लीटर कच्ची व सात क्विंटल लाहन बरामद किया गया। लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। संवाद

# आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने शहर के एक व्यक्ति की तहरीर पर बिहार के गोपालगंज जिले के कोनवा निवासी हिंद आजम उर्फ रियाज के खिलाफ धमकी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि वह वादी की बहन व चचेरी बहन को फोन व मैसेज करके बदनाम और परेशान कर रहा था। संवाद

# बाकी रकम न देने पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**गोटवा, बस्ती :** नगर पुलिस ने खरीदे गए ट्रक की पूरी कीमत न देने के आरोप में एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। नगर पुलिस को दिए गए तहरीर में महेंद्र सिंह निवासी मेही हरदो थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ने बताया कि उन्होंने अपना ट्रक नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाड़ी रानीपुर निवासी चंद्र प्रकाश गौतम को 15 लाख रुपये में बेचा था।उस समय आरोपित ने उन्हें 10.90 लाख रुपये नकद दिए थे। शेष बचे 4.10 लाख रुपये का चेक दे दिया था। चेक जब बैंक में लगाया तो खाते में रुपया न होने की वजह से वह बाउंस हो गया। इसके बाद जब बकाया रुपया मांगा तो आरोपित हीलाहवाली करने लगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। (जासं)

# दफ्तरों में प्लास्टिक कवर पानी की बोतलों पर रोक

## शासन के निर्देश का सख्ती से कराया जाएगा पालन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सरकारी दफ्तरों में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल और कागज की बर्बादी को रोकने के लिए प्रशासन ने निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यालयों में अधिक से अधिक सॉफ्ट कॉपी का इस्तेमाल किया जाए। अब बैठकों में पानी के लिए प्लास्टिक बोतल का उपयोग नहीं किया जाएगा। स्पष्ट कहा गया है कि इन निर्देशों का सख्ती से तत्काल पालन सुनिश्चित किया जाए।

शासन ने निर्देश दिया है कि सरकारी कार्यालयों में कागज का दुरुपयोग रोका जाए। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर भी रोक लगा दी है। जिले में इसके लिए सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वह इस पर नजर रखेंगे। सभी कार्यालय अध्यक्षों को डीएम प्रियंका निरंजन ने पत्र भी जारी कर दिया है।

### पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कागज के दुरुपयोग पर भी लगी रोक

डीएम ने बताया कि शासन के निर्देश का जिले के सभी सरकारी दफ्तरों में सख्ती से पालन कराने का निर्देश दे दिया गया है। इसे सख्ती से लागू करने के लिए सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कागज व प्लास्टिक का अधिक प्रयोग पर्यावरण की दृष्टि से उचित नहीं है।

ऐसे में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी की नैतिक एवं शासकीय जिम्मेदारी है। विभागों में ज्यादा से ज्यादा सॉफ्ट कॉपी का ही प्रयोग किया जाए। फिजिकल (हार्ड) कॉपी का प्रयोग कम से कम किया जाए। पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजी जाएं।

यदि भौतिक पत्रावलियां भेजना अपरिहार्य हो तो कागज के दोनों तरफ प्रिंट किया जाए। बैठकों में पानी के लिए प्लास्टिक बोतल का उपयोग कदापि न किया जाए।

# 25 हजार का ईनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**कलवारी।** थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया आरोपी कृष्ण गोपाल को गिरफ्तार कर लिया। इसी थानाक्षेत्र के गजया निवासी कृष्ण गोपाल के विरुद्ध नगर थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किया था। इसकी विवेचना एसओ कलवारी आलोक श्रीवास्तव कर रहे थे। एसओ ने बताया कि बृहस्पतिवार रात उसे क्षेत्र के सहारनपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। संवाद

# ट्रक का बकाया न देने पर मुकदमा

नगर बाजार (बस्ती)। नगर पुलिस ने ट्रक के बकाया रुपये न देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में महेंद्र सिंह निवासी मेही हरदो थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर ने बताया कि वह अपना ट्रक नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाडी रानीपुर निवासी चंद्र प्रकाश गौतम को 15 लाख रुपये में बेचा था। 10 लाख 90 हजार रुपये हमें दिए गए। शेष बचे 4.10 लाख रुपये का चेक दे दिया, लेकिन खाते में रुपये न होने की वजह से चेक बाउंस हो गया। जब हमने अपना बकाया मांगा तो वह टालमटोल करने लगे। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। संवाद

# झोपड़ी में लगी आग, सामान जला



कलवारी। थाना क्षेत्र के सुभावपुर गांव में अज्ञात कारणों से आग लगने से एक झोपड़ी जल गई। शुक्रवार दोपहर में मंगरु की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। मंगरू के परिवार में रामरूप, इंद्रावती, अंकिता, बहरैची, पूजा, खुशबू हैं। मौके पर पहुंचे लेखपाल दुर्गेश कुमार पांडेय ने नुकसान का आकलन किया। संवाद

# पूर्व विधायक पर फर्जी दस्तावेज से हथियार लेने की रिपोर्ट

**गोसाईंगंज के पूर्व विधायक ने हर्रैया के गांव का निवासी होने के पेश किए थे दस्तावेज**

हर्रैया (बस्ती)। अयोध्या के गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व भाजपा नेता इंद्र प्रताप उर्फ खब्बू तिवारी के खिलाफ हर्रैया थाने में फर्जी दस्तावेज से रायफल का लाइसेंस लेने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूर्व विधायक के नाम वर्ष 1995 में लाइसेंस जारी हुआ था। प्रकरण में उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी को स्वयं उपस्थित होकर कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया है। इसके बाद शुक्रवार को एसएचओ हर्रैया शैलेष सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई।

अयोध्या के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के देवकली निवासी इंद्र प्रताप तिवारी ने रायफल का लाइसेंस लेते समय खुद को हर्रैया थाना क्षेत्र के गौहनिया नेपाल सिंह गांव का निवासी होने के दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। मामला संज्ञान में आने के बाद जुलाई 1996 में यह लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। मगर तिवारी ने लाइसेंस पर ली गई रायफल जमा नहीं की। पुलिस भी यह कहकर मामले को टालती रही कि खब्बू तिवारी जेल में निरुद्ध हैं। इसलिए वह रायफल जमा नहीं कराई जा सकी।

इस मामले को लेकर पैकोलिया थाना क्षेत्र के धीरनपुर गांव निवास राम जनम यादव ने वर्ष 2021 में एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। संवाद >> संबंधित पेज 3 पर

# 2021 में एमपी-एमएलए कोर्ट में की गई थी शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

हर्रैया। अयोध्या के गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व भाजपा नेता इंद्र प्रताप उर्फ खब्बू तिवारी के खिलाफ पैकोलिया थाना क्षेत्र के धीरनपुर गांव निवास राम जनम यादव ने वर्ष 2021 में एमपी-एमएलए विशेष न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें इंद्रभूषण तिवारी पर धोखाधड़ी कर शस्त्र लाइसेंस हासिल करने के मामले में केस दर्ज करने की मांग की गई थी। इस अर्जी को छह सितंबर 2022 को खारिज कर दिया गया।

## फर्जी दस्तावेज से हथियार लेने का मामला :

## एक वर्ष बाद निरस्त हो गया था लाइसेंस, उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी को तलब किया

इस पर वादी ने उच्च न्यायालय में निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी को तीन मार्च को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर की गई कार्रवाई पर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया। इसके बाद आनन-फानन दो मार्च की रात पूर्व विधायक के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, आयुध अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-03-2023

# कोरिया से आने वाले 200 सदस्सीय शिष्टमंडल के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक

**सिद्धार्थनगर।** कोरिया गणराज्य से आने वाले 200 सदस्सीय शिष्टमंडल (बौद्ध भिक्षु) द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण के समय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि दिनांक 15 से 18 मार्च 2023 तक कोरिया गणराज्य से आने वाले 200 सदस्सीय शिष्टमंडल (बौद्ध भिक्षु) द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगे। कहा कि कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, आप लोग समस्त तैयारियां पूर्ण कर ले।



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम-एसपी।

सड़क मार्ग से यात्रा करते समय प्रत्येक बस में 01 पुलिस कर्मी की ड्यूटी वायरलेस सेट के साथ लगायी जाए। शिष्टमण्डल के गमन के समय यातायात संचालन को नियंत्रित रखे। रात्रि विश्राम करने वाले स्थल के नजदीक अस्पताल एवं सेफ़ हाउस की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। विश्राम स्थल पर शौचालय, पानी, विद्युत आदि की व्यवस्था कराये। कोविड-19 के संबध में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द,मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमा शंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, समस्त निकायों के अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**15 से 18 मार्च तक कोरिया गणराज्य से आने वाले 200 सदस्सीय शिष्टमंडल द्वारा सिद्धार्थनगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कराया जाएगा**

# सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाएं होली का त्योहार



पीस कमेटी को लेकर बैठक करते डीएम व एसपी

सिद्धार्थनगर। होली एवं शबेबरात का त्यौहार सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार. आनन्द की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में डीएम-एसपी ने सभी लोगो से मिलजुलकर सौहार्द पूर्ण माहौल में त्यौहार को मनाए जाने की अपील किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों से आये पीस कमेटी के सदस्यों से थानों में आयोजित की गयी पीस कमेटी के बैठक की फीडबैक की जानकारी क्रमंवार लोगों से प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग मिल जुलकर त्यौहार मनाए, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराये। समस्त पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्र के अन्तर्गत शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाये जाने का भरोसा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को दिया। बैठक के दौरान सभी सदस्यों द्वारा बताया गया कि इस जनपद में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही है।फिर भी होली के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में हम सभी लोग अपने स्तर से किसी भी प्रकार की समस्या नही आने देगें। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उपस्थित समस्त उपजिलाधिकारियोंध्क्षेत्राधिकारियों ने बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिया कि होली का त्यौहार शान्तिपूर्णध्सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के लिए अपने स्तर से समस्त तैयारियां पूर्ण रखेंगे। कोई भी समस्या किसी भी दशा में उत्पन्न नही होना चाहिए। समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाधगर पंचायत व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि शहरीध्ग्रामीण क्षेत्रो की सफाई व्यवस्था के लिए जितने सफाई कर्मचारी है, उन्हे लगाकर सफाई व्यवस्था सुनिष्चित करायेंगे। जनपद में समस्त शराब की दुकान 07 मार्च की सायं से 08 मार्च 2022 तक बन्द रहेगी।

जिलाधिकारी ने पीस कमेटी के सदस्यों एवं पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों व जनपद वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाये जाने की अपील किया। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि जिसे रंग खेलना नहीं पसन्द है उसे कत्तई रंग न लगायें। हल्ला, हुड़दंग व छेड़छाड़ आदि की घटनांए कदापि न की जायें। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बैठक में उपस्थित समस्त क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया कि होली जुलूस के दौरान संदिग्धों पर विषेष नजर रखने के लिए पुलिस बल के जवानों की ड्यूटी सम्बन्धित जुलूस स्थलों पर लगा देंगे। जिससे कोई अप्रिय घटना न होने पाये। होलिका दहन स्थल पर ड्यूटी लगा दी जाय।

उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि पुरानी परम्पराओं के अनुसार होली का त्यौहार मनाएं। ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का मानक के अनुरूप इस्तेमाल करें। होली का त्यौहार शान्तिपूर्ण ढंग से मनायें। होली का त्यौहार प्रत्येक दशा में शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहेंगे तो कोई भी समस्या उत्पन्न नही होने पायेगी। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन थाना क्षेत्रों में होली के पर्व पर जुलूस निकाला जाता है। वहां थानाध्यक्ष विशेष रूप से सतर्क रहकर स्पेशल पुलिस बल की व्यवस्था करके जुलूस को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करायेंगे। सभी लोग बाडी प्रोटेक्टर अपने पास अवश्यक रखे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी,अपर जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, अधिशासी अभिंयता विद्युत सिद्धार्थनगर, अधिशासी अधिकारी समस्त नगर पालिकाधगर पंचायत, पीस कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# डुमरियागंज में त्रिनेत्र योजना की प्रक्रिया धीमी

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज क्षेत्र सहित पूरे जनपद में युद्ध स्तर पर आपराधिक प्रवृत्तियों के लोगों पर निगरानी व अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए शासन ने त्रिनेत्र योजना का संचालन किया है। जिससे गांव के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों नगरों के चौराहों व संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे को लगाने का सरकार द्वारा निर्देश दिया गया है। यह योजना बीते वर्ष से ही संचालित करने के लिए शासन का निर्देश आया था। जनपद के अन्य विकास क्षेत्रों में इस प्रक्रिया के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे है। लेकिन विकासखंड डुमरियागंज में यह प्रक्रिया काफी धीमी चल रही है। जबकि इस महत्वकांक्षी योजना के चलते कोई भी व्यक्ति आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस की नजरों से बचना चाहता है, तो वह बच नहीं पाएगा। साथ ही यदि कोई किसी के ऊपर झूठा आरोप लगाता है तो वह भी इस कार्य को अंजाम नहीं दे पाएगा। बीते दिनों पुलिस अधीक्षक व डीपीआरओ की संयुक्त रूप से ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ग्राम पंचायत के चिति प्रवेश व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगवाने के लिए अपील किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव में लगने सीसीटीवी कैमरे पुलिस की तीसरी आंख के रूप में कार्य करेंगें। क्षेत्रीय ग्रामीणों व नगर वासियों में मोहम्मद खालिद ,अशफाक, राजकुमार, संतोष अग्रहरि, रंजीत अग्रहरि, काजिम रजा, नौरोज, महफूज,इस्लाम, जुबैर, मुन्ना आदि ने कहा कि यह सरकार की ग्रामीणों एवं नगर वासियों के प्रति सुरक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वाकांक्षी योजना है। साथ ही उन्होंने ग्राम प्रधान व पुलिस प्रशासन के लोगों से अपील किया है कि चौराहों एवं गांव की चौपालों पर लगने वाले सीसीटीवी कैमरे की गुणवत्ता की परख होनी चाहिए। इस योजना को मात्र औपचारिकता निभाने की कड़ी में ना रखा जाए। जिससे कि रात के अंधेरे में भी अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित किया जा सके। यदि सीसीटीवी कैमरा गुणवत्ता हीन होगा तो इसका लगाना बेकार साबित होगा।

# अशांति फैलाने पर होगी कार्रवाई

शोहरतगढ़। होली और शब-ए-बारात पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने जवानों संग नगर भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। जवानों संग फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकलकर गड़ाकुल तिराहा, गोलघर, भारत माता चौक, रमजान गली, इक्कावन तिराहा से पुलिस बूथ होते हुए थाना परिसर पहुंचा। उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय के लोग अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन कर आपसी भाईचारा कायम रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण महौल में संपन्न कराएं। कहा कि पर्व में माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# बॉर्डर पर तस्करी का सामान बरामद

बर्डपुर। कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के भारत- नेपाल बार्डर के गौरी गांव के पास एसएसबी जवानों ने गश्त के दौरान दो युवकों की संदेह के आधार पर तलाशी के दौरान नेपाली कास्मेटिक्स के सामानों के अलावा सिगरेट बरामद की। आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई करने के बाद कस्टम कार्यालय खूनुआ को सौंप दिया गया है।

बजहा कैंप प्रभारी मुकेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार मिश्र के साथ सीमा पर चेकिंग पर रहे थे। दो युवक नेपाल से आते दिखे जिनकी रोक कर तलाशी ली गई तो उनके पास से तस्करी का सामान बरामद हुआ। बरामद सामान व पकड़े गए आरोपियों को कस्टम कार्यालय खूनुआ को सौप दिया है।

# पब्लिक एप्रूवल रेटिंग में भवानीगंज थाना अंतिम स्थान पर

**जासं, सिद्धार्थनगर** : पुलिस की कार्यप्रणाली जानने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर प्रत्येक माह पब्लिक एप्रूवल रेटिंग के तहत जनवरी में 11635 लोगों ने अपना फीडबैक दिया। इसके आधार पर भवानीगंज थाना अंतिम पायदान पर रहा। जबकि सर्वाधिक अंक प्राप्त करके शिवनगर डिड़ई पहले, लोटन दूसरे और पथरा थाना को तीसरा स्थान हासिल किया है।

थानों को डायरेक्ट पोल पर 5614,पंजीकृत मुकदमा और एनसीआर से जुड़े मामलों में 207, पासपोर्ट और चरित्र प्रमाणपत्र 1673 व आईजीआरएस पर 343 लोगों ने अपनी राय दी।

इसके पश्चात कराए गए मूल्यांकन के आधार पर मोहाना चार,महिला थाना पांच,जोगिया उदयपुर छह,गोल्हौरा सात, बांसी आठ, खेसरहा नौ, सिद्धार्थनगर 10, कठेला समय माता 11, इटवा 12, थाना उसका बाजार 13,कपिलवस्तु 14,चिल्हिया 15,डुमरियागंज 16,त्रिलोकपुर 17,शोहरतगढ़ 18,मिश्रौलिया 19 और ढेबरुआ थाने ने 20 वां स्थान प्राप्त करने में सफल रहे।

**सुरक्षा में तैनात होंगे पुलिसकर्मी : सिद्धार्थनगर**,कोरिया गणराज्य से आने वाले 200 सदस्यी शिष्टमंडल (बौद्ध भिक्षु) के जनपद आगमन पर सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।



डीएम संजीव रंजन ने कहा कि दल 15 से 18 मार्च तक जिले के भ्रमण पर रहेगा। उनके आगमन के दौरान प्रत्येक बस में एक वायरलेस सेट के साथ पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे।

# हाईस्कूल के छात्र की खोज में जुटी पुलिस विभाग की टीम

**48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस को नहीं मिला सीसी कैमरा फुटेज हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में पकड़ा गया था आरोपित**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे युवक के पकड़े जाने के मामले में अभी भी पुलिस खाली हाथ है। 48 घंटे बीत गए, लेकिन कालेज प्रशासन ने पुलिस के जांच अधिकारी को सीसी कैमरा फुटेज नहीं उपलब्ध कराया। इससे माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठने लगे हैं। अब इन प्रश्नों का उत्तर खोजने के लिए पुलिस ने हाईस्कूल के वास्तविक छात्र की खोज शुरू कर दी है। उसे पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी शुरू कर दी है। सबसे अहम प्रश्न है कि आरोपित पकड़े जाने से पहले भी कितनी बार परीक्षा देने के लिए यहां पर आया था।

एक मार्च सुबह की पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा थी। सदर थाना क्षेत्र में स्थित मुस्लिम इंटर कालेज महदेईया में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे युवक सूफियान अहमद को कक्ष निरीक्षक व केंद्र व्यवस्थापक ने पकड़ा। वह बर्डपुर स्थित एक कालेज में डी-फार्मा का छात्र है। इसके पास मिले परिचय पत्र में कहीं कोई फेरबदल नहीं मिला। परिचय पत्र पर हाईस्कूल के वास्तविक छात्र अबू वफा मुसलमान का नाम व फोटो था। पकड़े गए आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के स्थान पर परीक्षा देने के लिए आया था। आरोपित के मुताबिक वह पहली बार परीक्षा देने के लिए आया था। पुलिस इसकी खोज में जुटी है।

> दूसरे छात्र के स्थान पर परीक्षा दे रहे आरोपित से पूछताछ की तैयारी की जा रही है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए प्रश्न तैयार किया गया है। हाईस्कूल का छात्र भी इसमें अहम कड़ी है। इससे भी पूछताछ की जाएगी।
>
> **अनूप मिश्रा**, प्रभारी पुलिस चौकी पुरानी नौगढ़

**बर्डपुर के इंटर कालेज का छात्र है अबू वफा मुसलमान :** मुस्लिम इंटर कालेज में बर्डपुर स्थित मौलाना अब्दुल जलील रहमानी इंटर कालेज का सेंटर आया है। जांच अधिकारी ने इस कालेज के प्रबंधन से संपर्क किया है। हाईस्कूल छात्र अबू वफा मुसलमान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। घर के पता जाना और इसके बाद छात्र को बुलावा भेजा।

# प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का करें निस्तारण

## चौपाल में छाया रहा पेंशन व आवास का मुद्दा, अधिकारियों ने किया योजनाओं का सत्यापन

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर** : जिले भर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ ही गांवों में संचालित योजनाओं का सत्यापन किया गया। साथ ही अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता कार्यों का भौतिक सत्यापन किया।

खेसरहा के पिपरा फरदंग गांव में लगी चौपाल में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके समक्ष आवास व पेंशन की सबसे अधिक समस्या आई। ग्रामीणों को समस्याओं को जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। शाम पांच बजे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द साथ गांव में पहुंचे डीएम ने ग्रामीणों से एक एक कर शिकायतें सुनीं। ग्राम प्रधान ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक देशराज राय की विद्यालय पर विलंब से पहुंचने सहित कुछ अन्य गंभीर शिकायतें की। आंगनबाड़ी, सामुदायिक शौचालय, मनरेगा कार्यों का सत्यापन, पशु टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, खाद्यान्न वितरण, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी कर कमियों को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत के टोला मुड़ार छिबिया का सामुदायिक शौचालय न खुलने की ग्रामीणों ने एक स्वर में शिकायत की जिसपर शौचालय के केयर टेकर को फटकार लगाई।



पिपराफरदंग गांव में लगी चौपाल में डीएम संजीव रंजन से वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत करते ग्रामीण रामजीत ● जागरण

सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत बेलवा में शुक्रवार को बीडीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बृजेंद्र की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल लगाई गई। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बृजेंद्र कुमार ने वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी लेते हुए कोटेदार की कार्यप्रणाली पर जानकारी लिया। शोहरतगढ़ ब्लाक के परसोहिया नानकार व कोटिया दीगर में बीडीओ संगीता यादव ने चौपाल की अध्यक्षता की। बर्डपुर के बर्डपुर नंबर चार व छह में चौपाल लगाकर ग्रामीणों के समस्या का निस्तारण किया। चौपाल में दोनों ग्राम सभा में कुल 12 मामले आए, जिसको खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इटवा के खुनियांव ब्लाक के खखरा खखरी गांव में बीडीओ राकेश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम में पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार दुबे, पशुपालन विभाग से डा विजय प्रकाश, लघु सिंचाई विभाग से अवर अभियंता लघु सिंचाई श्री शम्भू नाथ ने विभागों से जुडी समस्याएं सुनी। उस्का बाजार के कटकी व चोरई द्वितीय में चौपाल लगाकर समस्या सुनी गई। कटकी में फूलचंद ,इंद्रावती और झीनक ने आवास से संबंधित,किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड की समस्या चौपाल में रखा।

भनवापुर के महतिनिया खुर्द में जनचौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। राशन, बिजली, पानी, दवा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वृद्ध जनों की पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास की जानकारी दी गई। सम्बन्धित अधिकारियों को गांव में आयोजित चौपाल के दौरान कैम्प लगाकर लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ दिलाने के निर्देश दिया।

# बुद्ध की क्रीड़ा स्थली का भ्रमण करेगा कोरियाई दल

## 200 सदस्यीय शिष्ट मंडल पहले दिन गनवरिया, पिपरहवा स्तूप के साथ शोहरतगढ़ के बाग का करेगा भ्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** कोरियाई दल जिले में धार्मिक यात्रा पर आएगा। 200 सदस्यीय शिष्ट मंडल लुंबिनी से ककरहवा बार्डर होते हुए बर्डपुर नंबर चार में पहुंचेगा। उसके बाद महात्मा बुद्ध की क्रीड़ा स्थली कपिलवस्तु, इसी क्षेत्र में गनवरिया स्तूप, पिपरहवा स्तूप का भ्रमण करेगा।

नोडल अधिकारी एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि दूसरे दिन विदेशी दल शोहरतगढ़ के बाग और विद्यालय में विश्राम करेगा। उसके बाद इटवा के समय माता मंदिर होते हुए वे बलरामपुर जाएंगे। उनकी यह पदगमन यात्रा है। वे अधिकतर स्थानों पर पैदल चलकर जाएंगे। डीएम ने यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।



कोरियाई दल के जिले में धार्मिक यात्रा पर आगमन के संबंध में डीएम संजीव रंजन ने अफसरों के साथ बैठक की। संवाद

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में डीएम संजीव रंजन ने कोरिया गणराज्य से आने वाले 200 सदस्यीय शिष्ट मंडल (बौद्ध भिक्षु) की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और उन्हें जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने निर्देश दिए। डीएम संजीव रंजन ने बताया कि 15 मार्च से 18 मार्च 2023 तक कोरिया गणराज्य से आने वाले 200 सदस्यीय शिष्टमंडल (बौद्ध भिक्षु) जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे।

उनके कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे लोग तैयारियां पूर्ण कर लें। सड़क मार्ग से यात्रा करते समय प्रत्येक बस में एक पुलिस कर्मी की ड्यूटी वायरलेस सेट के साथ लगाई जाए। शिष्टमंडल के पदगमन के समय यातायात संचालन को नियंत्रित रखें।

रात्रि विश्राम करने वाले स्थल के नजदीक अस्पताल एवं सेफ हाउस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। विश्राम स्थल पर शौचालय, पानी, विद्युत आदि की व्यवस्था कराएं। कोविड-19 के संबंध में केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एडीएम उमाशंकर, एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव मौजूद रहे।

# घायल मिले दो युवक, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**बांसी।** एनएच 233 से नदाव रोड पर शराब भट्टी के पास शुक्रवार को दो युवक घायल पड़े मिले।

**सूचना मिलते ही पहुंच गई पीआरवी की टीम**

सूचना पाकर पीआरवी की टीम मौके पर पहुंच गई और उन्हें सीएचसी तिलौली पहुंचाया।

पीआरवी टीम के हेड कांस्टेबल राकेश पांडेय व कांस्टेबल सोनू कुमार ने बताया कि घायल विनोद कुमार निवासी ग्राम जोगिया बुजुर्ग थाना शिवनगर डिड़ाई व प्रहलाद निवासी करही शुक्ल थाना शिवनगर डिड़ाई को तिलौली पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज हुआ। संवाद

## नेपाली कास्मेटिक व सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

**कपिलवस्तु।** कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के गौरी बार्डर के पास एसएसबी जवानों ने गश्त के दौरान नेपाली कास्मेटिक फेस क्रीम, पाउडर व सिगरेट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। बजहा कैंप के प्रभारी मुकेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा टीम के साथ शुक्रवार को नेपाल सीमा पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो युवक नेपाल की ओर से आते दिखे। तलाशी लेने पर उनके पास से 561 क्रीम, 23 पाउडर और 18 पैकेट सिगरेट बरामद हुए। संवाद

# महिला रसोइया से मालिश कराने का वीडियो वायरल

## मालिश कराने के बाद विवादों में घिरे बांसी क्षेत्र के मदरसे के प्रधानाचार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बांसी क्षेत्र के एक मदरसे में चारपाई पर लेटकर प्रधानाचार्य महिला रसोइया से मालिश करा रहे थे। उनके इस कृत्य का वीडियो वायरल हो गया है। इसके बाद से ही मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए अल्पसंख्यक विभाग ने आरोपी प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण मांगा है।

सोशल मीडिया में वायरल हो रहे दो मिनट 53 सेकेंड के वीडियो में एक व्यक्ति बिस्तर पर लेटा हुआ है, एक महिला उसके दोनों पैरों में तेल मालिश करते दिख रही है। इस अनुदानित मदरसे में आईटीआई व सिलाई, कढ़ाई का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें छात्रावास भी है।

प्राथमिक विद्यालय की तरह अनुदानित मदरसा में भोजन बनाने के लिए तैनात रसोइया मालिश करती हुई दिख रही है। कस्बेवासियों का कहना है कि रसोइया का काम बच्चों का भोजन बनाना है। उनसे इस तरह कार्य लेना अपराध की श्रेणी में है।



मदरसा में रसोइया से मालिश कराते प्रधानाचार्य। विज्ञप्ति

वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोग प्रधानाचार्य की निंदा कर रहे हैं, जबकि लोगों ने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को वीडियो भेजकर कार्रवाई की मांग की है। जिले में इस तरह का पहला मामला सामने आया है, इस कारण अधिक चर्चा हो रही है।

प्रधानाचार्य ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में मौखिक रूप से सफाई दी है कि यह वीडियो पुराना है। कोरोना काल के लॉकडाउन के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इस कारण वे मदरसे में सो गए थे और महिला मालिश कर रही थी। हालांकि, वायरल वीडियो में चोट नजर नहीं आ रहा है। जांच पूरी होने के बाद हकीकत सामने आएगी।

> वीडियो वायरल होने के मामले में जानकारी है, संबंधित प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। – **तन्मय पांडेय,** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-03-2023

# त्योहार के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने किया पैदल मार्च

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आगामी त्योहार होली, शबेबारात को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने व जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराने के दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से खलीलाबाद शहर के प्रमुख मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया।

अधिकारीद्वय ने पैदल मार्च के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया कि मार्च के दौरान जनता से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों को मिलजुल कर सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्वक मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु आमजनमानस से अपील की गई एवं जनता को पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने का भरोसा दिलाया गया। पैदल मार्च के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील किया है कि आप सभी लोग होली का पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली यानी रंगों का त्योहार, खुशियों का त्योहार है इससे सभी वर्गों को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। कोई व्यक्ति या वर्ग ऐसा कार्य न करे जिससे किसी को धार्मिक भावना को आघात पहुंचे और कानून एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति या वर्ग शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा तथा आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के क्षेत्राधिकारीगण सहित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख बाजारों, मार्गों, चौराहों, कस्बों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की जा रही है।



त्योहार के दृष्टिगत खलीलाबाद शहर में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते डीएम, एसपी।

# शराब दुकानों पर आबकारी टीम की छापेमारी

## खलीलाबाद व मेंहदावल तहसील क्षेत्र के विभिन्न शराब की दुकानों पर हुई छापेमारी की कार्रवाई

**संतकबीरनगर/मेंहदावल (एसएनबी)।** होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत उप जिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 खलीलाबाद की संयुक्त टीम द्वारा देशी, विदेशी, बीयर दुकान खलीलाबाद बाईपास, देशी, विदेशी, बीयर दुकान गौरापार तथा माडल शॉप के संचित स्टाक का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बार कोड एव क्यूआर कोड का मिलान किया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 खलीलाबाद एवं प्रवर्तन-1, बस्ती प्रभार बस्ती की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम राउत तथा ग्राम बरईपार में दबिश की कार्रवाई की गयी। दबिश के दौरान 02 अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुये 26 लीटर कच्ची शराब तथा 200 किग्रा महुआ लहन नष्ट किया गया। इसी क्रम में एसडीएम योगेश्वर सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार यादव ने मेंहदावल नगर के रोडवेज तिराहा स्थित शराब की दुकान, गनवरिया शराब की दुकान सहित एक दर्जन से अधिक शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। क्षेत्र के विभिन्न अंग्रेजी एवं देसी शराब की दुकानों पर पहुंचकर स्टाक की जांच की। अचानक दुकानों पर पहुंचते ही हड़कंप मचा रहा। उन्होंने बताया कि दुकानदारों के पिछले कई महीनों के स्टाक की बिक्री व वर्तमान बिक्री का लेखा-जोखा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि रोजमर्रा की बिक्री के अलावा अतिरिक्त बिक्री मिली, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली पर्व में अगर शराब में कोई मिलावटी पाई गई तो संबंधित दुकानदार का लाईसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। एसडीएम ने मेंहदावल व गनवरिया स्थित शराब की दुकान पर जब जांच किया तो स्टॉक में कमी पाए जाने पर शराब की दुकान के मुनीब को कड़ी फटकार लगाते हुए सही करने का सख्त निर्देश दिया।



खलीलाबाद में शराब की दुकान पर छापेमारी कर स्टाक का मिलान करते एसडीएम, सीओ व अन्य तथा मेंहदावल क्षेत्र की एक शराब की दुकानो की जाच करते एसडीएम और सीओ।

# दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने छापेमारी की। थाना महुली पुलिस अभियुक्त सोमन व धर्मेन्द्र निवासी शनिचरा बाबू को गिरफ्तार किया।

# अज्ञात के विरूद्ध ट्रक चोरी का केस

धनघटा (एसएनबी)। महुली थानान्तर्गत नाथनगर कस्बा स्थित एक ढाबे से पूर्व में हुई ट्रक चोरी की घटना को लेकर महुली पुलिस ने शुक्रवार को ट्रक स्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरूद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर घंटना की छानबीन शुरू कर दी है।

महुली पुलिस को दी गई तहरीर में बस्ती जिले के मुण्डेरवा थानान्तर्गत हुसैमउर गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र पुरूषोत्तम ने बताया कि वह ट्रक संख्या यूपी 51 ए टी 0299 का पंजीकृत वैध स्वामी और चालक है। बीते पहली अक्टूबर 2022 को ट्रक पर भाड़ा लादकर वह खलीलावाद से धनघटा की तरफ जा रहा था। रात करीब आठ बजे वह ट्रक को महुली थानान्तर्गत नाथनगर कस्बा स्थित न्यू दाना-पानी ढाबे पर खड़ा कर भोजन और विश्राम करने लगा। रात करीब 10 बजे भोजन और विश्राम करने के बाद जब वह ट्रक के पास पहंचा तो ट्रक मौके से गायब था। ट्रक के बारे में जानकारी न मिलने पर उसने 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को सूचित करने का प्रयास किया लेकिन फोन न लगने के कारण पुलिस को जानकारी नहीं दे सका। ट्रक चोरी के सम्बन्ध में तत्काल महुली थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित सूचना दिया तो पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उसने पुलिस उच्चाधिकारियों को भी इस सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई लेकिन घटना को लेकर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह न्यायालय की शरण में पुहंचकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की जिसपर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने पूर्व में महुली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का आदेश पारित किया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महुली पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 के तहत मुकदमा दर्ज कर ट्रक की खोजबीन शुरू कर दी है।

**महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर कस्बा स्थित एक ढाबे से पूर्व में हुआ था ट्रक चोरी**

# अश्लील मैसेज पोस्ट करने के आरोप में युवक नामजद

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर महुली पुलिस ने शुक्रवार को एक अज्ञात युवक के खिलाफ बेटी के नाम पर फर्जी आईडी के सहारे बनाकर इन्सटाग्राम पर अश्लील मैसेज़ पोस्ट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के चन्द्रौटी गांव निवासी कपिलदेव यादव पुत्र राजकिशोर यादव ने बताया कि उसकी बेटी के नाम से फर्जी आईडी तैयार कर बेटी का फोटो प्राप्त करके किसी अज्ञात युवक द्वारा इन्सटाग्राम पर अश्लील फोटो और भद्दी गालियां पोस्ट किया जा रहा है। प्रार्थनापत्र में पीड़ित ने तत्काल बेटी के नाम की फर्जी आईडी को बन्द कराकर ऐसा कृत्य करने वाले युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 504,507 व 67 ए आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कोतवाली खलीलाबाद लोगों की नजर में अव्वल

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आमजनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर जनपद संतकबीरनगर पुलिस के थानों की कार्यप्रणाली में सुधार कर अधिक जनप्रिय एवं व्यवहार कुशल बनाना है। आमजन द्वारा इस पोल के माध्यम से ट्वीटर पर 779 वोट, डायरेक्ट पोल पर 2728, एफआईआर-एनसीआर वादी द्वारा 189, आईजीआरएस पर 451 व पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन के 2647 प्रकरणों पर अपनी राय व्यक्त की गई। जिसमें माह जनवरी के थानावार पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग में थाना कोतवाली खलीलाबाद को प्रथम, थाना बेलहर कला को द्वितीय और थाना धर्मसिंहवा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि संतकबीरनगर जिले में माह जनवरी 2023 के समस्त थानों के कार्यप्रणाली के बारे में दिनांक 11.02.2023 से 17.02.2023 तक एक ऑनलाइन पोल कराया गया था। ऑनलाइन पोल में आमजनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए ट्वीटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर/एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन किया गया। इसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिये गये, जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद कार्यवाही से संतुष्ट हैं या नहीं।

**आमजन के इस पोल के जरिए ट्वीटर पर 779 मिला वोट**

इस ऑनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्वीटर, फेसबुक, वाट्सएप्प आदि पर लिंक भेजकर ऑनलाइन पोल भी कराया गया जिसके आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई है। इस वोटिंग का उद्देश्य आमजनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर जनपद संतकबीरनगर पुलिस के थानों की कार्यप्रणाली में सुधार कर अधिक जनप्रिय एवं व्यवहार कुशल बनाना है।

आमजन द्वारा इस पोल के माध्यम से ट्वीटर पर 779 वोट, डायरेक्ट पोल पर 2728, एफआईआर-एनसीआर वादी द्वारा 189, आईजीआरएस पर 451 व पासपोर्ट/चरित्र सत्यापन के 2647 प्रकरणों पर अपनी राय व्यक्त की गई। जिसके आधार पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा जनपद संतकबीरनगर में थाना कोतवाली खलीलाबाद को प्रथम स्थान व थाना बेलहर कला को द्वितीय स्थान दिया गया है। इस पोल में थाना धर्मसिंहवा को तृतीय, महिला थाना को चतुर्थ, थाना मेंहदावल को पांचवा, थाना धनघटा को छठा, थाना बखिरा को सातवां, थाना महुली को आठवां व थाना दुधारा को नौवां स्थान प्रदान किया गया है।

# सरयू की तलहटी में कच्ची के ठिकानों पर लगातार तीसरे दिन छापेमारी

धनघटा (एसएनबी)। जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत के नेतृत्व में धनघटा थानान्तर्गत सरयू की तलहटी में संचालित कच्ची शराब के ठिकानों पर बीते बुधवार को पुलिस द्वारा शुरू किया गया छापेमारी का अभियान लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा।

प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह की अगुवाई में सादे में पुलिस टीम थाना क्षेत्र के तुर्कवलिया नामक गांव के समीप सरयू नदी की दो धाराओं के बीच स्थित रेत पर संचालित कच्ची के ठिकाने पर नाव पर सवार होकर पहुंची तो सामने अचानक पुलिस टीम को देखकर मौके पर शराब का निष्कर्षण करने में जुटे कारोबारी नदी की धारा में कूदकर पुलिस की गिरफ्त में आने से पूर्व फरार होने में सफल हो गए। उसके बाद पुलिस टीम ने सामने धधक रही कई भट्ठियों को तोड़कर नष्ट किया और शराब बनाने में उपयोग होने वाले उपकरणों को कब्जे में लेकर उसे नदी की धारा में समाहित कर दिया। उसके बाद पुलिस टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया।



सरयू की तलहटी में रेत के नीचे छिपाकर रखी अर्द्धनिर्मित कच्ची को नष्ट करते पुलिसकर्मी।

पुलिस का तलाशी अभियान लगातार कई घंटे तक जारी रहा। इस दौरान पुलिस टीम ने तुर्कवलिया गांव के समीप से कम्हरिया घाट पुल तक नदी की दो धाराओं के बीच रेत में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान जगह जगह रेत के नीचे छिपाकर रखा करीब 15 कुन्तल से अधिक मात्रा में अर्द्धनिर्मित शराब और भारी मात्रा में बिक्री के लिए छिपाकर रखी गई तैयार कच्ची शराब भी बरामद किया है। इस दौरान मौके पर मौजूद कोयला, लकड़ी और शराब बनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल जैसे गुड़ और नौसादर आदि बरामद करके नदी की धारा में विलीन कर दिया। पुलिस द्वारा लगातार तीन दिनों से कच्ची के विरुद्ध सरयू की तलहटी में कारोबारियों के ठिकानों पर चलाए जा रहे छापेमारी अभियान से कारोबारियों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है जिससे कारोबारियों के बीच हड़कम्प मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह का कहना है कि होली त्योहार के मद्देनजर कच्ची के ठिकानों पर शुरू किया गया यह छापेमारी का अभियान क्षेत्र में कच्ची कारोबार पर पूरी तरह से लगाम लगाने तक लगातार जारी रहेगा। छापेमारी अभियान के दौरान चौकी प्रभारी बिड़हरघाट धर्मेन्द्र यादव, चौकी प्रभारी जगदीशपुर रामकरन निषाद, उपनिरीक्षक अनुज यादव, रंजन राजभर, जितेश कुमार, राजन खरवार समेत तमाम अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**घेराबंदी कर तुर्कवलिया गांव के समीप नदी की दो धाराओं के बीच संचालित कच्ची कारोबार के ठिकाने पर पुलिस ने की छापेमारी**

# मेस के भोजन की गुणवत्ता को एसपी ने परखा

- रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर किया साप्ताहिक निरीक्षण
- जांच के दौरान मिली कमियों को दूर करने का एसपी ने दिया निर्देश

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आयोजित हुए साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने सबसे पहले परेड की सलामी लेकर जांच के दौरान मिली कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश जिम्मेदारों को दिया। सीओ रजीव कुमार यादव के साथ मेस में जाकर वहां पुलिस जवानों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्न आउट को चेककर ड्यूटी के दौरान उन्हें उच्च कोटि की वर्दी पहनने एवं लोगों के बीच मधुर संबंध बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। परेड के बाद पुलिस अस्पताल, भोजनालय, शस्त्रागार, पुलिस लाइन्स स्टोर, क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आदेश दिए। यूपी-112 का निरीक्षण कर पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को रखने के संबंध में कर्मियों को निर्देशित किया।

# पर्व पर पुलिस का सहयोग करें

बखिरा। बखिरा थाना परिसर में शुक्रवार को पुलिस मित्रो के साथ अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बैठक की। उन्होंने कहा कि होली पर्व को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें।

अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने पुलिस मित्रो से कहा कि त्योहार खुशी के लिए लिए होते है। पर्वों को शान्तिपूर्वक मनाए जाने के लिए पुलिस हमेशा तैयार रहती है। बावजूद इसके इसमें खुराफाती तत्व अपनी मनमानी करने की फिराक में रहते हैं। पुलिस मित्र शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग में कोतवाली को प्रथम स्थान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद में कोतवाली खलीलाबाद को पब्लिक अप्रूबल रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग के लिए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के आदेश पर माह जनवरी 2023 में समस्त थानों की कार्यप्रणाली के बारे में दिनांक 11 से 17 फरवरी तक आनलाइन पोल कराया गया था।

आनलाइन पोल में आमजनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरुक करते हुए ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर व एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन हुआ। इसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए। जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। इसके आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई। इस पोल के माध्यम से ट्विटर पर 779 वोट, डायरेक्ट पोल पर 2728, एफआईआर व एनसीआर वादी द्वारा 189, आईजीआरएस पर 451 व पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के 2647 प्रकरणों पर जन सामान्य ने राय व्यक्त की। जिसके आधार पर एडीजी जोन कार्यालय ने जिले में थाना कोतवाली खलीलाबाद को प्रथम स्थान दिया।

**11** से 17 फरवरी तक ऑनलाइन पोल कराया गया था

- एडीजी जोन ने थाना कोतवाली खलीलाबाद को प्रथम स्थान दिया

# किशोरी से छेड़खानी, कार्रवाई की मांग

बखिरा। बखिरा चौकी क्षेत्र के एक गांव की एक 15 साल की किशोरी के घर मे घुसकर एक युवक ने छेड़खानी किया है। किशोरी के पिता ने आरोप लगाते हुए बखिरा पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पिता का आरोप है कि 2 मार्च की रात्रि नौ बजे एक युवक उसके घर में घुसकर बेटी (15) के साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर अपशब्द कहते हुए भाग गया। थोड़ी देर बाद अपशब्द कहते हुए घर में घुस आएपत्नी व मां को जान माल की धमकी दी।

# 42 वाहनों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम् तोड़ने वाले 42 वाहनों के चालकों से जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच पड़ताल की। यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 42 वाहनों के चालकों से 31 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# मारपीट में घायलों को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मारपीट में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 3301 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर से दो पक्षों में मारपीट होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मारपीट में घायल उमैरा खातून पत्नी अहमद व समर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट समेत अन्य धारा के वांछित आरोपित बाल अपचारी को दबोचकर विधिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल दूबे के नेतृत्व में पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे बाल अपचारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई किया।

पुलिस के अनुसार उक्त बाल अपचारी ने 23 फरवरी को वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जिसके संबंध में वादिनी ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया।

थाना दुधारा पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त आरोपित बाल अपचारी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया।

# शराब की दुकानों के स्टाक का किया वेरीफिकेशन

**सख्ती**

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** एसडीएम योगेश्वर सिंह ने शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के शराब की दुकानों का औचक जांच किया। इस दौरान दुकानों पर स्टाक वेरिफिकेशन कर रेट की जांच की। जांच के दौरान सभी दुकानों सब कुछ सही पाया गया। नियम से प्रतिकूल शराब बेचते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दिया।

एसडीएम श्री. सिंह ने सीओ राजीव कुमार के साथ कस्बा, नन्दौर तथा चिरैयाड़ाड में संचालित हो रहे देसी शराब तथा बीयर की दुकानों की जांच की। स्टाक का स्टाक रजिस्टर से मिलान किया। स्टाक सही पाए जाने पर संतोष जताया। बार कोड का स्कैनर से जांच कर शराब की गुणवत्ता को परखा। दुकानों से खरीद कर रहे ग्राहकों से निर्धारित मूल्य के अनुसार ही देशी शराब बेचे जाने की पड़ताल की। दुकानदारों को अभिलेख के अनुसार स्टाक दुरुस्त रखने, हाई रेटिंग, स्थानीय स्तर पर मिलावट पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। एसडीएम ने कहा कि होली त्योहार को लेकर शराब की दुकानों की जांच की गई है। प्रशासन शांतिपूर्ण त्योहार मनाने को लेकर एलर्ट मोड पर हैं। शराब की दुकानों की जांच के दौरान कोई अनियमितता नहीं पाई गई।

# डीएम-एसपी ने पैदल गशतकर कराया सुरक्षा का एहसास

- डीएम व एसपी ने किया शहर का पैदल भ्रमण
- गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने होली, शब्बेबारात को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस बल के साथ कस्बा खलीलाबाद के प्रमुख मार्गों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया।

पैदल मार्च के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, राहगीरों को कानून व्यवस्था, शांति व सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। मार्च के दौरान जनता से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों को मिलजुल कर सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्वक मनाने, अफवाह पर ध्यान न देने की लोगों से अपील की। जनता को पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने का भरोसा दिलाया गया।



खलीलाबाद में सड़कों पर शुक्रवार को फोर्स के साथ भ्रमण कर सुरक्षा का भरोसा दिलाते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

पैदल मार्च के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील किया है कि आप सभी लोग होली का पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली यानी रंगों का त्योहार, खुशियों का त्योहार है। इससे सभी वर्ग को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाना चाहिए। कोई व्यक्ति या वर्ग ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावना को आघात पहुचे। कानून एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति या वर्ग शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के क्षेत्राधिकारीगण सहित प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त की जा रही है। प्रमुख बाजारों, मार्ग, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, वस्तुओं की चेकिंग की जा रही है।



रिजर्व पुलिस लाइन सभागार शुक्रवार को पैरोकारों के साथ बैठक करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। ● हिन्दुस्तान

# सूचनाओं को नियत तिथि पर न्यायालय में प्रस्तुत करें

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता ने जनपद के समस्त पैरोकारों व थानों पर न्यायालय से संबंधित आर्डर बुक देखने वाले कर्मियों की समीक्षा गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान सेशन व लोअर कोर्ट के समस्त पैरोंकारों को न्यायालय से निर्गत होने वाले आदेश एवं अपेक्षित समस्त आख्या व सूचनाओं को नियत तिथि पर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जनपद में आपरेशन शिकंजा, टाप-10, महिला संबंधी अपराधों, पाक्सो एक्ट, एक्शन प्लान व अन्य विचाराधीन वादों में साक्षियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर प्रभावी पैरवी कराएं। न्यायालय में लोक अभियोजक एवं अभियोजन अधिकारीगण से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक वाद में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक अपराधियों को सजा दिलाने के लिए निर्देश दियां। पैरवी रजिस्टर, काज लिस्ट, जमानत सूचना रजिस्टर, रिमांड रजिस्टर, न्यायालय आर्डर बुक आदि को अध्यावधिक रखने का आदेश दिया।

एसपी ने कहा कि न्यायालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रत्येक प्रासेस का समयबद्ध तामीला कराकर नियत तिथि पर न्यायालय में उपलब्ध कराएं। सभी पैरोकारों से कार्य के दौरान आ एसपी ने पैरोकार कांन्स्टेबल रंजन कुमार थाना धर्मसिंघवा व पैरोकार जुमराती अंसारी थाना महुली को उनके द्वारा न्यायालय में पैरवी के सराहनीय कार्यो के लिए प्रसस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्र, प्रभारी मानीटरिंग व सम्मन सेल अशोक कुमार यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नाबालिग लड़की को भगाने वाले आरोपित को भेजा जेल

संतकबीर नगर : दुधारा पुलिस ने शुक्रवार को नाबालिग लड़की को भगाने वाले कोतवाली खलीलाबाद थाना के जिगिना गांव निवासी रामनरेश चौहान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मां ने तहरीर में यह उल्लेख किया था कि यह आरोपित उसकी नाबालिग बेटी को 23 फरवरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। (जासं)

# कोतवाली खलीलाबाद को पीएआर में प्रथम स्थान

- बेलहरकला को दूसरा व धर्मसिंहवा थाना को तीसरा स्थान मिला
- जिले के सभी थानों की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी के लिए कराया था पोल

**जासं, संतकबीर नगर**: पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग (पीएआर) में कोतवाली खलीलाबाद थाना को प्रथम स्थान मिला है। इस पर एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय सहित थाने के सभी पुलिस कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। वहीं अन्य थानों के प्रभारियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाकर बेहतर स्थान पाने के लिए प्रेरित किया।



जनपद के सभी थानों की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 11 फरवरी से 17 फरवरी 2023 तक आनलाइन पोल कराया गया था। ट्वीटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आइजीआरएस, एफआईआर- एनसीआर की फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन कितने दिनों में किया गया, इसका मूल्यांकन किया गया था।

शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं, इसके बारे में जानकारी जुटाई गयी थी। ट्विटर पर 779 मत, डायरेक्ट पोल पर 2,728, एफआइआर-एनसीआर पर वादी द्वारा 189, आइजीआरएस पर 451, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के 2,647 प्रकरणों पर लोगों ने राय व्यक्त की थी।

इसके आधार पर अपर पुलिस महानिदेशक-गोरखपुर जोन ने जिले में कोतवाली खलीलाबाद को प्रथम व बेलहरकला को दूसरा, धर्मसिंहवा को तीसरा, महिला थाना को चौथा, मेंहदावल को पांचवां, धनघटा को छठवां, बखिरा को सातवां, महुली को आठवां व दुधारा को नौवां स्थान प्रदान किया है।

# पुलिस एक पखवारे बाद भी महिला व उसके पुत्र का नहीं लगा सकी सुराग

**जासं, बनकसिया**: मेंहदावल थाना क्षेत्र के सांड़े खुर्द गांव की रहने वाली सीमा और उसके सात वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ का कोई सुराग नहीं लग सका है। वह दवा कराने के लिए एक पखवारा पूर्व घर से निकली थी।

सीमा के ससुर रामवृक्ष ने मेंहदावल थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। उसके बावजूद महिला व उसके बच्चे की खोजबीन नहीं हो सकी है। 21 फरवरी को महिला बच्चे को लेकर दवा कराने गोरखपुर गई थी। देर रात तक वह नहीं लौटी तो स्वजन ने उसकी खोजबीन शुरू की। मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि महिला व बच्चे की खोजबीन के लिए सर्विलांस टीम की मदद ली जा रही है।

# फरार चल रहे दो भाइयों को भेजा गया जेल

संतकबीर नगर : महुली पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी शनिचरा बाबू गांव निवासी सोमन व इनके भाई धर्मेंद्र को शुक्रवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। ये दोनों भाई कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे। इस पर पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई थी। (जासं)

# शांति में खलल पर होगी कार्रवाई

## होली पर्व को संपन्न कराने को विभाग तैयार : पुलिस अधीक्षक

**जासं, संतकबीर नगर :** डीएम संदीप कुमार ने कहा कि होली व शबे-बरात पर्व के दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक व पुलिस विभाग तैयार है। इन दोनों अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों के साथ पैदल मार्च करके लोगों को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था किए जाने का संदेश दिया।



खलीलाबाद में पैदल गश्त करते डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

डीएम व एसपी ने यह बातें शुक्रवार को खलीलाबाद शहर के प्रमुख मार्ग, कस्बा, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च के दौरान कही। अधिकारियों ने व्यापारियों व अन्य लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। लोगों से बातचीत कर आपसी भाईचारे के बीच पर्व को मनाने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी प्रेम को बढ़ाने, एक-दूसरे का सम्मान करने का संदेश देता है। इसलिए सभी को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाना चाहिए। कोई व्यक्ति या वर्ग ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे। शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। इन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# पुलिस की छापेमारी में चार हजार लीटर कच्ची बरामद

## तीन टन से अधिक लहन किया नष्ट, सरयू के दियारा क्षेत्र में धधक रही हैं कच्ची की भट्ठियां, प्रशासन चला रहा रोकने का अभियान

जागरण संवाददाता, पौली, संतकबीर नगर : जनपद में कच्ची का कारोबार कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। सरयू के दियारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कारोबार फल-फूल रहा है। मंडलायुक्त के आदेश पर कच्ची के धंधे पर रोक लगाने के लिए डीएम और एसपी भी मैदान में उतर गए हैं। पिछले चार दिनों में पुलिस ने करीब चार हजार लीटर कच्ची और तीन टन से अधिक लहन नष्ट किया है। पुलिस कारोबारियों की लिस्ट भी तैयार कर रही है। धंधेबाजों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।



सरयू के दियारा में छापेमारी करती पुलिस। जागरण



कच्ची की भट्ठी। जागरण

जनपद का दक्षिणांचल कच्ची के लिए दशकों से बदनाम रहा है। कारोबार के विरुद्ध महिलाएं भी लगातार थानों और तहसीलों में धरना-प्रदर्शन करती रहती हैं। बहुत दबाव बनने पर पुलिस और आबकारी विभाग छापेमारी कर कच्ची और लहन को बरामद कर नष्ट कर देते हैं और मामला ठंडा पड़ जाता है। लेकिन पिछले दिनों मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने अधिकारियों की बैठक में कच्ची के जड़ पर प्रहार करने के साथ ही कारोबार बंद करने का निर्देश दिया। उसका असर हुआ कि डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में पुलिस सरयू के दियरा क्षेत्र में पहुंची और करीब तीन हजार कच्ची के साथ ही दो टन से अधिक लहन नष्ट किया। अधिकारियों ने देखा कि पूरा इलाका कच्ची से महक रहा था। उन्होंने पुलिस को लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसका नतीजा यह रहा कि अब पुलिस लगातार कार्रवाई करके कच्ची और लहन को नष्ट कर रही है।

**कच्ची के विरुद्ध मुखर होने लगे हैं स्थानीय लोग :** कच्ची के कारोबारियों की जड़े काफी गहरी हो चुकी हैं। जिस पर अंकुश लगा पाना पूरी तरह से संभव नहीं दिख रहा। धनघटा तहसील क्षेत्र के पोरांग, पौली समेत कई गांवों में जबरदस्त तरीके से विरोध शुरू हुआ है। महिलाएं विरोध का नेतृत्व कर रही हैं।

**कच्ची के विरुद्ध समय-समय पर चलता है अभियान :** कच्ची के लिए बदनाम क्षेत्र के नारायनपुर और नकहा में करीब डेढ़ वर्ष पूर्व तत्कालीन एसडीएम के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी। प्रशासन ने पांच हजार लीटर कच्ची के साथ ही आठ टन से अधिक लहन नष्ट किया था। तत्कालीन एसपी डा. कौस्तुभ के निर्देश पर खरबुजहिया में बड़ी छापेमारी की गई थी। भौतहा में पुलिस ने कच्ची के विरुद्ध कार्रवाई करके बड़े पैमाने पर लहन नष्ट किया था। सुखमीचौरा में हुई छापेमारी में तीन हजार लीटर कच्ची और पांच टन लहन नष्ट किया था।



> कच्ची के कारोबार के विरुद्ध अभियान चल रहा है। होली के मद्देनजर कारोबारी अधिक से अधिक कच्ची बनाने में लगते हैं, ऐसे समय में पुलिस छापेमारी करके उनके कारोबार को खत्म करने में लगी है। पिछले कुछ दिनों में ही हजारों लीटर कच्ची और कई टन लहन नष्ट किया गया है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कारोबार में यदि किसी की संलिप्तता मिली तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> सत्यजीत गुप्ता, पुलिस अधीक्षक

# जनता से अच्छा व्यवहार करें पुलिसकर्मी : एसपी

जासं, संतकबीर नगर: एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल पुलिस कर्मियों की वर्दी की जांच की। ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रखने के लिए दौड़ लगवाई। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास करवाया।

इसके बाद एसपी ने यहां पर मेस, बैरक, डायल-112 व अग्निशमन के वाहनों की जांच की। प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाइन में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सीओ मेंहदावल राजीव कुमार यादव के साथ मेस में बने भोजन की गुणवत्ता व पौष्टिकता की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों की जांच की। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एकत्र कर इन्सास, एसएलआर, एके-47 आदि राइफलों व पिस्टलों को खोलने, जोड़ने, लोड करने, निशाना लगाने आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी किशोर पुलिस की अभिरक्षा में

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म के आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लिया। एसओ अनिल दूबे ने बताया कि आरोपी किशोर ने 23 फरवरी को बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। सूचना पर आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लेकर बाल कारागार बस्ती भेजा गया। संवाद

# डीएम-एसपी ने शहर में किया पैदल मार्च

**संतकबीरनगर।** डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने होली के मद्देनजर शुक्रवार की शाम को शहर में पुलिस कर्मियों के साथ पैदल मार्च किया। टीम कोतवाली से होकर शहर के मधुकुंज तिराहा, मुखलिसपुर तिराहा, गोला बाजार, बैंक तिराहा से वापस मेंहदावल बाईपास पहुंची। इस दौरान डीएम-एसपी ने व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं पूछी। डीएम ने सभी को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण माहौल में होली का पर्व मनाए जाने की अपील किया। इस दौरान सीओ अंशुमान मिश्र, कोतवाल सर्वेश राय आदि उपस्थित रहे। संवाद

# अराजकतत्वों पर पुलिस की रहेगी निगहबानी

**संतकबीरनगर।** होली त्योहार को सकुशल संपंन कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। पूर्व में जहां विवाद हुए थे, उन स्थलों को चिह्नित कर लिया गया। लोगों पर पुलिस की निगहबानी रहेगी। साथ ही थानों को अतिरिक्त पुलिस कर्मी दिए गए गए हैं।

एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शहर क्षेत्र के मोहल्ला बंजरिया, गोला बाजार, पठान टोला, बरदहिया,बनियाबारी, गड़सरपार, धौरहरा, मधुकंज तिराहा, मुखलिसपुर स्टेट बैंक तिराहा, मेंहदावल बाईपास,डीघाबाईपास पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। अराजकतत्वों को चिह्नित कर पाबंदी की कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिए गए हैं।

एएसपी ने बताया कि कस्बा मेंहदावल में वर्ष 2009, वर्ष 2010 और वर्ष 2011 में कचरा आदि फेंकने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। वर्ष 2011 में बढ़या-ठाठर में होलिका दहन को लेकर हल्का विवाद हुआ था। क्षेत्र के धौरापार, बढ़या ठाठर, सांडेकला,करमैनी, बेलौली, नौगों और कस्बा मेंहदावल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

महुली क्षेत्र के तरयापार, छकही, सवापार में होलिका दहन पर सतर्कता बरतने की हिदायत एसओ को दी गई। धनघटा क्षेत्र के गौरापार और मलौरा में भी होलिका दहन पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए निर्देश एसओ, सीओ को दिए गए गए हैं। इसी तरह धर्मसिंहवा क्षेत्र के मुसहरा में भी विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए है।

होली के मद्देनजर 15 निरीक्षक, 30 उपनिरीक्षक, 200 आरक्षी, 70 महिला आरक्षी और एक प्लाटून पीएसी की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। इसमें खलीलाबाद को 30 आरक्षी, दुधारा को 20 आरक्षी, धर्मसिंहवा, महुली, मेंहदावल, दुधारा को 15-15 आरक्षी, बखिरा को 25 आरक्षी और धर्मसिंहवा को 35 आरक्षी दिए गए हैं। संवाद

# आपात स्थिति से निपटने के लिए सीखे गुर

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस की परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई गई। बाद में पुलिस कर्मियों को इंसास, एसएलआर, एके 47, राइफल, पिस्टल को खोलने-जोड़ने, लोड करने, निशाना लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। मातहतों को जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया।

एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट की जांच की। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराया। उसके बाद पुलिस कर्मियों की दौड़ लगवाई। बाद में आवासीय परिसर स्थित पार्क, ओपन जिम, मंदिर परिसर, क्वार्टर गार्द, स्टोर रुम, आर्मरी, डायल 112 नंबर,भोजनालय आदि का निरीक्षण कर हाल जाना। पुलिस लाइंस की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिया।

पुलिस लाइंस के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में समस्त थानों पर शुक्रवार की परेड कराइ गई। इस दौरान सीओ रजीव कुमार यादव, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा आदि उपस्थित रहे। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-03-2023

# लेखपाल को पीटने का आरोपी अब्बास गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। तालाब की पैमाइश करने गए लेखपाल को दबंगों ने पीट दिया। यहीं नहीं दबंगों उसके कागजात भी फाड़कर फेंक दिए। लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपी अब्बास अली को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

प्रकरण सदर तहसील के अंतर्गत ग्राम धनोहरी का है। यहां के लेखपाल अजीत कुमार का आरोप है कि वह आवेदक अब्बास अली पुत्र युनुस द्वारा समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र पर डीएम के निर्देशानुसार दो मार्च को तालाब का सीमांकन करने गए थे। पैमाईश के दौरान शिकायतकर्ता अपने अनुसार सीमांकन करने का दबाव बनाने लगे। ऐसा न करने पर आवेदक अब्बास अली, पुत्तन पुत्र युनुस, अरमान पुत्र इकबाल व शहरबानो पत्नी अब्बास अली ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए पीटकर गिरा दिया। अभिलेखों भी फ़ाड़ डाले थे। उसने एसडीएम से शिकायत भी की। कोतवाल देहात महेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# भूमि विवाद में हुई मारपीट, केस

तरबगंज। भूमि विवाद में दबंगों ने दलित के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पीड़ित हरीराम पुत्र शिव प्रसाद निवासी खाले दुवरा सिगहाचंदा ने तहरीर में कहा कि सिगहाचंदा में स्थित चकआउट नंबर की तीन बिस्वा भूमि सन्तसरन पुत्र रक्षाराम निवासी रहुआ पिपरी को बेच दिया था। किंतु सन्तसरन अपने हिस्से की भूमि पर निर्माण करवाकर पीड़ित की जमीन मे दरवाजा खोल लिया है। मना करने पर सन्तसरन व सन्त प्रसाद पुत्रगण रक्षाराम ने अपशब्द कहने के साथ मारपीटा। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीह। इमलिया छिट्टू में एक पखवारा पहले गांव के पास सरयू नहर पर स्थित मंदिर के महंत के कुटिया में आग लगा देने की शिकायत हुई थी। शुक्रवार को पुलिस ने बृजेश कुमार दुबे पुत्र मंगल प्रसाद दुबे को गिरफ्तार कर लिया।

# अश्लील वीडियो वायरल करने वाला दबोचा

## शिकंजा

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। नाबालिग किशोरी से पहले संबंध बनाए और फिर साथियों के सहयोग से उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद किशोरी के परिजनों को जानकारी हुई थी। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था।

बताया जाता है कि आरोपी युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर नाजायज संबंध बना लिए। संबंध बनाते हुए अपने साथियों के सहयोग से कई वीडियो भी बना लिए। उसी वीडियो के आधार पर वह लगातार ब्लैकमेल कर किशोरी का शोषण कर रहा था। इसके बाद पैसे कमाने व व्यूज हासिल करने के लिए युवक ने उनमें से कुछ वीडियो को फेसबुक व इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद किशोरी के पिता ने थाने पर शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध गैंग रेप व धमकी देने व पोक्सो एक्ट सहित आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक आरोपी मुंबई में, गिरफ्तारी को हो रहा प्रयास

मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही घटना में शामिल अन्य युवकों की पहचान में पुलिस जुटी हुई थी। सूत्र बताते हैं कि कई युवकों की पहचान भी हो चुकी है। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश भी दे रही है। वहीं इस घटना में शामिल एक आरोपी इस समय मुंबई में है। पुलिस उसकी भी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। मामले के विवेचक इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। थाना वजीरगंज पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोपी घनश्याम उर्फ झप्पू यादव पुत्र भग्गल यादव निवासी प्रभूपुरवा बहादुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# सरकारी भूमि को हथियाने में तीन फंसे

धानेपुर। एसपी के आदेश पर धानेपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव के रहने वाले 3 लोगों के खिलाफ कूट रचित तरीके से सरकारी भूमि हथियाने के आरोप में जालसाजी का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया थाना क्षेत्र के ही ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रंट के हल्का लेखपाल जय प्रकाश वर्मा की ओर से पुलिस अधीक्षक के यहां तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि सदर तहसील क्षेत्र के त्रिभुवन नगर ग्रंट में स्थित भूमि नवीन परती व बंजर खाते की भूमि पर कूट रचित तरीके से खतौनी में नाम दर्ज करा कर बैनामा करा लिया।

# सीमा विवाद में उलझी रही तीन थानों की पुलिस

बभनजोत, संवाददाता। क्षेत्र के गोंडा बलरामपुर सीमा पर शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची तीन थानों की पुलिस घंटो उलझी रही। काफी माथापच्ची के बाद आखिरकार में छपिया पुलिस ने शव मिलने से संबंधित कार्रवाई शुरु की और शव का पंचनामा कराके पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शुक्रवार शाम को गोंडा -बलरामपुर सीमा पर स्थित बुधईपुर और भिखारी पट्टी गांव के रास्ते के बगल गेहूं के खेत में एक व्यक्ति का शव पडे होने की सूचना मिली। सूचना पर छपिया, पड़ोसी जनपद बलरामपुर के सादुल्लाह नगर व खोडारे की पुलिस आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंच गई। सूचना पर पहुंचे आसपास के लोगों व मृतक के परिवारी जनों ने इसकी शिनाख्त राम बहोर पुत्र राम अधार उम्र 62 वर्ष निवासी सेहरी हरदौ के रूप में किया। मृतक दो दिन पहले घर से गायब हो गया था, काफी खोजबीन के बाद कहीं सुराग नहीं चलने पर मृतक की पत्नी माना देवी ने खोड़ारे थाने पर गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। शव की शिनाख्त हो जाने के बाद तीनों थाने की पुलिस सीमा विवाद को लेकर घंटो जद्दोजहद में जुटी रही।

# रजिस्ट्रार समेत 11 पर दर्ज हुआ मुकदमा

**अदालत से**

- उपनिबंधन कार्यालय के कर्मचारी भी आये जांच के दायरे में
- अब तक सौ से अधिक पर दर्ज हो चुके हैं भूमि घोटाले के मुकदमे

गोण्डा, विधि संवाददाता। फर्जी वसीयतनामा कराने के आरोप में 11 लोगों के विरुद्ध कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अब तक करीब सौ अधिक मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इसकी फेहरिस्त दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है।

कोतवाली देहात के अंतर्गत ग्राम पंचायत भदुवा तरहर निवासी प्रदीप कुमार तिवारी की तहरीर व डीआईजी के निर्देश पर रजिस्ट्री दफ्तर के कर्मचारियों सहित ग्यारह लोगों के विरुद्ध कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया गया। पीड़ित के अनुसार आनंद कुमार उर्फ अन्नू, सुनीता देवी, विष्णु तिवारी, सुरेश चंद्र, संतोष कुमार, कमलेश कुमार, अरुण कुमार दीक्षित उर्फ रामू दीक्षित, ब्रजेश कुमार अवस्थी, कृष्ण प्रकाश पाण्डेय, तत्कालीन रजिस्ट्रार सौरभ सिंह व रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मचारियों ने आपस में जालसाजी करके एक जाली व कूटरचित वसीयतनामा उनके पिता स्वर्गीय तरुण चंद्र को वसीयतकर्ता दिखाकर जामवंती के पक्ष में कराकर विलेख संख्या 207 में बेवा महादेव प्रसाद के वसीयत के साथ पर पीड़ित के पिता के नाम का फर्जी वसीयतनामां रजिस्ट्री कार्यालय सदर के कर्मचारियो व तत्कालीन रजिस्ट्रार सौरभ सिंह की मिलीभगत से चस्पा करा दिया गया। उपनिबंधक सदर द्वारा इस मामले में रिपोर्ट भी दी गई है। जिसमें स्पष्टरूप से कहा गया की वसीयतनामा कूटरचित है। जिसकी शिकायत उन्होंने डीआईजी से की। जिस पर डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचना कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 137 स्थान में जलेगी होलिका, पुलिस की रहेगी पैनी नजर

मेहनौन, संवाददाता। कोतवाली इटियाथोक क्षेत्र के करीब 137 स्थानों पर होलिका जलाई जाएगी। इस दौरान संवेदनशील स्थानों को कोतवाली इटियाथोक पुलिस ने चिन्हित किया है। होलिका दहन के दौरान कोई घटना न घटे इसके लिए पुलिस टीम द्वारा निगरानी भी की जा रही है।

इटियाथोक पुलिस ने क्षेत्र की गांव समितियो के साथ बैठक कर होली पर्व को हर्षोल्लास और शांति वातावरण में मनाने के लिए बात कही। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक अभिषेक सिंह ने बताया कोतवाली इटियाथोक क्षेत्र के करीब 137 स्थानों पर होलिका जलेगी। उन्होंने बताया धर्मेई, कुकरिहा, कर्मडीह कला, बेलभरिया, भरिया लबेदपुर, लखनीपुर, सरकांड, बिरमापुर, तेलयानी कानूनगो, तिर्र मनोरमा को संवेदनशील में रखा गया है। इस स्थलों पर पुलिस की निगरानी के साथ साथ पैनी नजर भी रखी जा रही है।

**होली पर हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं: नवीना रुपईडीह।** होली में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं। होली को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द पूर्ण मनाने के लिए गांव में जाकर होली का स्थल का निरीक्षण करते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए नवागत क्षेत्राधिकारी नवीना शुक्ला ने शुक्रवार को थाना कौडिया परिसर में आयोजित पुलिसकर्मियों एवं चौकीदारों के साथ बैठक करते हुए कहीं।

सीओ करनैलगंज नवीना शुक्ला ने क्षेत्र के सभी ग्राम प्रहरियों, बीट उपनिरीक्षकों, महिला व पुरुष आरक्षियो के साथ बैठक करते हुए सभी को गांवों में जाकर होलिका स्थल का निरीक्षण करते हुए लोगों को होली के पर्व को प्रेम एवं सौहार्दपूर्ण मनाने व होली में किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

## खूब खेलें होली, भरपूर मिलेगी बिजली

गोण्डा। होली पर्व पर आपूर्ति को लेकर किसी तरह की कोई समस्या न होने पाए, इसके लिए पावर कार्पोरेशन मुस्तैद हो गया है। सीएम योगी के निर्देश पर कार्पोरेशन के सभी उपकेन्द्रों से संबंधित दुश्वारियों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा ट्राली ट्रॉसफार्मर की व्यवस्था अलग से करने के लिए कहा गया है। जिससे कहीं पर लम्बी अवधि तक दुश्वारियां न रहने पाए। होली पर्व पर सात से लेकर नौ तारीख तक निर्बाध आपूर्ति जारी रहेगी। कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल का कहना है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को निर्बाध आपूर्ति देने के निर्देश अभियंताओं को दिए गए हैं। उन्होने बताया कि ट्रांसफार्मर के विभिन्न रेंजों वाले पहले से दुरुस्त करके तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसके अलावा सभी उपकेन्द्रों पर गैंगमैनों की टीम तैयार रहेगी। इसके लिए अभियंताओं की ओर से गैंगमैनों को भी निर्देशित किया जा चुका है। उन्होने बताया कि शहर के सभी उपकेन्द्रों से आपूर्ति की रिपोर्ट भी मांगी गई है।

# बगैर मंजूरी के होली में नहीं बज सकेगा डीजे

धानेपुर संवाददाता। होली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार की शाम को धानेपुर थाने में थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में डीजे संचालकों के साथ एक बैठक की गई। जिसमें उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने सभी डीजे संचालकों से निर्देशित करते हुए कहा है कि इस बार होली त्यौहार में बगैर सक्षम अधिकारी के परमिशन के थाना क्षेत्र में ना तो कोई डीजे बजेगा और ना ही जुलूस निकाला जाएगा । उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि इसका कोई दुरुपयोग करता पाया जाएगा तो ऐसे डीजे संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वाहन सहित डीजे को भी सीज किया जायेगा।उन्होंने होली में हुड़दंग करने वालों को भी चेताया है और कहा कि हुड़दंगियों पर पुलिस कड़ी नजर रखी जा रही है । शांतिपूर्ण ढंग से आपसी सौहार्द के साथ लोगों त्यौहार को मनाने की अपील की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि इलाके में कोई भी जुलूस निकालने की प्रथा त्यौहार रजिस्टर में अंकित नहीं है ऐसे में अगर कोई जुलूस निकालने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी । पुलिसकर्मियों को भी होली त्योहार संपन्न होने तक अलर्ट रहने के लिए कहा है।

# एसआइटी ने डाला डेरा, बैनामा व वसीयत के खंगाल रही अभिलेख

- मामले में करीब 100 मुकदमे लिखे जा चुके हैं, फर्जीवाड़ा में पुलिस महानिरीक्षक ने जांच कराने के लिए शासन को पत्र लिखा था

**संसू, गोंडा :** भूमि बैनामा व वसीयत में हुए फर्जीवाड़ा की जांच कर रही राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) ने जिले में डेरा डाल दिया है। शुक्रवार को टीम ने संबंधि अभिलेखों को खंगाला।

उपनिबंधक कार्यालय, नपाप व तहसील से संबंधित बैनामा के अभिलेखों को तलब किया। भूमि बैनामा व वसीयत में हुए फर्जीवाड़ा के मामले में जिले करीब 100 मुकदमे लिखे जा चुके हैं। इनमें से करीब 50 मुकदमा नगर कोतवाली में ही लिखा जा चुका है। फर्जीवाड़ा में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र अग्रवाल ने जांच राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) से कराने के लिए शासन को पत्र लिखा था। शासन ने एसआइटी को जांच सौंप दी थी। पूर्व में भी एसआइटी के अधिकारी संबंधित कार्यालय में छापेमारी कर अभिलेख तलब कर चुके हैं। उपनिबंधक कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों का बयान भी दर्ज कर चुके हैं। शुक्रवार को भी एसआइटी ने संबंधित विभाग से अभिलेख तलब किए। उनकी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि जल्द ही कई आरोपितों पर कार्रवाई हो सकती है। पूर्व में फर्जीवाड़ा के पांच आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने कहा कि टीम को जांच में सहयोग किया जा रहा है।

## आरोपित की तलाश में एसआइटी ने की छापेमारी

**संसू, गोंडा :** जमीन बैनामा में हुए फर्जीवाड़ा की जांच कर रही राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) ने आरोपित उर्मिला देवी की तलाश में कई स्थानों पर छापेमारी की। हालांकि टीम को आरोपित का सुराग नहीं मिल सका। टीम ने कई विवादित भूमि का निरीक्षण भी किया। बड़गांव मुहल्ले की रहने वाली उर्मिला देवी ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नजूल की भूमि को अपने नाम बैनामा करा लिया था। उर्मिला के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच एसआइटी कर रही है। शुक्रवार को एसआटी की टीम ने उर्मिला की तलाश में कई स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने साहबगंज, छावनी सरकार, बड़गांव, इमिलिया गुरदयाल समेत कई स्थानों पर दबिश दी।



## मकान मालिक– किराएदार के बीच विवाद

**गोंडा :** चौक बाजार स्थित एक मकान को लेकर मालिक व किराएदार के बीच विवाद हो गया। मालिक ने भवन में ताला लगा दिया। इसके बाद प्रकरण कोतवाली पहुंच गया। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली राकेश कुमार सिंह ने कहा दोनों पक्षों के बीच न्यायालय में वाद लंबित है। दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता हो गया है। (संसू)

# लेखपाल पर हमला करने वाले पति-पत्नी समेत चार पर मुकदमा

**संसू, गोंडा :** तालाब की पैमाइस करने गए लेखपाल पर हमला करने के मामले में पति-पत्नी समेत के खिलाफ मुकदमा हुआ है। पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया है। सदर तहसील के धनोहरी गांव निवासी अब्बास अली ने तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए 20 को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी।

डीएम डा. उज्ज्वल कुमार ने अवैध कब्जा हटवाने के आदेश दिए थे। लेखपाल अजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार को वह पैमाइस के लिए गांव गए थे। नाराज अब्बास अली, पुत्तन, अरमान व शहरबानो ने लेखपाल की पिटाई कर दी। अभिलेख फाड़ने के साथ ही 250 रुपये छीन लिए। लेखपाल ने एसडीएम ने संबंधित पर केस कराने के साथ ही सुरक्षा की मांग की थी।

# मारपीट में 20 आरोपितों पर एफआइआर दर्ज

**जागरण टीम, गोंडा :** अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट व अभद्रता के मामले में पीड़ितों की तहरीर पर दस नामजद समेत दस अज्ञात आरोपितों पर एससीएसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। **खरगूपुर** के ग्राम पंचायत गौनरिया के श्याम बाबू ने दी गई तहरीर में कहा कि गांव के ही शकील, आरिफ, शमीम व रफी ने कहासुनी को लेकर जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर अभद्रता की। लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

**झंझरी के** मोतीगंज के अहिरनपुरवा भोरहा के रहने वाले अजय ने तहरीर दी है। कहा कि गुरुवार शाम को रामनगर बाजार जा रहा था। उसके साथ वंशी भी थे। इसी दौरान अमन, अमित सिंह, आदर्श सिंह, कार्तिक सिंह, आदित्य सिंह व 10 अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया।

# नकदी व आठ लाख के आभूषण चोरी

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : कोंचा कासिमपुर के सलवापुर गांव में चोर ताला तोड़कर घर में घुस गए। घर खाली पाकर 54 हजार नकद, आठ लाख के करीब आभूषण व घरेलू उपयोग की वस्तुएं उठा ले गए। घर के अंदर खूब तोड़ फोड़ भी की। वहीं दो अन्य घरों में भी चोर घुसे, लेकिन वहां से चोरी करने में विफल रहे।



कर्नलगंज के सलवापुर में चोरी के बाद जांच करता डाग स्क्वायड ● जागरण

सलवापुर निवासी घनश्याम सिंह की तबियत खराब होने पर वह इलाज कराने अपने बेटों के पास दिल्ली गए हैं। घर पर ताला लगा था। रात में चोर घर में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए घुस आए। दो कमरों में रखी अलमारी, बाक्स, बेड तोड़कर 54 हजार रुपये नकद व सोने चांदी के करीब आठ लाख के आभूषण, टीवी, कीमती बर्तन, कपड़े सहित अन्य सामान उठा ले गए। स्वजन का कहना है कि दो बेटों की शादी हुई थी। उनकी पत्नी के आभूषण चोर उठा ले गए। इसके साथ ही इन्वर्टर, बैटरी भी उठा ले गए।

डाग स्क्वायड, फारेंसिंक सहित पुलिस अन्य टीमों ने पड़ताल की। उपनिरीक्षक अजय सिंह ने कहा कि पूरे घटना की जांचकर जानकारी ली जा रही है। घटना की तहरीर घनश्याम सिंह के बेटे रवि के साले विशाल सिंह ने दी है।

वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कल्लू सिंह व विजय शंकर उर्फ ललई के यहां भी चोर छत के रास्ते अंदर घुसे, लेकिन वहां सो रही ननका के जाग जाने पर वह भाग गए। कोतवाल सुधीर सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# नवाबगंज में पुल का निर्माण शुरू, मिलेगी जाम से निजात

संवाद न्यूज एजेंसी

नवाबगंज (गोंडा)। नगर के कटी तिराहे पर अयोध्या-बहराइच राजमार्ग पर स्थित सोती पुल के बगल शुक्रवार को तीन करोड़ की लागत से टू-लेन पुल का निर्माण शुरू हो गया है। इस मार्ग पर करीब सौ साल पुराना पुल सकरा होने के साथ ही काफी जर्जर हो गया था। नए पुल का निर्माण होने से नगर समेत क्षेत्र की डेढ़ लाख आबादी वाले लोगों को जाम से जल्द निजात मिलेगी।



गोंडा में नवाबगंज के सोती पुल के पास शुरू हुआ पुल निर्माण। -संवाद

वर्ष 2000 में तत्कालीन केंद्र सरकार ने अयोध्या से बहराइच तक के मार्ग को टू-लेन बनाने की स्वीकृति दी थी। इसके बाद बहराइच तक सड़क का चौड़ीकरण कर टू-लेन में परिवर्तित कर दिया गया, लेकिन सोती पुल का नया निर्माण नहीं कराया गया। इस मार्ग से हररोज तकरीबन दो हजार वाहन बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखनऊ, सीतापुर तथा नेपाल के लिए गुजरते हैं। सोती पुल के सकरा होने के कारण हररोज लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

**03 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा पुल**

> “ नवाबगंज के कटी तिराहे के पास अयोध्या-बहराइच मार्ग पर सोती पुल के बगल तीन करोड़ रुपये की लागत से टू-लेन पुल का निर्माण शुरू करा दिया गया है। इस पुल के तैयार होने के बाद पुराने पुल को तोड़कर एक और नए पुल का निर्माण कराया जाएगा। - वेद प्रकाश, सहायक अभियंता, एनएच

स्थानीय लोगों की मांग पर पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री के प्रस्ताव पर शासन से सड़क बनाने की मंजूरी दी थी। सोती पुल के बगल में ही एनएच ने तीन करोड़ की लागत से नए पुल का निर्माण शुरू कर दिया है। तकरीबन छह करोड़ की लागत से दो पुलों का निर्माण होना है। पहले पुल के बगल में नया पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इसके बाद में पुराने पुल को तोड़कर तीन करोड़ की लागत से नए पुल का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक पुल की चौड़ाई दस मीटर व लंबाई 40 मीटर होगी। नए पुल के सामने पड़ने वाली आठ दुकानों को तोड़ने की नोटिस भी दे दी गई है।

शुक्रवार को नए पुल के सामने पड़ने वाली दो दुकानों को जेसीबी से तोड़कर रास्ता बनाया गया है। दोनों पुलों के निर्माण से क्षेत्र के डेढ़ लाख की आबादी के लोगों को जाम से निजात मिलेगी

# दोस्त ने नशीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने की रची थी साजिश, मुकदमा

**संसू, मसकनवा (गोंडा) :** एक युवक को उसके दोस्त ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी हत्या करने साजिश के तहत रेलवे लाइन पर फेंक दिया। होश आने पर उसने घटना की जानकारी अपनी मां को दिया। मां सीता देवी की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

छपिया गांव की रहने वाली सीता देवी ने तहरीर दी है। कहा कि उसके बेटे शिवदीप तिवारी को लोहरौली गांव निवासी पवन पांडेय गत 26 फरवरी की शाम को फोन करके मंदिर के पास बुलाया। बेटे को अपनी कार में बैठा कर कहा कि शिवदयालगंज कटरा स्थित यादव ढाबा चलना है। वहां कुछ दूर जाने के बाद पवन ने उसके बेटे शिवदीप को जूस पिलाया। जूस में पहले से ही नशीला पदार्थ मिला रखा था। जूस पीते ही शिवदीप बेहोश हो गया। सीता देवी का कहना है कि पवन ने उसके बेटे शिवदीप को मारा भी। उसके बाद जान से मारने की नीयत से बभनजोतिया के पास रेलवे लाइन पर लेटा दिया था। मंशा थी कि कि ट्रेन की चपेट में आने से शिवदीप की मौत हो जाएगी और कोई साक्ष्य भी उसके विरुद्ध नहीं मिलेगा।

स्थानीय लोगों ने युवक को रेलवे लाइन पर पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहचान होते ही पुलिस ने उसके स्वजन को घटना की जानकारी दी। सीता देवी ने बताया कि काफी इलाज के बाद जब उसे होश आया तो उसने पूरे घटना की जानकारी दी। शिवदीप ने कहा कि पवन पांडेय उसकी सुनयोजित तरीके से उसकी हत्या करना चाह रहा था। प्रभारी निरीक्षक छपिया सतानंद पांडेय ने बताया कि पीड़ित के मां की तहरीर पर आरोपित पवन के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

# जमीन कब्जाने के प्रयास की शिकायत

**नवाबगंज (गोंडा)।** लव्वाबीरपुर निवासी गंगा प्रसाद तिवारी ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के डिहवा में सड़क के किनारे उसके खाते की जमीन है। सड़क के किनारे जमीन होने की वजह से वह कीमती जमीन है। गांव के दबंग जबरन जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मना करने पर अवैध असलहा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि जांच की जा रही। (संवाद)

# मिलावटी खाद्य तेल मिल पकड़ी 18.73 क्विंटल तेल बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** पूरे शिवा बख्तावर के पास संचालित एनएन मिनी ऑयल मिल से खाद्य तेलों के नमूने लेकर 18.73 क्विंटल तेल सील कर दिया गया। होली त्योहार को लेकर शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त (द्वितीय) विनय कुमार सहाय व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन की अगुवाई में एनएन मिनी आयल मिल का औचक निरीक्षण किया गया।



तेल सील करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। संवाद

संदेह होने पर सरसो के तेल, रिफाइंड सोया ऑयल तथा राइस ब्रान ऑयल के नमूने भरे गए। निर्माण और पैकिंग में अनियमितता पाए जाने पर 1123 किलो सरसों का तेल,700 किलो रिफाइंड सोया ऑयल तथा 50 लीटर राइस ब्रान ऑयल यानि कुल 18 क्विंटल 73 किलो खाद्य तेल सीज कर दिया गया। जिसका बाजार कीमत 2,09,883 है।

इसके अलावा टीम ने करनैलगंज में कमाल की दुकान से बेसन, अमित मिष्ठान्न भंडार बालपुर से खोवा तथा बेलसर रोड स्थित जायसवाल किराना से बेसन का नमूना लिया। बालपुर के अमित मिष्ठान भंडार नोटिस दिया गया।

करनैलगंज के नगरपालिका तथा बेलसर रोड से 80 किलो कचरी तथा 40 किलो चायपत्ती नष्ट कराई गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार, जयप्रकाश, संतोष कुमार मौजूद रहे।

# आठ लाख के जेवर व 54 हजार नकदी चोरी

**करनैलगंज (गोंडा)।** कोतवाली से दो किलोमीटर दूर गोंडा मार्ग पर सालपुर गांव में गुरुवार रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। आठ लाख रुपये के आभूषण सहित 54 हजार नकदी लेकर चोर भाग निकले।

सालपुर गांव निवासी घनश्याम सिंह का परिवार बाहर था। चोरों ने घर का ताला तोड़ दिया और बेड व अलमारी तोड़ दिया। टुल्लू पंप, एलईडी और इनवर्टर भी उठा ले गए। गृहस्वामी के रिश्तेदार विशाल सिंह निवासी चेतपुर देहात कोतवाली ने तहरीर दी।

तकरीबन आठ लाख के सोने-चांदी के जेवरात व 54 हजार रुपये नकदी सहित अन्य सामान चोर उठा ले गए। गांव के विजयशंकर की पत्नी ननका ने बताया कि चोरों ने दरवाजा तोड़ दिया। खटपट की आवाज आने पर आंख खुल गई। जाग जाने से चोर भाग गए। ग्रामीणों के मुताबिक कल्लू सिंह के घर में भी छत के रास्ते चोरी का प्रयास किया गया। एसआई अजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके जल्द खुलासा किया जाएगा। संवाद

# पूर्व सब रजिस्ट्रार सौरभ समेत दस नामजद

गोंडा। कोतवाली देहात में सदर तहसील के तत्कालीन सब रजिस्ट्रार सौरभ सिंह समेत दस लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ। भदुवा तरहर गांव के निवासी प्रदीप पांडेय ने शुक्रवार को जालसाजी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी वसीयत के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मुकदमा लिखा है कि उसके पिता की मृत्यु 2003 में हो चुकी है। पिता ने कोई वसीयतनामा नहीं किया था। तहरीर में कहा है कि आनंद कुमार, सुनीता देवी, विष्णु तिवारी, सुरेश चंद्र, संतोष कुमार, कमलेश कुमार, अरुण कुमार दीक्षित, बृजेश अवस्थी, कृष्ण कुमार और तत्कालीन सब रजिस्ट्रार सौरभ सिंह और कार्यालय के कर्मचारियों से मिलकर फर्जी वसीयत नामा दो जुलाई 1996 को तैयार करके जामवंती के नाम कराया गया। गवाह में सुनीता देवी, विष्णु तिवारी को रखा गया। उसके गांव के ही अधिवक्ता बृजेश अवस्थी है, जो कि उनसे चुनावी रंजिश रखते थे। जामवंती की बहू सुनीता देवी हैं और विष्णु उसके रिश्तेदार है। जामवंती की मृत्यु हो चुकी है। इसी आधार पर सब रजिस्टार ने वसीयत कर दिया। संवाद

# जनशिकायत निस्तारण में मनकापुर कोतवाली अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

## उमरी को द्वितीय व कटरा पुलिस को मिला तीसरा स्थान

गोंडा। जनशिकायतों के निस्तारण के लिए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर कराई सात दिवसीय वोटिंग फीडबैक में जिले के मनकापुर कोतवाली पुलिस अव्वल रही। जबकि दूसरा स्थान थाना उमरी बेगमगंज व तीसरे पर कटरा बाजार थाने की पुलिस रही।

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार के निर्देश पर 11 फरवरी से 17 फरवरी के बीच सात दिवसीय पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के तहत डायरेक्ट पोल, ट्वीट के माध्यम से मिली शिकायतों के निस्तारण, आईजीआरएस, एफआईआर पंजीकरण, पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन के संबंध में जिले के 17 थानों की वोटिंग कराई गई।

कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के लोगों ने वोटिंग कर मनकापुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। वोटिंग फीडबैक में मनकापुर कोतवाली पुलिस को प्रथम स्थान, थाना उमरीबेगमगंज को द्वितीय व व थाना कटरा बाजार ने तृतीय, थाना कौड़िया को चतुर्थ व थाना खोड़ारे पुलिस को पांचवा स्थान मिला है।

# धर्मांतरण करने वाली महिला गिरफ्तार

जरवा (बलरामपुर)। बिना विवाह विच्छेद के ही धर्मांतरण कर दूसरे युवक से शादी करने व बच्चों का खतना कराने के आरोप में शुक्रवार को पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि 30 जून 2022 को ग्राम हलौरा निवासी विष्णु ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि उसकी पत्नी व चार बच्चों को गांव का ही एक युवक अपने साथियों के साथ बहलाकर धर्म परिवर्तन के लिए भगा ले गया है। मामले की जांच में धर्मांतरण का मामला सामने आया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि विष्णु की पत्नी ने बिना विवाह विच्छेद किए ही धर्मांतरण करके दूसरे के साथ शादी कर ली। साथ ही बच्चों का खतना भी करा दिया था। मामले में विष्णु की पत्नी मंजू देवी उर्फ जमीरुन्निशा को शुक्रवार को बनकटवा कला से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-03-2023

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

उतरौला। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव व आरक्षी संदीप निषाद ने अभियुक्त सूर्यभान सिंह उर्फ सूर्यबक्श पुत्र रामापति निवासी बायभीट को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है।

# मारपीट मामले में तीन को तीन-तीन साल की कैद

बलरामपुर : घर में घुसकर मारपीट के मामले में न्यायालय ने गौरा चौराहा के धर्मपुर निवासी गंगाराम, बुद्धराम व पवन कुमार को तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चार-चार हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। (संसू)

# मतांतरण मामले में महिला गिरफ्तार

**संवादसूत्र, बलरामपुर** :जरवा कोतवाली के हलौरा गांव निवासिनी महिला व उसके बच्चों का मतांतरण कराने में शामिल मंजू देवी उर्फ जमीरुन्निशा को जरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह वादी विष्णु की पूर्व पत्नी है। इससे पूर्व मामले के मुख्य आरोपित मौलाना मुहम्मद जमील को पहले ही 10 साल कैद की सजा व उसके साथी मोहम्मद शाहिद निवासी बनकटवा कला एवं कमाल अहमद निवासी पूरनपुर अर्जुनपुर तुलसीपुर की गिरफ्तारी हो चुकी है।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि हलौरा गांव निवासी विष्णु की पत्नी व चार बच्चों का मतांतरण कराने के मामले में मौलाना मुहम्मद जमील व उसके अन्य साथियों पर मुकदमा दर्ज है। शुक्रवार को जरवा पुलिस को सूचना मिली कि विष्णु की पूर्व पत्नी मंजू देवी उर्फ जमीरुन्निशा बनकटवा कला स्थित अपने घर में मौजूद है। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।



# धर्म परिवर्तन मामले में वांछित पकड़ा गया

बलरामपुर। थाना कोतवाली जरवा पुलिस ने विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन करने के मामले में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाने में धर्म परिवर्तन सहित अन्य मामले में अभियोग पंजीकृत है। वांछित अभियुक्त मंजू देवी उर्फ जमीरुल निशा पत्नी जमीर अहमद निवासी बनकटवा कला को गिरफ्तार किया गया।

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज पुलिस टीम ने छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली श्रीदत्तगंज प्रभारी विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव व आरक्षी संदीप निषाद ने छेड़छाड़ के आरोपी बायभीट निवासी सूर्यभान सिंह पुत्र रमापति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# धर्म परिवर्तन में एक और गिरफ्तारी

जरवा। महिला को बहलाकर भगाकर ले जाने व धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने एक अन्य आरोपी को दबोचा है। एसओ दुर्विजय ने बताया कि तुलसीपुर के कमाल अहमद को बृहस्पतिवार को लाल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

# गौरा चौराहा थाना अव्वल, महिला थाना फिसड्डी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

बलरामपुर। पुलिस के कामकाज को लेकर जारी रेटिंग में गौरा चौराहा पुलिस को पहला स्थान मिला है। वहीं, महिला थाना सबसे पीछे है। एसपी केशव कुमार ने थाना प्रभारियों को जनसुनवाई पर जोर देने का निर्देश दिया है।

एडीजी गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने शुक्रवार को जिलों के थानों की रेटिंग जारी की। इसमें गौरा चौराहा प्रथम, हरैया द्वितीय, गैड़ास बुजुर्ग तृतीय, पचपेड़वा चतुर्थ व श्रीदत्तगंज पंचम स्थान पर रहा। पिछले माह की रेटिंग में भी गौरा चौराहा पुलिस को पहला स्थान मिला था।

एसपी केशव कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। यूपी-112 के पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भी निर्देश दिए।

## एनसीसी कैडेटों को कराया सीमा दर्शन

जरवा (बलरामपुर)। एसएसबी 9वीं वाहिनी ने बृहस्पतिवार को कोइलाबास चौकी पर एनसीसी के कैडेटों को सीमा दर्शन के साथ ही शस्त्र प्रदर्शन कराया। प्रतियोगिता में अव्वल कैडेटों को सम्मानित किया गया। कमांडेंट ऋषिपाल सिंह ने बताया कि नेपाल मित्र देश है। कैडेटों को सीमा निर्धारित करने वाले पिलर्स के बारे में बताया गया। शस्त्र प्रदर्शन का अभ्यास कराया गया। शस्त्र की मारक क्षमता के बारे में बताया गया। बाद में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। जिसमें सिद्धांत और ऋषि पटेल को प्रथम स्थान मिला। कृतिका योगी, हिमांशु, राहुल, अपना सिंह, निधि पटेल, मोनिका चौधरी, अमन, अभय, नोमान, विजय ने बताया कि प्रतियोगिता में भारतीय सेना तथा स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित प्रश्न पूछे गए। (संवाद)

# धर्मांतरण करने वाली महिला गिरफ्तार

जरवा (बलरामपुर)। बिना विवाह विच्छेद के ही धर्मांतरण कर दूसरे युवक से शादी करने व बच्चों का खतना कराने के आरोप में शुक्रवार को पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थानाध्यक्ष दुर्विजय ने बताया कि 30 जून 2022 को ग्राम हलौरा निवासी विष्णु ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि उसकी पत्नी व चार बच्चों को गांव का ही एक युवक अपने साथियों के साथ बहलाकर धर्म परिवर्तन के लिए भगा ले गया है। मामले की जांच में धर्मांतरण का मामला सामने आया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि विष्णु की पत्नी ने बिना विवाह विच्छेद किए ही धर्मांतरण करके दूसरे के साथ शादी कर ली। साथ ही बच्चों का खतना भी करा दिया था। मामले में विष्णु की पत्नी मंजू देवी उर्फ जमीरुन्निशा को शुक्रवार को बनकटवा कला से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# मारपीट के मामले में तीन को सजा

**बलरामपुर।** घर में घुसकर मारपीट के मामले में शुक्रवार को न्यायालय ने तीन दोषियों को तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास व चार-चार हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मॉनीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव ने बताया कि छह अगस्त 2010 को बेचू निवासी धर्मपुर पश्चिमीडीह खजुरिया, गौरा चौराहा ने गौरा चौराहा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें उसने विपक्षियों पर घर में घुसकर पीटने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विनोद कुमार पंचम ने प्रकरण की सुनवाई की। न्यायालय ने गंगाराम, बुद्धराम व पवन कुमार निवासी धर्मपुर को तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को चार-चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। संवाद

## बेटियों को किया जागरूक

**बलरामपुर।** वीर विनय चौराहे पर शुक्रवार को मिशन शक्ति के तहत बेटियों को जागरूक किया गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाएं जागरूकता के अभाव में अपने अधिकारों से वंचित रह जाती हैं। बेटियों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तमाम हेल्पलाइन नंबर संचालित किए जा रहे हैं। इन पर फोन करके सहायता ली जा सकती है। (संवाद)

## मिल-जुलकर मनाएं त्योहार

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें देहात कोतवाल राजकुमार सरोज ने लोगों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। त्योहार के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करें। मथुरा बाजार पुलिस चौकी में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में प्रबुद्धजनों व धर्मगुरुओं से लोगों को मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। ललिया सीओ राधारमण सिंह ने कहा कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। (संवाद)

## आत्महत्या के लिए उकसाने में पति गिरफ्तार

**श्रीदत्तगंज।** एसओ विपुल पांडेय ने बताया कि विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दर्ज मुकदमे में कार्रवाई की गई है। आरोपी पति जगदीश प्रसाद यादव निवासी राजेन्द्रगंज गुमड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। तुलसीपुर पुलिस ने नावडीह निवासी मोहम्मद फारूख को वारंट के आधार पर पकड़ा है। बलरामपुर देहात व गैसड़ी की पुलिस ने चार-चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। (संवाद)

## 70 लीटर शराब के साथ चार दबोचे

**बलरामपुर।** होली पर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आबकारी व पुलिस की टीम ने अभियान शुरू कर दिया है। संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कोतवाली देहात तथा रेहरा के कई गांवों में छापा मारा। यहां से 70 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। 400 क्विंटल लहन नष्ट किया गया है। साथ ही साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 04-03-2023

## धार्मिक स्थलों पर पहुंचे डीएम व एसपी

**बहराइच।** रंगोत्सव व शबे बरात पर्व को शांति व भाईचारगी के माहौल में मनाने व अराक तत्वों पर नकेल कसने के संदेश के साथ शुक्रवार को डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसएपी प्रशांत वर्मा प्रशासनिक अमले संग धार्मिक स्थलों पर पहुंचे। विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं संग बैठकें कर शासन के निर्देशों व सद्भाव से पर्व मनाने की अपील की।

डीएम व एसपी शहर के श्री सिद्धनाथ पीठ, मदरसा जामिया मसउदिया नूरुल उलूम, दारुल उलूम मसउदिया मिसबाहिया घसियारी मण्डी, मस्जिद सलारगंज, मदरसा दारुल फिक्र दरगाह शरीफ व गुरुद्वारा पहुंचे। डीएम ने कहा कि पर्व सद्भाव का संदेश देते हैं। कुछ लोग अराजकता फैलाकर समुदायों को लड़ाने काम करते हैं।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बौंडी,बहराइच।** बौंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलीपुर दरौना में शुक्रवार की शाम संदिग्ध हालात में एक विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों को पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के बीबीपुर निवासी मृतका के भाई इमरान अहमद ने बौंडी थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बौंडी थाना क्षेत्र के अलीपुर दरौना गांव निवासी मो. सहजल पुत्र हफीजुल्ला के साथ आठ माह पूर्व मुस्लिम रीत रिवाज के साथ विवाह किया था। हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार को दोपहर उसकी मौत हो गई है।

बौंडी थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि मृतका के भाई की ओर से तहरीर मिली है।पति व ससुर समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बड़े भाई की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बहराइच।** एडीजीसी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के जोत चांदपारा गांव निवासी अभियुक्त की मां व वादिनी मुन्नी देवी ने 10 मार्च 2020 को थाने पर तहरीर देकर अपने छोटे बेटे सुरेश के खिलाफ बड़े बेटे सियाराम की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। एडीजीसी सिंह ने बताया कि मुकदमे में शुक्रवार को अभियुक्त के अधिवक्ता की ओर से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश इंद्र कुमार के न्यायालय पर जमानत अर्जी डाली थी। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने जमानत अर्जी पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद घटना को गंभीर मानते हुए अभियुक्त की जमानत निरस्त कर दी है। संवाद

# परंपराओं से सराबोर थारुओं की होली

## मुखिया को बुकवा का लेप लगाकर करते हैं पर्व की शुरुआत, गहनों से लदी महिलाएं और पुरुष जमकर खेलते हैं होली

राजेश जोशी

[illegible]





[illegible]

### होली से जुड़ी है विवाह की रस्म

[illegible]

# त्योहारों पर सद्भाव बनाए रखें

## डीएम व एसपी ने धार्मिक स्थलों व मदरसों का किया भ्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। त्योहारों को लेकर डीएम व एसपी ने शुक्रवार को धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरानश्री सिद्धनाथ पीठ, घसियारी मंडी मस्जिद सलारगंज, दरगाह शरीफ व गुरुद्वारा में धर्मगुरुओं व जिम्मेदारों से मुलाकात कर सद्भाव बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर मदरसा नूरुल उलूम में कारी जुबेर अहमद ने डीएम व एसपी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### जिला प्रशासन की गाइडलाइन की दी जानकारी

सिद्धनाथ पीठ के महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी जी महाराज ने अंगवस्त्र भेंट कर डीएम व एसपी को आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं, शहर के मोहल्ला सलारगंज स्थित मदरसा दारूल उलूम मसूदिया मिसबिहिया में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया।



बहराइच में शुक्रवार को धार्मिक स्थलों के भ्रमण के दौरान मदरसा नूरुल उलूम में डीएम व एसपी को सम्मानित करते मौलाना। संवाद

### स्थलीय निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराएं

बहराइच। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत लगभग 02 करोड़ रुपये के दावे आए हैं।है। 40 दावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। शेष दावों के संबंध में उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं कि स्थलीय निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराएं। संवाद

बैठक के दौरान मदरसा कमेटी के सदस्यों ने गंगा जमुनी तहजीब कायम रखने का आश्वासन दिया।इस मौके पर मौलाना आरिफ, अब्दुल मन्नान, मोईनुद्दीन, हाजी तेजे खां, जफरउल्ला खां बंटी आदि मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

बहराइच। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के तहत शुक्रवार को हुई परीक्षा के दौरान डीएम, एसपी व डीआईओएस ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन नकलविहीन व शांतिपूर्ण माहौल में होते पाया गया। प्रथम पॉली में आयोजित हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा के दौरान डीएम डॉ.दिनेश चंद्र ने एसपी प्रशांत वर्मा के साथ नगर क्षेत्र के महाराज सिंह इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।

डीआईओएस जेपी सिंह ने पारसनाथ इंटर कॉलेज चेतरा, राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा, पंडित रामहर्ष मिश्र स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महसी तथा रामेश्वर दत्त बाजपेयी इंटर कॉलेज महसी का निरीक्षण किया। संवाद

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में फखरपुर थाना अव्वल

**बहाइच।** पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में थाना फखरपुर को पहला स्थान मिला है। कैसरगंज को दूसरा और महिला थाने को तीसरा स्थान मिला है।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देशन में पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम चलाया जा रहा है।

## कैसरगंज को दूसरा व महिला थाने को मिला तीसरा स्थान

इसके जरिए आईजीआरएस, ट्विटर, डायरेक्ट पोल, एफआईआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन सहित पांच आधारों पर प्रति माह वोटिंग कराई जाती है। जनवरी की वोटिंग में फखरपुर थाने को 76.69% अंकों के साथ प्रथम स्थान मिला है।

कैसरगंज को 74.08%% अंकों के साथ दूसरा व महिला थाने को 73.77% अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला है। आईजीआरएस व एफआईआर फीडबैक में महिला थाना 74.34% अंकों के साथ प्रथम व फखरपुर 70.28% अंकों के साथ दूसरे और जरवल रोड 66.66% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। संवाद

# पति ने ही डंडे से पीटकर की थी पत्नी की हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर भेजा जेल

**रुपईडीहा (बहराइच)।** रुपईडीहा में बृहस्पतिवार को एक महिला का शव बरामद किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को पूछताछ की तो उसने पत्नी की हत्या की बात स्वीकार कर ली।

मानसिक रूप से मंदित युवक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। रुपईडीहा के निधि नगर संकल्पा निवासी प्रमिला (40) का शव गुरुवार को एक आम के बाग में पड़ा मिला था। शव के पास ही खून से सना एक डंडा भी पड़ा मिला था। जांच के दौरान पुलिस को प्रमिला के पति पर संदेह हुआ। शनिवार को पति विनोद को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। विनोद ने बताया कि वह बृहस्पतिवार को प्रमिला के साथ बैंक से रुपये निकालने के लिए निकला था। रास्ते में किसी बात पर विवाद हो गया।

इसी दौरान आम के बाग में पहुंचने पर उसने पेड़ से टहनी तोड़ कर पत्नी को जमकर पीटा। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि युवक मानसिक रूप से मंदित है। उसके विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 04-03-2023

## बावर्दी चुस्त दुरुस्त रहें पुलिसकर्मी

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को रैतिक परेड कराई गई। परेड की सलामी एसपी प्राची सिंह ने ली। साथ ही उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को दूर करने के लिए प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ड्यूटी के दौरान सभी कर्मचारियों को वर्दी में रह कर अपना कर्तव्य निर्वहन करने व जनता के साथ मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। बाद में आदेश कक्ष पहुंच कर गार्द रजिस्टरों को चेक किया। साथ ही गार्द सुरक्षा के बारे में सभी गार्द कमांडरों को निर्देश दिया। संवाद

## 200 ग्राम चरस के साथ एक को दबोचा

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने बाईपास के पास से गुरुवार रात एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 200 ग्राम चरस बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के कटरा बाजार स्थित मोहल्ला चौधरी निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है। संवाद

## कच्ची शराब के साथ एक धरा गया

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने गुरुवार रात सेमगढा के मजरा पूर्वी केवटन पुरवा निवासी बंडल के घर छाप मारकर उसे गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है। संवाद

# 95 ग्राम एंफेटेमिन के साथ दो गिरफ्तार

## नशे के साथ ही मरीजों के इलाज मे होता इसका उपयोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**इकौना (श्रावस्ती)।** जांच के दौरान न्यू मार्डन थाना पुलिस ने 95 ग्राम एंफेटेमिन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। मरवटिया नहर पुल के पास पकड़े गए अभियुक्त इसे कहीं बाहर से खरीद कर ला रहे थे। इस पाउडर का उपयोग नशे के साथ मानसिक रोगियों के इलाज में किया जाता है।

नशे के लिए दवा व अन्य पदार्थों की तस्करी आम है। लेकिन नशे के लिए दवा में उपयोग होने वाले खास प्रकार का पाउडर पहली बार पुलिस ने पकड़ा है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी प्राची सिंह ने बताया कि नवीन मार्डन थाना पुलिस गुरुवार देर रात क्षेत्र में गस्त कर रही थी।

इस दौरान मरवटिया नहर पुलिया के पास दो अभियुक्त पकड़े गए हैं। जांच के दौरान एक के पास से 45 ग्राम व एक के पास से 50 ग्राम नशीला सफेद पाउडर बरामद किया गया है। जांच के दौरान यह पदार्थ एंफेटामाइन है। जिसका उपयोग मनोवैज्ञानिक चिकित्सा में प्रयोग होने वाली दवा बनाने के साथ नशे के लिए किया जाता है। बाजार में 95 ग्राम पाउडर की कीमत करीब बीस लाख रुपये हैं।

पकड़े गए अभियुक्त रामकरन चौधरी निवासी राजगढ़ गुलहरिया व सतीश कुमार शुक्ला निवासी लखाही दाखिला कल्याणपुर के रूप में की गई है। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### तस्करी का नया रास्ता

अभी तक नेपाल के रास्ते जिले में चरस व अन्य मादक पदार्थ आता था। लेकिन चीन के साथ रिश्ते तल्ख होने के बाद दवा बनाने में उपयोग होने वाले कंपोनेंट की तस्करी नेपाल के रास्ते भारत में हो रही है। इसका कारण है कि नेपाल या फिर यूक्रेन से दवा के मुख्य कंपोनेंट की तस्करी होने पर 200-250 प्रतिशत तक ट्रेड टैक्स देना पड़ता है। लेकिन यह नेपाल के रासते आसानी से भारत पहुंच जाता है। इससे राजस्व का तो नुकसान होता है। साथ ही इस कंपोनेंट का उपयोग नशे के लिए किया जा रहा है। पहली बार जिले में इस तरह का कंपोनेंट पुलिस ने बरामद किया है।

# शांतिभंग के आरोप में नौ दबोचे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने गुरुवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# 24 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 24 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 36500 रुपये शमन भी किया। संवाद

# पशु तस्कर गिरोह व पुलिस में मुठभेड़

## एक घायल, चार गिरफ्तार, इंदवा टिकुइया गांव के पास की घेराबंदी

संवाद न्यूज एजेंसी



मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर को ले जाती पुलिस। -संवाद

**श्रावस्ती।** पशु तस्करी करने वाले गिरोह की बृहस्पतिवार रात मल्हीपुर में इंदवा टिकुइया नहर पुल पर मुठभेड़ हो गई। इस दौरान आरोपियों ने कई राउंड फायर किया। जवाब में पुलिस की ओर से की गई फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लगी। इस दौरान पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। सभी डकैती करने जा रहे थे।

मल्हीपुर पुलिस को गुरुवार रात सूचना मिली थी कि एक अंतरजनपदीय पशु तस्कर गिरोह वाहन से कानी बोझी होते हुए इंदवा टिकुइया गांव में डकैती करने जा रहा है। जिस पर पुलिस व क्राइम ब्रांच ने इंदवा टिकुइया गांव के पास बने नहर पुल पर घेराबंदी कर ली। इस दौरान एक पिकअप आती दिखाई दी। पिकअप को जैसे ही पुलिस ने रोकने का प्रयास किया।

उसमें बैठे लोगों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने जब जवाबी फायर किया तो उसमें गोली एक व्यक्ति के पैर पर लगी। जिससे वह घायल होकर वहीं गिर गया। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी करके मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला कि वाहन पर सवार आरोपी राजू व विनोद के ललकारने पर सोनू, रक्षा राम व दादे ने पुलिस पर फायर किया था। सोनू की पहचान इकौना के दीननामगढ़ निवासी के रूप में हुई। इसी के बाएं पैर में गोली लगी है। घायल को सीएचसी में इलाज के बाद संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा भेजा गया है।

वहीं इस मुठभेड़ के बाद राजू गोसाई उर्फ राजू निवासी दिननामगढ़ थाना इकौना, विनोद कुमार उर्फ विजय निवासी गिदरहिया थाना कोतवाली बलरामपुर देहात, रक्षाराम निवासी तकिया गोपालपुर थाना इकौना को भी गिरफ्तार किया गया। जबकि दादे निवासी दीननामगढ़ थाना इकौना मौके का फायदा उठा कर फरार हो गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के बाद पकड़े गए सभी आरोपी अंतरजनपदीय पशु तस्कर हैं। यह चोरी व डकैती में भी कई जिलों से वांछित हैं। आरोपियों के कब्जे से पिस्तौल, गोली, मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

# पत्नी और दो बेटों के हत्यारे को उम्रकैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** इटवरिया के मजरा कहारनपुरवा में पांच वर्ष पूर्व एक महिला व उसके दो बच्चों की गला घोट कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में महिला के पति पर मामला दर्ज कर इकौना पुलिस ने न्यायालय पर चार्जशीट भेजी थी।

अपर जिला सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) ने आरोपी को पत्नी व दो बेटों की हत्या का दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

मामले में अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम इटवरिया के मजरा कहारन पुरवा निवासी चुन्नी लाल ने 08 अप्रैल 2018 को थाने में तहरीर दी थी।

इसमें उसका आरोप था कि उसका भतीजा सूरज, शिखा (25) पत्नी सूरज, सूरज के पुत्र हिमांशु (4) तथा प्रियांशु (3) रात में खाना खाकर सो

## इकौना के कहारनपुरवा में पांच वर्ष पूर्व गला घोंट कर की गई थी हत्या

गए थे। सुबह शिखा, हिमांशु व प्रियांशु की लाश चारपाई पर पड़ी दिखी। जबकि सूरज घर पर मौजूद नहीं था।

सूचना पर पहुंची इकौना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जहां पोस्टमार्टम में तीनों की गला घोंटकर मारने की पुष्टि हुई थी। विवेचना में पता चला कि सूरज ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी और दोनों बेटों की गला दबाकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने सूरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

मामले की सुनवाई के बाद एडीजे एफटीसी अजय सिंह ने आरोपी सूरज कश्यप उर्फ विद्या राम को दोषी मानते हुए सश्रम आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न अदा करने पर आरोपी को तीन साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जिसे पुलिस अभिरक्षा में जिला कारागार बहराइच भेजा गया है।